चन्द वीजं वरं भद्द भद्दं धरं ॥१२३॥
वीय बंध्य धरं किति जंपे सरं।
अस्तु ढुण्ढे फिरं रम्भ बच्छे वरं ॥१२४॥
थान थानं भरं धार धारं तुटं।
भ्रंम वासं छुटं ... ... ॥१२५॥
साह गोरी वरं बग्ग वोले करं।
... ... ॥१२६॥

कवित्त ।

खां खुर सान ततार विभ्भि दुज्जन दल भष्षे।
बचन स्वामि उर घटक्कि झटकि ततषो कर नंषे॥
काजल पंति गज विथुरि मध्य सेना चहुआनो।
भजे मानि जे रारि बियस तेरह चपि प्रानो॥
धामन्त स्तन काढ़ि असी दहति पिष्ष सामन्त भजि।
वर बीर भीर बाहन कहर परे धाइ चतुरंग सजि ॥१२७॥

भुजंगी ।

पच्यो रघ्घुवंसी अरी सेन जाड़ो।
हुतौ बाल वेसं सषं लज्ज डाढ़ो॥
बिना लज्ज पष्षे सचो ढुंढि पिष्षो।
मनों डिम्भरू जानि कै मीन झष्षो ॥१२८॥
पच्यो रूक रिन् बट्ट अरि सेन माहो।
मनो एक तेगं झरी नीर दाहो॥
फिरैं चण्ड बड्डे उपम्मान बट्ठे।
विम्बंकम्म वंसी कि दारुन गट्ठे ॥१२९॥
परे हिन्दु मेच्छं उलथ्थी पलथ्थी।
करे रंभ भेरं ततत्थे ततत्थो॥
गहे पत्त गिद्धं बरं जे करालो।

मनो नाल काटैं कि सोभै मृनाली ॥१२०॥
तुटे एक टंगाटि कै अग्ग धायौ।
मनों विक्रमं राइ गोविन्द पायौ॥
गहै हिन्दु हत्थं मलेच्छं भ्रमायौ।
जनौं भीम हत्थीन उप्पम्म पायौ ॥१२१॥
ननं मानवं शुद्ध दानव्व ऐसो।
ननं इंद तारक्क भारथ्थ कैसो॥
झर्का बज्जि झंकारयं झंपि उट्टै।
बरं साइ पर्खं कर्भं पख्ख कुट्टै ॥१२२॥
मनो सिंघ उभ्भै भरज्झन्त छुट्टै।
रनं देव साई सए आव पुट्टै॥
घनं घोर टुट्टं उतक्कंठ फेरी।
लगे झम्मरें हंस हल्लार एरी ॥१२३॥
तुटे खण्ड मुण्डं बरं जो करेरी।
बरहाइ रोभैं दुन्नं दिन्न भेरी ॥१२४॥

कवित्त।

पच्छै भी संग्राम अग्ग अच्छर बिच्चारिय।
पुच्छै रम्भ मेनिका अज्ज चित्तं किम भारिय॥
तब उत्तर दिय फेरि अज्ज पहुनाई आइय।
रथ्थ वैठि भौथान्त सोभ तन कन्त न पाइय॥
भर सुभर परै भारथ्थ भिरि ठाम ठाम चुप जीत सथ।
उथकीय पन्थ छलै चल्यौ सुथिर सभौ देषीय नथ ॥१२५॥

कुण्डलिया।

कहैं रम्भ सुनि मेनकनि एरहु जिन मत जथ्थ।
षरिय अनंमति जानि करि जुति आवें ग्रह रथ्थ॥
जुति आवें ग्रह रथ्थ ब्रह्म शिवलोकह छण्डी।

बिम्ब लोक ग्रह करै भान तन सों तन मच्छो ॥
रोमचि तिलक बलि करी इन्द्र बधू पूजन जहीं ।
चौपक्ष जोग नन दुष बहुरि भव तारन बरहै कही ॥१२६॥

कवित्त ।

षां हुसेन ढरि पञ्चौ अत्र फुनि पञ्चौ सार बहि ।
भुजभुक फेरि सति सीव षान उजबक षेत रहि ॥
षां ततार मारूफ षान षाना घट घुम्मे ।
तब गोरी सु विहान आइ दुज्जन मुष भुम्मैं ॥
कर तेग झलिं मुक्षिय सुबर नहि सुलतानह पन करी ।
अदिहार दोह पलटे सुबर तबहि साहि फिरि पुकरी ॥१२७॥
तब बाहिब गोरी नरिन्द सतबान समाहिय ।
पहिल बान बर बीर हने रघुबंस गुसाँइय ॥
दूजै बानत कण्ठ भीम भट्टी बर भज्जिय ।
चाहुआन तिय बान षान षढं धरि अज्जिय ॥
चहुआनक मान सु संधि करि तीय बान हथ हथ रहिय ।
तब लग्गि चम्पि प्रथिराज नें गोरी वै गुज्जर गहिय ॥१२८॥
गहि गोरी सुरतान षान हुस्सेन उपाञ्चौ ।
षां ततार निसुरत्ति साहि झोरी करि डाञ्चौ ॥
चामर छत्र रषत्त तषत लुट्टे सुलतानी ।
जै जै जै चहुआन बजी रन जुग जुग बानी ॥
गज बन्धि बन्धि सुरतान कों गय ढिल्ली ढिल्ली नृपति ।
नर नाग देव अस्तुति करैं दिपति दीप दिव लोक पति ॥१२९॥

दूहा ।

समै एक बत्तो नृपति बर छंचौ सुरतान ।
तपै राज चहुआन यों ज्यों ग्रीषम मध्यान ॥१४०

कवित्त ।

मास एक दिन तीन साठ सहट में बंधौ।
करिय अरज उमराउ दष्ष हय मझ्झिय सुधौ ॥
हय अमोल नव सहस सत्त से दिन ऐराको ।
उज्जल दन्तिय अट्ठ बीस सुर ढाल सु जक्को ॥
नग मोतिय मानिक नवल करि सलाह संमिल करि ।
परि राइ राज मनुहार करि गज्जनवै पठयौ सु धरि ॥१४१॥

II. NALHA.

Nalha is not mentioned in the Modern Vernacular Literature of Hindustan. According to the Misra Bandhu Vinod, Nalha was a Raja and composed his Bisaldeva Rasau in 1354 V.E. corresponding to 1297 A.D.

The date of the composition is given in the following lines :—

बारह सौ बहोत्तरां मंझारि जेठ बदी नवमी बुधवार,
नाल्ह रसायण आरंभइ, सारदा तूठी ब्रह्मकुमार ।

The date is clearly 1272 not 1220 as the Misra Brothers say, and their calculation showing that the date is inaccurate is therefore based on wrong data.

1272 V.E. will correspond to 1216 A.D. and we have reason to believe that Nalha was a contemporary of Bisaldeva. The book is in four parts. Part I deals with the marriage of Bisaldeva of Sambhar with Rajwati daughter of Raja Bhoj of Malwa. Part II discribes the departure of Bisaldeva on a conquering expedition to Puri whose Raja acknowledged him as his suzerain. Part III depicts the sorrow of Rajwati during the absence of Bisaldeva and the latter's return. Part IV describes Rajwati's departure to her father's house and Bisaldeva's visit to Malwa to bring her back to Ajmere. Bisaldeva is the same as Vigraharaj IV who reigned from 1153 to 1164. The famous Prithviraj was the son of his brother Someswara.

Vigraharaja himself was a great poet and was a patron of learning. His work Harakeli Nataka, (composed in 1220 Sambut) parts of which inscribep on stone slabs are preserved in the Rajputana Museum, Ajmer, is described in the Indian Antiquary Vol. xx, p. 201, where Dr. Kielhorn says: "Actual and undoubted proof is here afforded to us of the fact that powerful Hindu rulers of the past were eager to compete with Kalidasa and Bhavabhuti for poetical fame." According to the Bijolian inscription (verse 22) Vigraharaja conquered Delhi. The Delhi Siwalik Pillar inscription of 1164 A.D. says that he conquered the country between the Vindhya and the Himalaya Mountains and cleared the country of Aryavarta of the Musalmans and again made it Aryavarta, the abode of Aryas. "(J.R.AS. 1913 p. 276 note).

The book Bisaldeo Rasau is in the old Rajputana Hindi and every difficult word has therefore been explained in Hindi.

नल्ह रचित—बीसलराउ रासो।

प्रणमू हणुमन्त अञ्जनी पूत
भूल्यो अखीर आंणज्यो सूत।(१)
कर जोड़े नरपति कहंइ
धार थी(२) आवज्यों भोज नरेश।
मातु पिता मिलावड़ो(३)
सांभल्या रास(४) होई पुन्य प्रवेश ॥१॥
रांनांदे मोली यों सुरिज भरतार।
रुक्मिणी मिलो ज्यों कृष्ण आधार॥
चन्द्र मिल्यों ज्यों रोहिणी।
नाल्ह रसायण नर भणई।
राणी मिली राय नर्‌यन्द ॥२॥
गढ़ अजमेरा उत्तिम ठांई।
राजकरै बीसल दे राई।
चउरास्या(३) जे कई अति घणां,
राज कुम्बर आव्या(४) सब कोई,
भीत रतै राजा तरी(५)
मान अधिक दियो सब कोई ॥३॥
बोलै बीसल दे परधान।
राय कुम्बर आयो बहुमांन।
राज कुंवर तेड़ावीयौ(६)
पा पटोला कूंलह कवाई,
दीधो(७) सोनो सोलहो(८)
खिलकोट दीधी तिणीठाई ॥४॥

---

१ सूत मे। २ से। ३ मिलन। ४ सुननेसे। ३ सामन्त। ४ आया। ५ पास।
६ टेराना, बुलाना। ७ दिया। ८ सोलवां सोना—उत्तम सोना।

राय कुंवर बन्ध्यो सिर मौर,
बारागढ़ सुदुरंग चीतोड़,
राय भतीजो थापियो,
गढ़ अजमेरा उतिम ठांय
कर जोड़े नरपति कहई,
राज करै तईं वीसलराय ॥५॥
कुंवर सन्तोष्यो मन हरष्यो राई,
धार नगरी बधाउ आई ॥
तेड़ो(१) प्रोहित राय को,
चीटी(२) लिखी आप छिइ(३) हाथ,
धार नगरी थे गम करौ(४)
राजा भोज चिठी ले आयो साथ ॥६॥
आईस दीधौ(५) वीसलराई।
प्रोहित पीम लायो(६) तिणी ठाईं ॥
लै महूरत द्विज चालियो,
का वीस दियो छइ राई,
बांटइ भीण्या लिण करउ(७)
पवन वेग जोण थानीकि आई ॥७॥
चल्यो प्रोहित मालगिर(८) देश,
वस्त्र कपंवर(९) अरु भलावेश,
छांय का॰ ॰॰ल झलमलइ,
ब्राह्मण वेद भणइ भुणकार,
राति दिवस करि चलीयइ
पन्नरमई(१०) दिवस पहुंचो तिण ठांर ॥८॥
कोट को सीसा(११) नयर वीसाल,
धार नगरी महं गमकरेउ,

---

१ टेरा—बुलाया २ चिठ्ठी। ३ अपने। ४ गमन। ५ दिया। ६ भेजना। ७ कर से, हाथ से। ८ मालव गिरि मालवा। ९ कषायांबर मगक। १० पंद्रहवें। ११ दुर्गम।

नयर नीरुपम रूवड़ी(१)
सरब सोनारी(२) पोल(३) पगार,
माथे तिलक केसरितणो(४)
आइ पहुंचो सींहदुवार(५)
आग्रणराज कीयो प्रवेश,
सेईं विजोरो द्विज मिल्यो ही नरेश,
राज जमाईं घरि आवीयउ (६)
उठयो राइ गयो रणवास,
अन्तेवर(७) सहु(८) को कियो,
राजमती को पूरी आस ॥१०॥
आयो राजा सांभल्यो(९) राईं,
ततखण बल्यउ(१०) निसाणों घाव,
राजा भोजइ उछव हुवउ,
आग्रण दियो बहुत बसाव(११)
जोष संजोगी सुणा वियउ(१२)
सुणी बचन हरख्यो मनराय ॥११॥
राजा भोज बोले तिणी ठाईं,
देश देसांरा तेडावो(१३) राईं,
तोरं मोइणा(१४) दल मिलइ,
वाजइ पडइ पखावज भेर,
असी सहस्र हाथी गुड्या(१५)
भाणु न सूझइ उठी रज रैण ॥१२॥
वाजइ पड़इ पखाउज पूर,
ठेरत निसाण राजैं रणतूर,
वीर घण्टा तहां रणभुणइ,

---

१ रूरा सुदरा। २ सोनेका। ३ पैरी। ४ का। ५ सिंहद्वार। ६ आया।
७ अन्तःपुर। ८ सब। ९ सुना। १० बोल्यो। ११ प्रसाद, इनाम। १२ सुनाया।
१३ बुलावो। १४ अक्षौहिणी। १५ चलि।

मेघाडम्बर छत्र सिर दियो राय,
अन्तर वासउ हो दियो मोलांव(१) ॥१३॥
दुर्ग चीतोड़ सुशोभित ठाई,
ततखण राय पहुंच्यो जाई,
ठाम ठाम हुरो हुवा,
भोजन भगति करइ तीणी(२) वार,
साथे चालइ राव की
गढ़ अजमेरा पहुंच्यो जाई ॥१४॥
चिहुं खण्डा का मोलीया छइ राय(३)
गढ़ अजमेरा पहुंच्यो जाई,
आगइ प्रोहित चालियउ।
जाइ उमोरह्या(४) सींह दुवार,
राजमती देइ बधामणी(५)
आयो राजा भोज पँवार ॥१५॥
राजा भोज आयो यो तिणी ठाई,
सामुहे आयो छइ वोसलराई,
गढ़ अजमेरा राजी थी,
राजा भोज ने वीसलराई,
दोई राजा मेलावड़ी(६)
राजा भोज चल्यो गढ़ माहिं ॥१६॥
राजा भोज आयो तिणी ठाईं,
राजमती हरषी मन माहिं,
कुंवर मीलइ जाई बाप हुई,
लेइ उछंगति(७) भोज कुमार,
कुशले पुत्री है मील्या,
आज जनम राजा सफल संसार ॥१७॥

---

१ डेरा, स्थान। २ उस। ३ हैं। ४ भिडना, खड़ाहोना। ५ बधाई। ६ मिलाप किया। ७ उत्सङ्ग से।

घणी भगति करै सांभरयो(१) राव,
पाट पटोला कुलह कबाई,
ऊछल मोत्यां सौं पूरयो,
भोजन भगति करै तिणी ठाई,
कर जोड़े नरपति कहइ,
राजमती मुकलावउ(२) राव ॥१८॥
भोज कुंवर मुकलावी राय,
आंतर वासो दियो तिणी ठाईं,
मान अधिक तहां आपीयो(३)
कुंवर बोलावै बीसल राय,
राई बुलावै वाहुड़या(४)
जाइ मिलांण दियो तिणी ठाईं ॥१९॥
राजमती ले आयो राई,
देश मालागिर(५) सेन पठाई,
थाणै आपो राव आपणौं
घर घर तोरण मंगल चार,
घर घर गुड्डी ऊछली(६)
हुवउ बधावउ(७) नगरी धार ॥२०॥
कुंअरी गई अन्तेवर(८) माहिं,
पाट महादे (९) राणी मिलै छै माई.
अन्तेवर सब को मिलई।
मिल्या सहोदर(१०) भोज कुमार,
नयणां ते आंसू खेरीया(११)
राजमती मिली तिणिंवार ॥२१॥
अन्तेवर माहीं रमई राजकुमारि,
दुख सुख माई पूछइ तिणीवार,

---

१ सांभरका। २ भेजो। ३ अर्पण किया। ४ बहुरकै पुन:। ५ मालवा। ६ गुड्डीउछलना आनन्द बधावा होना। ७ बधावा। ८ अन्त:पुर। ९ महादेवी भोज की राणी। १० सहोदर। ११ गेरिया गिराया।

काही पुबी राई किमि गयउ,
रंग भरी रयणी माझीयो(१)खेल,
महीबीष(२) जीमइ मोवसई,
एकै वचन थी चाल्यो भेल्ही(३) ॥२२॥
श्रावण मास सुहावणो होई,
सखी सहेली खेलैं सब कोई,
कुम्वर रमइ राजा भोज को,
पहिले श्रावण खेलवा जाई,
सही(४) समाणी(५) सबमिलीं,
कहि कुम्वर की सी बीसल राई ॥२३॥
राई भली ओसी पुन्यमचन्द
गोकल माहिं सो है जिमि गोविन्द,
ईसो राजा सो भरि तिणी,
राय मूगट(६) रायां सिर मझ,
चउराखा जे के उलगे,
राय बदन जैसे पूरण चन्द ॥२४॥
आसोज(७) मास सुहावन उ होई,
घर घर पूज करे सब कोई,
पूजी देव्यां मन हरषियो,
वह मांदल(८) वाजइ तिणी ठांई,
दीवाल्यां(९) कइ आगही,
धूरि दरावै चाल्यो राय ॥२५॥
धूरि दसरावै(१०) चाल्योराव,
वाजित्र वाजई निसाणो घाव,
चउराखा सहु(११) आवीय।
सात सै हांथी मत्त गयन्द,

---

१ मचाया। २ अहिविष सांप। ३ छोड़कर। ४ सखी। ५ स्वामिनी। ६ मुकुट।
७ आश्विन। ८ मन्दिर। ९ देवालय। १० दशहरा। ११ सब।

असी सहस्स साहण(१) मोलै,
राइ दीसइ जैसे पून्यम(२) चन्द ॥२६॥
मिल्या चौरास्या राणों रांण,
जाइ वल्लेरइ दियो मिल हाण(३)
गढ़ अजमेरां राजीयौ,
मेघाडम्बर सिर छत्र दियो राइ,
भाट वाडद(४) तहां उच्चरैं,
धनि धनि हो वीसल चहुवांण ॥२७॥
चल्यो राय दियो बहुमान,
काथा सुपारी पाका पान,
वलणे(५) चाल्यो राइ आपणइं,
हियठह हरख मन रंग अपार,
सुभर सेना राज तणी,
जाइ कै पहुंची माण्डव(६) धार ॥२८॥
धारा नगरी वीसलराव,
सामहौ(७) आयो भोज पंवार(८)
कुशल रस प्रसन्न हुवौ,
दासी दी कौला(९) मिलौ तिणि ठाइ,
नगर लोक सब को मिल्यो,
जाइ जुहाल्यो वीसलराव ॥२९॥
धनि जननी जिंन जायो वीसलराव,
वीसल सम नहिं कोई भुआल,
रूप अपूरब पिखियौं,
लांबण लांडु अरी पकवान,
सेना सहित राई जीमियो(१०)
राइ भतीजी भोज दे बहु मान ॥३०॥

१ घोड़ा। २ पूर्णिमाक। ३ डेरा। ४ विरुदावानी। ५ दलावा में; पहुनाई।
६ राजाका। ७ मखला। ८ सामने। ९ राजा। १० कौलादेवी नाम की दासी।
११ जीमना भोजन करना।

राजा भोज बोलइ तिणी ठांई,
पाटी बैठारयो बीसल दे राई,
गढ़ अजमेरा राजीयो,
माणिक मोती चौक पुराई,
दीया चीरोदक(१) पइहरणाइ,
राजकुँवर बैसाडी आंणी(२)
मोती का आषा(३) किया,
अन्त वर सहु जोवइ(४) छइ राई ॥२१॥
करि पहिरावण भोज संजूत,
दीधां पेई(५) भरी वहल,
हाथी दीधा अति घणां,
पाखरया दीधा तरल तुषार(६)
पहिरावण राजा करी,
उछव गुडी भोज दुवार ॥२२॥
अन्तेवर सहुं मिल्यइ कुवांर,
दीधा मोती नवसर हार,
कूंकूं(७) काजल सयल संजूत,
खाओ पीओ घरि आपणइ,
अविचल राज करउ बहुत ॥२३॥
राजमती मुकलावी राई,
पाट महादेराणी वदन कराई,
कुंवर चली तो घर आपणांइ,
बाजइ घडहड परवाउज भेर,
भोज बोलावे वाहुडयो,
चल्यो राजा गढ़ अजमेर ॥२४॥
बाजइ गुहरि निशाणे धाव,

---

१ चीरोदक एक=प्रकार का बारीक और बहुमूल्य वस्त्र। २ पास। ३ अक्षत।
४ देखता है। ५ सन्दूक पेटारी। ६ १ घोड़। ७ कुमकुम।

दुरंग चीतोड़ पँहुच्यो राई,
अन्तरवासइ गम कियो,
सांभर घबँ आवीयो राव।
चीराखा सहु वाहुंड्या,
ठामि ठामि घर आव्यो कहइ राव ॥२५॥
गढ़ अजमेर पहुंची आई,
बाजिब बाजई निसाणो घाव,
गढ़ माहिं गुड्डी उछली,
कुँवर सहित लागै छड़ पायं,
राई अवासां सञ्चल्यो
सेज पधारयो सांभर राव ॥२६॥
राजमती धन का यों सिङ्गार,
गल पहिरयो टङ्काउली हार,
पहिर पदारथ कांचुवड़,
कहइ न नाल्ह सारद की दास,
राजा राणी सों मिलइ,
पढ़इ सुनइ सब पूरइ आस ॥२७॥
गयो रसायण लीलविलास,
नाल्ह कहै सब पूज्यो आस,
रास रसायण उपजई,
गढ़ अजमेरा उतिम ठाइँ,
नाल्ह रसायण आरंभई,
रास चवी(१) तिणि वीसलराई ॥२८॥
सांझ समय धन कियो सिङ्गार,
सिरइ महमद(२) गलमती हार,
कानि कुण्डल दाढ़ीमां(३)
पहिरी पटोली झीणई(४) जंकी(५)

---

१ प्रगट किया। २ महामद, मृगमद। ३ दाड़िम। ४ महीन। ५ संकय।

कूं कूं भरी कचोलड़ी,
बाधिनो सेज चदोईं जाई,
स्वामी छइ सांसो(१) पड़यो,
भीणो(२) करणांणो उपमजाई ॥३८॥
चौथा(३) कोलेइंगो भूनाको तांव,
ठमकि ठमकि धनि दे छइ पांय,
आवो अवांसइ(४) मांचरो(५)
हिय उइ हरषि मनरंग अपार,
धन दोहा उउ(६) आज कउ,
कुँवर जगायउ छइ वीसलराव ॥४०॥
जब लगि महीयल(७) उगइ सूर,
जब लग गंग बहइ जलपूर,
जब लग पृथमी में जगन्नाथ,
जाणो(८) राजा सिर दीधो हाथ,
रास पढ़ंतो राव को,
वाजइ पडह पखाउज भेर,
करजोड़े नरपति कहइ,
अविचल राजकियो अजमेर ॥४१॥
ज्यों तारागण मिलियो चन्द्र,
गोवल माहि मिलइ जिमि गोविन्द,
ज्यों उलोगांणइ घरी मिल्यो,
गढ़ि उलि गांणइं कीधों वास,
मनं का मनोरथ पूरव्या,
भणइं सुणइं तिणो पूरन्यो आस ॥

इति राजा बीसलदे रानि राजमती विवाह सम्पूर्ण भवति।

१ जिसकी। २ एक वस्त्र। ३ आवास। ४ सवार किया। ५ दिन। ६ महीतल। ७ जिस।

III. KESHO DAS.

Kesho Das is known to us as the suthor of Ramchandrika and as the first of those writers who devoted themselves to the technical development of the art of poetry and as he is one of the greatest masters of the poetic art and his works are masterpieces of Hindi literature, he will be noticed under each of these heads. His work Birsingh Deva Charit has been discovered lately and an extract is added to this part. In some of his works we find scattered verses in honour of his patrons and the most famous of them is the one in praise of Raja Birbal. *

पावक पंछि पसू मग नाग,
नदी नद लोक रच्यो दस चारी।
केशव देव अदेव रच्यो नर-
देव रच्यो रचना न निवारी।
रचिके नरनाह बली बरबीर,
भयो कृतकृत्य महाव्रतधारी।
दै करतापन आपन ताहि,
दियो करतार दूहूं कर तारी॥

According to Misra Brothers he was born in Orchha in about 1612 V.E. and died in 1674 V.E. He was attached to the court of Raja Madhukar Sah of Orchha and afterwards of his son Indarjit. Indarjit was also a poet and wrote under the name of Dhiraj Narind. The famous courtezan Parbinrai Paturi was a mistress of Indarjit and it is said that Akbar on hearing of her accomplishments ordered Indarjit to send her to the Imperial court. Indarjit disobeyed and was fined one crore rupees. Kesho Das had a secret audience with Birbal the minister of Akbar, and recited the verse referred to above. Raja Birbal is said to have given the

poet six lakhs for this single stanza and got the fine remitted. Parbin Rai had nevertheless to appear before Akbar. Akbar asked her to stay whereupon the courtezan with a ready wit replied.

बिनती राय प्रबीन की सुनिये साह सुजान ।
जूठी पतरी खात हैं बारी बायस स्वान ॥

Akbar was pleased with the reply and permitted her to depart. We have reason to believe that Parbin Rai also patronised Kesho Das and it was at her request that he wrote the Kavipriya.

BIRSINGH DEVA,

In 1592 Birsingh Deva raised an insurrection, in which he was assisted by Indarjit and Partab Rao. They wrested Bhanrer and Pawain from Hasan Khan, Karhara and Berchha from Harduar Panwar, and Irichh from Abdullah. On learning of this Akbar despatched Daulat Khan, whom Raja Ram Sah joined. The Raja reduced Birsingh Deva to terms and brought him to Daulat Khan, and then returned to Orchha, while Daulat Khan went on to the Deccan accompanied by Birsingh Deva and the Raja's eldest son Sangram Sah. But before long Birsingh Deva on the pretence of hunting returned to his home in Baroni against the orders of the Imperial Commander. Daulat Khan marched after him, but on seeing that he was assisted by Bhupal Rao, Partap Rao and Indarjit, abandoned the idea. Shortly after this Akbar arrived at Narwar by way of Gwalior, and directed Raja Ram Sah to either present before himself Birsingh Deva and Indarjit, who had in the interval stormed the forts of Narwar and Gwalior, or punish them severely himself.

Ram Sah with the aid of the Kachhwahas and Pathans went to Baroni, and after a few days' resistance succeeded in expelling Birsingh Deva thence. In this contest however Jugrup Kachhwaha a man of some note, was killed. As soon as Ram Sah withdrew, Birsingh Deva recovered possession of Baroni. But he very soon left it finding it not a safe place for him so long as Akbar and Ram Sah were his enemies. He accordingly went to Prayag to see Selim (known as Jehangir after his accession). He was a son of Akbar and at that time Subadar of Allahabad and in revolt against his father. Selim received him with great favour and directed him to murder Abul-Fazl, who was then returning from the Deccan. This he accordingly did, and on the 9th Katik 1660 V.E. (A.D. 1603) killed the famous minister, midway between Narwar and Antri. Akbar was greatly enraged at the murder, and sent many chiefs under Tripur Kshattri with a powerful force to capture Birsingh Deva; this force he ordered Sangram Sah the son of Ram Sah to accompany. Birsingh Deva was besieged in the fort of Irichh, but after a few days resistance, fled by night and went to Prayag. Selim received him with great favour and promised to make him Raja of the whole of Bundelkhand as soon as he should ascend the throne. Birsingh Deva lived for a short time in Prayag, and then returned to Bundelkhand, where joining with Sangram Sah he openly revolted and expelled Hasan Khan from Bhanrer and Kharag Rao from Lachhura.

The brother of Kharag Rao, who had been killed at the time of the expulsion, appealed to the Emperor who ordered Indarjit to proceed with a powerful army promising to give him the whole of Bundelkhand if he should defeat Birsingh Deva and Ram Sah. Indarjit

begged that the Emperor himself should accompany the force and would have obeyed the Imperial order but that he was unwilling to ruin his eldest brother and make himself master of the kingdom. The Emperor dismissed him and sent Tripur Kshatri with a large army to Orchha. When the General reached Gwalior, Rajsingh and Ramsingh Kachhwahas, the Bhadoria Raja, the Chauhan Raja and the Jats joined his camp. As soon as the army reached Datia, Hasan Khan and Khwaja Abdullah joined it. In 1602 on the banks of the Betwa the conflict took place. The battle lasted several days between the Bundelas and Sangram Sah, Indarjit, Partap Rao, and Birsingh Deva on the one side and the Imperial army on the other. Sangram Sah was killed but the Bundelas were victorious, Indarjit being specially distinguished for his gallant conduct in taking the enemy's standards. Rajsingh Kachhwaha who was with Tripur's force was wounded and captured by Birsingh Deva but Ram Sah sent him back to the Emperor's army with respect and honour.

Shortly after Akbar died and Salim succeeded him assuming the title of Jahangir. He summoned Bir Singh Deva, who with Bharat Sah the grandson of Ram Sah and Indarjit went to Delhi. The Emperor bestowed on him the title of Maharaja and gave him a sanad appointing him ruler of the whole of Bundelkhand.

Birsingh Deva was well acquainted with the Dharm Shashtra and laws generally. He was mindful of the sin he had committed in usurping his brother's kingdom, and feeling great remorse, in penitence made nine pilgrimages, and offered innumerable sacrifices. In Bindraban alone he presented 81 maunds of gold, a gift remembered to the present day. At Datia he built a grand palace at a cost of Rs. 36,90,980, which is still

a notable structure. On one occasion by order of the Emperor, he attacked and overcame the Rajas of Rewa and Narwar. In 1613 he erected a temple in Brindaban at a cost of 30 lakhs. He performed the Tarian Birt, and listened for seven days to the recitation of the Maha-purana. He was famed for his strict justice; in this connection it is told of him that one day his eldest son Jagat Deva when hunting, allowed his hound to kill a Brahma-chari or hermit. On hearing thereof the Raja summoned his son to him, and put him to death for having caused the death of an innocent devotee. *

The extract describes the battle on the banks of the Betwa and is taken from the Kashi Nagari P. Sabha's edition of Birsingh Deva Charit, with the kind permission of the Sabha.

बीरसिंह देव चरित।

दान लोभ विन्ध्यवासिनी संवाद।

दान उवाच।

सुनहु जगतजननी मति चारु।
साहि कियौ पुनि कहा बिचारु॥
साहि सहिजादे की बात।
कहियौ हमसों उर अवदात॥

---

* History of Bundelkhand by the C.A. Silberrad J.A.S.B. 1902, p. 112.

श्रीदेव्युवाच ।

जबहिं त्रिपुर घर के मग लगे ।
जहां तहां के थानें भगे ॥
सूनो जानि भंडेरि* सुकाम ।
बैठे आइ साहि संग्राम ॥
गये साहि पर साहि सलेम ।
भयौ साहि के तन छेम ॥
दतिया राखे बिरसिंहदेव ।
असनेहे मैं हरसिंहदेव ॥
खड़गराइ सों भौ संग्राम ।
जूझे हरसिंहदेव बलधाम ॥
बीरसिंह सुनि कीनो रोस ।
मन ही मन मान्यो बहु सोस ॥
भइ यहि समै प्रीति अति नई ।
बिरसिंहदेव संग्रामैं भई ॥
तब संग्रामसाहि हिय हेरि ।
बीरसिंह को दई भंडेरि ॥
बीरसिंह संग्रामहिं ऐन ।
कह्यो लचूरागढ़ लें दैन ॥
खड़गराइ खल खरो जिहान ।
महा मत्तमातङ्ग समान ॥
बीरसिंह बरता पर चढ्यो ।
बन्धुबरग बहु बिग्रह बढ्यो ॥
तज्यौ लचूरा आवत दीठ ।
चमू चली ताकी परि पीठ ॥
बच्यो लौटि अमिलौटा गाँउ ।
खड़गराइ जूझ्यो जिहि ठांउ ॥

---

* Bhander in Jhansi District.

जूझ्यो तब ताकौ परिवार।
काटे सिर सब तज्यौ बिचार॥
लीनौ जीत लचूरा ग्राम।
बैठारि तहं साहि संग्राम॥
मूड़ काटि दै घाले तहां।
साहि सलेम छत्रपति जहां॥
अकबरसाहि सुनी यह बात।
मूड़ देखि सुख पायो तात*॥
उपज्यौ रोस सुनत ही बात।
जालिम जलालदीन के गात॥
पठ्यो तहं काछवाही राम।
साहि सलेम जहां बलधाम॥
करि तसलीम समै जब लह्यौ!
बचन निवारि राम सब कह्यौ॥
दुहूं दीन प्रभु साहि जलाल†।
तुम ऊपर अति भये क्रपाल॥
तुम सुख सकल साहिबी करौ।
सत्रुन के सिर पर पग धरौ॥
बीरसिंह बासुकी गनेहु।
जो तुम सुख सरीफखां देहु॥
हय गय माल मुलक उमराउ।
इन पर कीजै प्रगट प्रभाउ॥
इतनौ बचन कहत ही राम।
साहि सलेम हंसे बलधाम॥
रामदास सुनु मेरी गाथ।
यह साहिबी ईसके हाथ॥
स्वर्ग नरक दस दिसि धाइये।

* पुत्र † Jalaluddin Mohammad Akbar.

काहू को न दई पाइये ॥
रंकहि राजा होत न बार ।
राज रंक भयेते अपार ॥
जो मैं कत उपजावत छोभ ।
याको हमैं दिखावत लोभ ॥
बाबाजू के पग उबरे ।
अपनो सीस निछावर करै ॥
बीरसिंह अब बासकि भूप ।
सुनि सरीफखां बुधि अनूप ॥
हमहूँ देत कैसो देखिये ।
ज्यों हजरति को सुत लेखिये ॥
रामदास तब ऐसो कह्यो ।
अब सरीफखां बासकि रह्यो ॥
अपने घर में सुख कीजेंई ।
राजा बीरसिंह दीजई ॥
सुनि सुनि साहि कह्यो बुधिलह्यो ।
रामदास ते नीको कह्यो ॥
मेरो बीरसिंह जो होइ ।
तोमैं साहि देंउ पति खोइ ॥
मन क्रम बचन चित्त यह लेखि ।
मोकहु बीरसिंह कहु देखि ॥
देन कहत जगती को राज ।
ता कहं तू चाहत है आज ॥
वाके साथ बिपति बहु परौं ।
वा बिनु राज कहा लै करौं ॥
तू मेरो सदई सुख कारि ।
और जो होतो डारौं मारि ॥
जाहि वेगि, जो चाहत छेम ।

चले कूंच को साहि सलेम ॥
कह्यो कूचपै कूच सभाग ।
गयो प्रगट प्रभु तुरत प्रयाग ॥
रामदास सब ब्यौरा कह्यो ।
समुझि साहि सुनि चुप ह्वै रह्यो ॥
तेही समय गयो अकुलाइ ।
खड़गराइ को लहुरो भाइ ॥
करी साहि सो आइ फिरादि ।
अम्बिका अनाथन दीजै दादि ॥
साहि मुरादि अबै उत गये ।
रामसाहि तब आगो भये ॥
तब बोले हम साहि मुरादि ।
हमसे दीन न दीनो दादि ॥
सेवा देखि कृपाहग दिये ।
खड़गराइ उन राजा किये ॥
सुनिये आलम पति इहु भेव ।
मारि हम मब बीरसिंहदेव ॥
राजा बीरसिंह दोउ संग्राम ।
इन्हो दुहुन को एकै काम ॥
हमहि मारि तब सुनहु सभाग ।
बीरसिंह नृप गये प्रयाग ॥

दोहरा ।

बोलि तिपुर सौं यह कह्यो, दिल्ली के सुलतान ।
इनको नीके राखिये, दै भोजन परधान ॥

चौपही ।

रामदास सों कहि येहु येहु ।
कोउ एक बिदा कर देहु ॥

देखे आइ श्रोड़छी ग्राम।
ल्यावे बेगि बोलि संग्राम॥
भीतर भवन गये तिहि घरी।
पहिरावन पठई पामरी॥
रामदास सारो आपनो।
पठेदियौ अपनो प्रति मनो॥
कहै साहिं आलम रिस भर्‍यो।
बहुत गुनाह बुन्देलनि कर्‍यो॥
माडौला तपै खाली देस।
मेरे सुत को भयौ प्रवेस॥
बहुत बुन्देलनि बर्‍यो प्रभाउ।
कारहैं साहि सलेंम सहाउ॥
रोस उठयो मेरे मन महा।
इन्द्रजीत को कीजै कहा॥
बोल्यौं असरफ़ खाँ चित चाहि।
घालै आऊ बुन्देलनि साहि॥
बिमुखनि को कीजे कुलनास!
पद सनमुखनि बढ़ाव अकास॥
अर्ज मेरि यह मानिय आज।
इन्द्रजीत को दीजै राज॥
रामदास सों कह्यौ बुलाइ।
करौ नवाज सुबा को जाइ॥
सुभ दिन होय तो चेला करौं।
चेला करि बिपदा सब हरौं॥
यह कहि साहि झरोखहि गये।
इन्द्रजीत को देखत भये॥
इन्द्रजीत तें जे है तहाँ।
सठ संग्राम गयो है जहाँ॥

इन्द्रजीत तब ऐसौ कह्यौ।
मैं तो साहि चरन संग्रह्यौ॥
मेरे मन यहई प्रन धह्यो।
हजरति चरन कमल घर कह्यो॥
इन्द्रजीत तसलीम जु करी।
साहि दई आपनि पामरी॥
बूझे साहि सभासद सबै।
बीरसिंह देव कहां है अबै।
इतहि नाउं कहि आयो बैन।
उत अति जल भरि आये नैन॥
जब जब साहि सुनत यह नांव।
भूलत तन मन सुक्ख सुभाव॥
मूलहिये तब हित सब सलै।
नैननि तैं जल धारा चलै॥

सवैया।

सूरनि को भूखन कै, दूखन असूरन को
कै धौं प्रति सूरनि को, साल उर परि है॥
राजन को तिलक बिराजै, किधौं केसौराइ
अरि गजराजनि को अंकुस निगरि है॥
मागनै को पारस कि राजश्री को सारस
कहौ न हौं बनाइ घेर होत घर घर है॥
राजा बीरसिंह जू को नांउ कि धौं।
जानै यह अकबरसाहिमैन नीरद को कर है॥

चौपही।

आवत ही सुभ दिन सुभ घरी।
रामदास तब बिनती करी॥
आयसु साहि सुफल फर फरी।

इन्द्रजीत सिच्छा को धरी ॥
साहि कह्यो जनु कूरम तात ।
इन्द्रजीत सो कहु यह बात ॥
मन क्रम बचन कही ब्रत धरै ।
कह्यो गुरू को चेला करै ॥
जो याके ह्यां त्यारी होइ ।
देउ राज जानै सब कोइ ।
इन्द्रजीत सों यहई बात ॥
जाइ कही जदा के तात ॥
इन्द्रजीत यह उत्तर दियौ ।
मैं मखत्यार सबै कछु कियौ ॥
जो कछु साहि कहैगें आजु ।
सबै करौं पै लेहुं न राजु ॥
यहै कही हजरति सो जाइ ।
भीतर भवन गए दुख पाइ ॥

दोहरा ।

दासी सब कुलतिय तजै, ज्योंजड़ त्यौं यह जान ;
इन्द्रजीत किय कुमति हित, राजश्री अपमान ॥

बोले तिपुर ताहि छन साहि ।
दीनौ राज कृपा करि ताहि ।
मन क्रम बचन कियो अति मीत ।
तासों कह्यो विक्रमाजीत ॥
तासों मतों कह्यो करिनैम ।
बोल्यौं हौं मैं साहि सलेम ॥
हौं अब रोकि राखि हौ ताहि ।
तू अब बेगि औड़छे जाहि ॥
चल्यौ तिपुर उत इतहि बसीठ ।
पठयो साहि पुत्र पर ईठ ॥

गए तहां जहं साहि सलेम।
प्रगत्यो आइ पिताको प्रेम॥
तुम बिन सुनो साहि को चित्त।
कल न परत सुनु आलमपित्त॥
बेगमखां तन तजि यह लोक।
छोड़ि गयो लीनो परलोक॥
तिन को दुःख रह्यो परिपूर।
दूर करै को तुम अति दूर॥
इतनो सुनत छूटि गयो छेम।
सोक संग्रहे मांहि सलेम॥
दिन दोई यह दुख अवगाहि।
आये बाहिर आलम साहि॥
मुजरा कियो बसीठनि आनि।
पूछी तिन्हे बात जिय जानि॥
अकबर साह गरीबनेवाज।
इन्द्रजीत को दीन्हो राज॥
कहे बसीठनि सब व्योहार।
जैसो कछू भयो दरबार॥
तब हंसि बोल्यो सरीफ़खान।
बीरसिंह तजि को तन त्रान॥
राजा बासुकि केसोराइ।
तिनसों कह्यो चित्तको भाइ॥
मोपै बेगमजूको सोग।
रह्यो न जाइ भगे सब भोग॥
मेरे मन उपज्यो यह भाउ।
देखौं पातिसाहि के पाउ॥
राजा बासुकि उत्तर दियो।
अपनी चित्त सबै समझियो॥

कारन कह्यो है साहि न सोग।
सोग किये ते उपजै रोग॥
रोग भये भागै सब भोग॥
भोग भगे नहि सुख संजोग॥
सुख बिन दुखकर दिन उद्दोत।
दुखतें कैसे मंगल होत॥
तातें सोग न कीजै साहि।
गवन तुम्हारो भावत काहि॥
केसौराइ अरज जब करी।
लीनें हाथ छबीली छरी॥
साहि समीप गये हैं तब।
कहा आइ पुनि कीजै अब॥
हज़रत के जक यहई लिये।
होत प्रसन्न न सेवा किये॥
करिये साहि जो करनी होय।
गति न तुम्हारी जानै कोय॥
करि तसलीम सुमिरि नरहरी।
बीरसिंह तब बिनती करी॥
जैयत हैं बेगम के हेत।
आलम प्रभु के नगर निकेत॥
जिहि सुखि होय साहिके गात।
सोई कीजै तजि सब बात॥
मोहि साहि कौं सौंपो जाइ।
जातें कुल को कलह नसाइ॥
हौं हज़रत सिर मदके भयो।
एक गुलाम भयो नहिं भयो॥
खांसरीफ बोले रिस भरे।
बीरसिंह तुम राजा करे॥

सुनी साहि अब देतन बनै।
राजा दीनै पातक घनै॥
तातै मोहि मयाकर देहु।
बढ़े साहि सौं दिन दिन नेहु॥
उपजावत छिति मण्डल छेम।
बोलि उठे तब साहि सलेम॥
तुम्हें देउं हज़रत हित काज।
काहि बढ़ाऊ आपन राज॥
बहुरि न मोसौं ऐसी कही।
मेरे जीवत निरभै रही॥
साहि सलेम साहि पै गयो।
साहि बहुत तिनकौं दुख दयो॥
टूटि सरीफ़ खान भगि गयौ।
सबै मुलक अति दुचितैं भयौ॥
बिरसिंहदेउ भया संग्राम।
देख्यौ आनि औड़छौ ग्राम।

दानउवाच—चौपाई।

कही देवि कितगयौ अभीत,
साहि कियोजु बिक्रमाजीत।

श्रीदेव्युवाच।

मेल्यो तिपुर सिन्धु के तीर।
भुमियां मिले रींघ सजि धीर॥
तबहिं तिपुर दतिया तन गये।
इन्द्रजीत अपने घर भये।
खोजा अबदुल्लह आइयौ।
मिलि भदौरिया सुख पाइयौ॥
तिपुर सुजान साहि सौं कहै॥

चली बेतवै जल संग्रहै ॥
बेहड़ काटत चल्यौ सुभाउ।
रह्यौ आनि खम्हरौली गांउ ॥
इन्द्रजीत बीरसिंह देव आप।
लीने सुभट दरैं अरि दाप ॥

दूहा।

दुहुं कटक अरु ओड़छैं, आध कोस की बीच।
बेहड़ु काटत निसि पर्‌यो, काटतु कटलै नीच ॥

चौपही।

इत कठगरु उत सरिता कूल।
मारग कियो परम अनुकूल ॥
तदपि न गयो ओड़छे परैं।
निसि बासर सिगरौं दल डरैं ॥
एक समय सिरे उमराउ।
लगे बिचारन गमन उपाउ ॥
जो कोऊ कछु करै बिचार।
मानै नहीं तिपुर तिहिं बार ॥
राजाराम सिंह सब कह्यौ।
इससो बैठे जाइ न रह्यौ ॥
भोर होत नहि लाऊं बार।
जारि ओड़छौं करि हौं छार ॥
मारू कह्यौ सुनौ नरनाथ।
हौं आयौं राजा के साथ ॥
तिपुर तिन्है बहु बरजत भये।
बरजत ही उठि डेरहि गये ॥
राजा जगे बड़े ही भोर।
बजैं दमामे जनु घन घोर ॥

सकिलि सकल दल सज्जित भयौ।
रह्यौ न मारू हठकौ लयौ॥
सजि चतुरङ्ग चमू नृप चल्यौ।
गाजत गज चालत भुव हल्यौ॥
दुन्दुभि सुनि कासीसुर चल्यौ।
चल्योतिपुर सब ही बर बल्यौ॥
रजारामसाहि गल गज्यौ।
बीरसिंह को दुन्दुभि बज्यौ॥
तमकि चढ़ौ तब साहि संग्राम।
ताके चित्त बस्यौ संग्राम॥
इन्द्रजीत अरु राउ प्रताप।
बांधे कवच लिये कर चाप॥
उग्रसेन अरु केसौदास।
जानत हैं बहु युद्ध बिलास॥
ठाकुर और कहां लौं कहौं।
कहन लेंउ तौ अन्त न लहौं॥
दोऊ दल बल सज्जित भये।
बसुधा व्योम बिमानन छये॥
राजसिंह की पतिर पद्मिनी।
नव दुलहिन गुन सुख सद्मनी॥
सिर सब सीसोदिया सुदेस।
बानी बड़गूजर बर बेस॥
स्रुति सिर फूल सुलच्छी जासु।
लोचन रुचि चौहान बखानु॥
भनि भदौरिया भूषित भाल।
भृकुटि भेटि भाटी भूपाल॥
कछवाहे कुल कलित कपोल।
नैषधनृप नासिका अमोल॥

दीखत दसन सुहाड़ा हास।
बीरा बसै बनाफर बास।
सुख रख माथ चिबुक चंदेल।
ग्रीवा गौर, सुबाहु बघेल॥
कुल कनौंजिया कञ्चुकि चारु।
कुच करचुली कठोर बिचारु॥
पान पवैया परम प्रवीन।
नृप नाहर नख कोर नवीन॥
कोसल कटि, जादौं जुग जानु।
पदप लवा कैकेय बखानु॥
तौंबर मनमथ, मन पड़िहार।
पद राठौर सरूप पवार॥
गूजर बेगति परम सुबेस।
हाव भाव भनि भूरि नरेस॥
केसौ मारू सखि सुख दानि।
दामोदर दासी उर जानि॥

दोहा।

राजसिंहपति पद्मिनी, दुलहिनि रूप निधान।
दूलह मधुकरसाहिसुत, बिरसिंहदेव सुजान॥

चौपही।

तिनकौ सिर स्वयंभुमय मानि।
श्रवननि कौ वै श्रवन बखानि॥
भाल भली भागनि मय मानि।
सुष कन्धर सुर मेव बखानि॥
भुज जुग भनि भगवती समान।
अति उदार उर तुम हिय मान॥

कटि नर केहरि को आकार।
आसु बदनमय रूप कुमार॥
पटकार काँधल सुबाहन बास।
आयुध सक्र समान सहास॥
जय कङ्कन बाँधें निज हाथ।
पमरथ परम पराक्रम गाथ॥
टोपा सोहत मोर समान।
बागे सम सोहै तन बान॥
पावक प्रगट प्रताप प्रचण्ड।
रच्छक नारायन नव खण्ड॥
पञ्च सब्द बाजत अवदात।
सुभट बराती फौज बरात॥
दोऊ दल बल विग्रह बढ़े।
देखत देव बिमानन चढ़े॥

दोहा।

बीरसिंह नृप दूलहै, नृपपति दुलहिनि देखि।
घूंघट घाल्यौ भ्रम सहित, सभय सकंपविसेखि॥

चौपही।

घूंघट सौं पट दुलहिन नई।
बीरसिंह राजा गहिलई॥
देखौ पति कासीसुर हाथ।
कोप कियौ कूरम नरनाथ॥
जहं तहं बिक्रम भट प्रगटये।
गज घोटक संघटित सुभये॥
तुपक तीर बरछी तिहि बार।
चहुं ओर ते चले अपार॥

जङ्ग आगरा जङ्गल जुरे ।
काहूके न कहूं मुँह मुरे ।
हींसत हय गाजत गज ठाट ।
हांकत भट बरम्हावत भांट ॥
जहँ तहँ गिरि गिरि उठि उठि लरें ।
टटै असि काढ़ैं जमधरें ॥
भूलि न कोऊ जानै भाजि ।
मारत मरत सामुहै गाजि ॥
अपने प्रभुको सङ्कट जानि ।
उठ्यो दमोदर गहि असि पानि ॥
सकल जागरा जुह अमोर !
चमू चांपि आई चहु ओर ॥
घोरो कढ्यौ धरनि धुकि गयो ।
तब संग्राम पयादो भयो ॥
तापर आयो राउ प्रताप ।
सङ्ग लिये बहु सूरन आप ॥
कियो हथ्यार आपने हाथ ।
गावत गाथा सुर नरनाथ ॥
सकतसिंह कछवाहे आनि ।
गयौ अगावभर्तैं पहिचानि ॥
घोरनि तें दोऊ गिरि गये !
भूतल लोथकपोथा भये ॥
राउ प्रतापहि देखत आसु ।
तिन पहँ दौरे केसोदासु ॥
हन्यौ दमोदर हाथहि हेरि ।
बरछ हन्यौ बरछी लै फेरि ॥

हरि बोस उवाच कवित्त ।

कारी पीरी डालैं लालैं देखियै बिसालैं अति
हाथिन की भटा घन घटासी भरति हैं ॥
चपला सी चमक चमूनि माँझ तरवारि
मारही सी सार फूलझारी सी झरति हैं ॥
प्रबल प्रताप राउ जङ्ग जुरे केसौदास
हने रिपु करै न छिपा पनु भरति है ॥
पेख हरिकेस तहां सुभट न जाव जहां
दुहू बाप पूते दौड़ छोड़े सी परति है ॥

चौपही ।

देखि पयादो बलको धाम ।
भव संग्रामसाहि स ग्राम ॥
दौरयो उग्रसेन रनजीत ।
दौरे इन्द्रजीत सुभ गीत ॥
दल बल सहित उठे दोउ बीर ।
मनौ घनाघन घोर गम्भीर ॥
धुन्ध धूरि धुरवा से गनौ ।
बाजत दुन्दुभि गर्जत मनौ ॥
जहां तहां तरवारैं कढ़ी ।
तिनकी दुति जनु दामिनि बढ़ी ।
तुपक तीर ध्रुव धारापात ।
भीत भये रिपुदल भट ब्रात ॥
श्रोनित जल पैरत तिँहि खेत ।
कूरम कुल सब दलहि समेत ॥
परम भयानक भौ वह ठौर ।
भागि बचे माऊ हरदौर ॥
जगमनि प्रोहित घोरो दिवो ।

चढ़ि सं[illegible] हरखिवो ॥
जूझि पर्यो दामोदर जबै ।
भागि बच्यो कूरमदल तबै ॥
जगमनि दामोदर तिहिँबार ।
पठये सिरसाटे सिरदार ॥
राजसिंह भये अति बहबहे ।
जाइ औड़छे रावर गहे ॥
अति रूरी राजति रनथली ।
जूझिपरे तहँ हयगय बली ॥
खुण्डनि सुण्ड लसै गजकुम्भ ।
श्रोनित भर भमकन्त भुसुण्ड ॥
रुधिर छाँड़ि अँग अँग रुचि रवै ।
गेरिक धातु सैल जनु द्रवै ॥
धावत अन्ध कबन्ध अपार ।
छिद्री सौंहथो उरनि उदार ॥
छीन भये भुजबलके भार ।
जनु हिय हरखि गहैं हथियार ॥
उठि बैठे भटतन को छाँहि ।
लागी सांगि तिन्हैं मुंह माहि ॥
दाँतन की किरचन रँगरँगी ।
बहुविधि रुधिर हलूका लगी ॥
भखि तमोर बिषई मनुहरै ।
मनहुं कपूर करूरा करै ॥
घन घाइनि घाइल घर परैं ।
जोगिनि जोरि जंघ सिर धरैं ॥
चञ्चल मुख पोछति जगमगी ।
कण्ठश्रोन पिय मारग लगी ॥
साचहुं मृतक मानि भय दली ।

मानहुं सती छोड़ि सतचली ॥
गोधिनि के सुत सोभित घने ।
सोलत पल मुख श्रोनितसने ॥
चन्द्र जानि बासर चँचुचोर ।
चुँचनि चुनत अँगार चकोर ॥
श्रोनित सोभा रचे शरीर ।
तह देखिये डरे बर बीर ॥
खेलु फागि मानौ फगुहार ।
सोइ रहे मदमत्त गँवार ।
एक जूझि भूतल परपरि ।
एक बूड़ि सरिता महं मरि ॥
गय घोटक कारभनि को गने ।
छूटे बन बन डोलत घने ।
ऐसो भयौ करम को जोग ।
तज्यौ नकारौ आलमतोग ॥
जहँ तह हसम खसम बिन भये ।
जलथल रखत बखत भगि गये ॥
माह्नौ मह्नल मरातब साथ ।
आई पति कासीसुर हाथ ॥
लीनौ खलक खजानौ लूटि ।
कूरम भगी चहूं दिसि फूंटि ॥
देखे त्रिपुर तमासौ आप ।
ऊपर छोहि नहीं परताप ॥

कवित्त ।

ह्वै गयो बिठान बल मुगल पठाननि कौ,
अभरि भदौरियाउ संभ्रम हिये छयौ ॥
सूखे मुख सेखनि के खच्चोई खिसान्यो खत्री,
गाढ़ौ गह्यौ गाढ़ पांउ एकौ न इते दयौ ॥

बीरसिंह लीनो जीति पति राजसिंह की
तुसार कैसो माझो मारू केसोदास ह्वै गयो ।
हाथीमय हयमय हसम हथ्यारमय
लोहमय लोथिमय भूतल सबै भयो ॥

चौपही ।

बीरसिंह पति हरषित हियै ।
राजसिंहपति दुलहिनि लियै ॥
देख्यौ नगर चौड़झो जाइ ।
मारू केसौदास रिसाइ ॥
घुस्यौ घूसि ज्यौं घरके कोन ।
तजि रजपूती साँधो मौन ॥
राजा राजसिंह हिय डह्यो ।
सोक छांड़ि मन संसै पह्यो ॥
अमल कमलदल लोचन ऐन ।
स्यामल जल भरि आये नैन ॥
पति दुलहिनि करुना रस भरी ।
बीरसिंह सौं बिनती करी ॥
महाराज जौ करहु सनेहु ।
इनको धर्मद्वार अब देहु ॥
इतनी कहत आइयौं रोय ।
ह्वै गयौ करुनामय सब कोय ॥
बीरन बोलि अभै कौ दये ।
बीरसिंह तब डेरहि गये ॥
मारू महित सोक रंग रये ।
राजसिंह तब कुठली गये ।

सवैया ।

चोरनि लै अरु ओस उसीर, उबै जब के सब जोन्ह बिभाती ।
घोरि घनी घनसार तुसार सो अङ्ग लगावत पंकज पाती ॥

सोधि सबै सियरै उपचारनि ज्यों ज्यों सिरावत त्यों अति तातो ।
केसव मारु गये पुर आगम सो न जक्यौ पै जरी उठि छाती ॥

चौपही ।

तादिन ते सिगरे उमराउ ।
चल दल कैसो गह्यो सुबाउ ॥
आवन जान न पावै कोय ।
सबदल रह्यौ महाभय होय ॥

लोभ उवाच ।

राजसिंह मारू को हार ।
कहा कह्यौ सुनि साहि बिचार ॥
सो तुम कहौ जगतबंदनो ।
जिनके जसको चिरचंदनो ॥

श्रीदेव्युवाच ।

राजसिंह के युद्धविधान ।
सुनि सुनि सीस धुन्यौ सुलतान ॥
उमराउनि को प्रगट प्रमान ।
यह लिखि पठै दियो फ़रमान ॥
कै तुम गहियो हज को राहु ।
कैं उनको बसहिनि पर जाहु ॥
उन नृपपति लोनी करि नेहु ।
तुमहू उनको पतिनी लेहु ॥
जंह जंह जाइ तहां तुम जाउ ।
मेटो मेरे उरको दाउ ॥
यह सुनि बीरसिंह सुख पाय ।
बसहिनि मांझ चले अकुलाय ॥
को मन मीच अधर मधु छकै ।
को मेरो दासो लै सकै ॥

बरजि रहे बहु राजाराम ।
ऐसो करि छोड़ो घर धाम ॥

सवैया ।

कालिहि बैठि गुपाचल से गढ़ सोधि सुरे सनकै गुनगाही ।
दान कृपान विधानन केशव दुष्ट दरिद्रन के उर दाही ।
खानजिहान के खान करौ सब खान जमान कथा सब गाही ।
मेरे गुलामनि छै है सलाम सलामति साहि सलेमहि चाही ॥

चौपही ।

बीरसिंह राजा बरबीर ।
बसही जाय लई धरि धीर ॥
तही समय छांड़ि भुवलोक ।
अकबर साहि गये परलोक ॥
कासीसुर जंह तंह गल गजे ।
जहां तहां के थाने सजे ॥
पातसाहि भौ साहि सलेम ।
मानौ छिति मण्डलको छेम ॥

कवित्त ।

दाम बल, दलबल, बाहुबल बुद्धिबल
बसंह्न को बल जु निधानौ जान्यौ जब ही ।
बांधि कटि तट फेंट पीत तट को निकट
पाइनि पयादौ उठि धायो प्रभु तबही ।
निपट अनाथ नाथ दीनानाथ दीनबन्धु
दयासिन्धु केसौदास साचें जानें अबही ।
हाथी की पुकार लागी काननि सुन्यो है हरि
घोड़ कों को लागत पुकार देखे सब ही ॥

दोहा ।

दान लोभ सब आदि दै, कही जु बूझी मोंहि ।
जाहु जहां जाके गुनति, रही सकल मति तोहि ॥

दानउवाच ।

जगमाता गौरी कही जो परिपूरन प्रेम ।
बीरसिंह कह का दयौ, साहिब सहि सलेम ॥

श्रीदेव्युवाच—चौपही ।

दान लोभ तुम परम सुजान ।
जानत है सबके परमान ॥
अकबर साहि गये परलोक ।
जहांगीर प्रभु प्रगटे लोक ॥
गाजो तखत बैठियो गाजि ।
सोक गये लोगनि के भाजि ॥
पारस सो सबको गिरि गयो ।
चिंतामनि सो कर पर गयो ॥
अकबर सो भयौ अरिष्ट ।
सुर तरु सो देख्यौ दृग दृष्ट ॥
अथै गयो ससि सो सुनु दान ।
सूरज सो भयो उदति जहान ॥
रज, तम सत्व गुननि के ईस ।
तिन करि मंडल मंडित दीस ॥
बैठे एक छत्र तर लसैं ।
छांह सबै छिति मण्डल बसैं ॥
ऐसो राज रसा में करै ।
भुमियाके माके भुवधरै ॥
गढ़न गढ़ोई के बल देव ।
सेवतकार जोरि नरदेव ॥
राजसिंह सोहत चहु पास ।
दिन देखन गजराज प्रकास ॥
बैठे तखत सकल सुखलिये ।
सुधि आई हजरत के हिये ॥

राजा बीरसिंह तब आउ।
दियौ तुरङ्गम स्यों सिरपाउ॥
पठयौ लेखि पंबिका जानु।
अपने हाथ लिख्यो फरमानु॥
डांग चौंकिया पहुचे लेख।
बीरसिंह देख्यौ सुभ बेख॥
जो पायौ प्रभुको फरमान।
मह्वा मृतक ज्यों पावै प्रान।
लै संग भारथ बीर सुठांउ॥
तब प्रभु आये एरछ गांउ॥
झिलिमिलि रामसाहि नरनाथ।
ह्वै गयौ इन्द्रजीत कौ साथ॥
खेलत हँसत बहुत दिन भरें।
आये निकट नगर आगरे॥
ऐसो नगर देख्यो बाजार।
मनौ गनागन कवित बिचार॥
देख्यो जोई सोई अपार।
मनहु धनपती को व्यवहार॥
जाहि देखि भूल्यौ सनसार।
देख्यौ अति अदभुत बाजार॥

कवित्त।

परम बिरोधी अवरोधी ह्वै रहत सब,
दीननकै, दानि दिन होननिकौ छेम है॥
अधिक अनंत आपु सोहत अनंत अति
असरन सरननि रखिबे कौ नेम है।
हुतभुक हितमति श्रीपति बसत हिय
जदपि जलेस गंगा जलहीं सो नेम है।
केसौदास राजा बीरसिंह देव देखि कहैं
रुद्र है समुद्र है कि साहिब सलेम हैं॥

चौपही ।

जहांगीर जगती को इन्द्र ।
देख्यो बिरसिंह देव नरिन्द्र ॥
करजोरि सेवत दिगपाल ।
विद्याधर, गंधर्व रसाल ॥
सोभत है गजराज चरित्र ।
ढारत चँवर कलानिधि मित्र ॥
सकल मजुंघोषा सुन्दरी ।
गावति सुखद सुकेसी खरी ॥
पूरब दिसि द्युति दीपित करै ।
मति गति मण्डित बज्रहि धरै ॥
साहि देखि राख्यौ उर लाय ।
ज्यौं हरि सुखद सुदामहिं पाय ॥
देखत दुःखदूरि सब गयौ ।
पायनि पर जब ठाढ़ो भयौ ॥
पूछे साहि सबन सुख पाय ।
नीके हैं राजन के राय ।
अब नीके देखे जब पाय ॥
उज्जल अमल कमल से राय ॥
हय गय हीरा बसन हथ्यार ।
हजरत पहिरायौ बहु बार ॥
भारत साहि बहुरि इंद्रजीत ।
मिलवत भयौ साहि के मीत ॥
जब जब गयौ बीर दरबार ।
तब तब सोभा बढ़े अपार ॥
खान राउ राजा मनहार ।
ऊपर बीर लिये हथियार ॥
कटरा कटि दावें तरवारि ।

साहि समीप रहै सुखकारि ॥
कबहुं हय गय हेम हथ्यार ।
कबहुं खग मृग बसन अपार ॥
कबहुं बाते भूखन छेम ।
दै बहु रावत साहि सलेम ॥
कौन गने राजा अरु राउ ।
खोजा देखे सब उमराउ ॥
काहू को न जाय मन जहां ।
बीरसिंह को आसन तहां ॥
एक समय हजरति हंसि कह्यो ।
बीरसिंह तू दुख सो रह्यो ॥
और बड़ी बड़ी परिगन लेखि ।
मेरो राज आपनो लेखि ॥
जाहि भुवन त्रिभुवन सुखदेखि ।
सबै तुमारो जो कछु पेखि ॥
सकल बुंदेलखण्ड है जितो ।
तुमको मैं दीनो है तितो ॥
औरो बड़े बड़े परिगने ।
तो काज मैं दीने बहुधने ॥
हो जु भयो साहनि सिरताज ।
तुहूं होहु रायनि को राज ॥
तोहि न माने मारौं ताहि ।
विदा होय अपने घर जाहि ॥
बीरसिंह कीन्ही तसलीम ।
गाजी जहांगीर के भीम ॥
तब तिन बोलि इन्द्रजित लये ।
करन बिचार सुडेरहि गये ॥
कियो बिचार बहुत बिधि जाय ।

एकहु भांति न जिय ठहराय ॥
कोऊ छाड़ें को अधरै ।
कछु बिचार नहि जिय मे परै ॥
आइ गही भागी आपने ।
इमे अतहरा लेत न बने ॥
कह्यो सरीफ़खान समुझाय ।
बीरसिंह सो अति सुख पाय ॥
अपनी भुइँ में तू प्रभु होहि ।
मुगल गये दुख द्वै है तोहि ।
कीनो बिदा बेगि पहि राय ।
दिये परिगने बहु सुख पाय ॥

दोहा ।

राजा बिरसिंहदेव को, बिदा करी सुलितान ।
एरछ गढ़ आये सुने, केशव बुद्धिनिधान ॥

4. BHUSHAN.

To those who have at all interested themselves in Hindi poetry the name and fame of the great poet Bhushan Tripathi can hardly be unfamiliar. He is one of the brightest lights in the Hindi firmament and his effulgence is in a way quite unique. It is well known that Hindi poetry consists mainly of erotic, devotional and religious productions, so much so that the great Tulsi Das has deliberately laid down the dictum that all poetry which is not based on devotion to Rama is pure waste of energy. He says :—

भक्ति हेतु विधिभवन बिहाई।
सुमिरत सारद आवत धाई॥
रामचरितसर बिनु अन्हवाए।
सो श्रम जाय न कोटि उपाए॥
कीन्हे प्राकृतजनगुन गाना।
सिरधुनि गिरा लगत पछिताना॥
कवि कोविद अस हृदय विचारी।
गावहिं हरिगुन कलिमल हारी॥

On this theory it is clearly sinful to busy oneself in writing the accounts of worldly men at all, but we worldly people think otherwise and to us it is of vital importance to place on record the doings of our great men who may be held up as ideals to others. Bhushan was luckily a poet of such modern views and he deliberately employed his great poetical powers in singing the praises of such immortal heroes of his age as Shivaji and Chhattrasal Bundela. Bhushan never wrote a line of erotic poetry which was the prevailing fashion of the day and it is satisfactory to find that his success was the envy of most of the poets of the other school. The esteem in

which he was held by Shivaji is reflected in his verses, while Chhattrasal Bundela went so far as to put on his own shoulders the pole of the great poet's *Palki*. Bhushan's martial muse is at once the admiration, wonder and inspiration of others in the field and of the numerous and ever-increasing circle of the lovers of Hindi verse. He is the recognized leader of that school and he never in his life wrote in the amorous style with the solitary exception of one single verse in which, as if to wash off the "sin" of having done so, he indulged in a continued and prolonged metaphor pertaining to warlike materials.

Bhushan was a Kanya-Kubja Brahman, a Tewari of the Kashyap gotra. He was born in Tribikrampur (modern Tikmanpur टिकवांपूर), situated on the left bank of the Jamna, near Tahsil Ghatampur of the Cawnpore district (U.P.), about the year 1613 A.D. and he died there about 1715 A.D. at the advanced age of 102 years. His younger brother Matiram, is also counted among the foremost poets of Hindi and so is his elder brother Chintamani, while their youngest brother, Nilkanth *alias* Jata Shankar, was also a good poet. So all these four brothers have rendered conspicuous services to the sacred cause of the development of Hindi poetical literature while Bhushan and Matiram rank second only to such greatest masters as Tulsi, Sur and few others. In fact Bhushan has been assigned the 5th position and Matiram the 7th among the foremost poets of Hindi which boasts of a galaxy of shining lights second to none in the whole range of the world's literature. So far as it has been ascertained, no two brothers occupy such high positions in any other literature of the world.

Bhushan has written one work—the Shivaraj Bhushan—in honour of Shivaji and another in that of

Chhâttrasal Bundelá, while his scattered verses have been put together in two collections, known as the "Shiva Bamani and his Miscellany."

He was a truly national poet and Hindus are his real heroes, whoever else may be the ostensible hero of his various works.

His excessive nationalism has at times led him to write some unpleasant things about our Moslem brethren but his fault would look to be excusable in view of the spirit and the tendencies of that age. Exceptional vigour of thought and diction, a scrupulous regard for truth, independent thinking, and ability to present wonderful pen-pictures of men and events, are among the other chief merits of Bhushan as a poet. He has not attempted anything like a biography of Shivaji or even an at all connected account of his doings, but the poet's writings give a fairly clear idea of most of the leading events of Shivaji's life and contemporary history, and they also throw side light on some events that are not found recorded or adequately dealt with in history. We come across a plethora of proper names (of men and places) in his writings that cannot fail to be useful from the historian's point of view.

It is very likely that he wrote some other works also and indeed a few more unknown works are ascribed to him, but nothing can be said for certain till we actually come across any such works. As it is even the four known works of this great poet are quite sufficient to put him in the forefront of those who have adorned the Hindi Literature with their inspired writings—Shyam Bihari Misra.

The following extract is taken from the excellent editions of the great poet's works by the brothers, Pandit Shyam Bihari Misra and Shukdeva Bihari Misra,

and published by the Kashi Nagari Pracharini Sabha, and to this book a reference may be made for the history of the times and other points necessary to understand the subject matter of the book.

शिवा बावनी ।

कवित्त-मनहरन ।

साजि चतुरंग बीर रंग मैं तुरंग चढ़ि,
    सरजा सिवाजी जंग जीतन चलत हैं ।
भूषन भनत नाद बिहद नगारन के
    नदी नद मद गब्बरन के रलत हैं ।
ऐल पैल खैल भैल खलक मैं गैल गैल,
    गजन की ठेल पेल सैल उसलत हैं ॥
    तारा सो तरनि धूरिधारा मैं लगत, जिमि,
    थारा पर पारा पारावार यों हलत हैं ॥१॥
    बाने फहराने घहराने घंटा गजन के,
नाहीं ठहराने राव राने देस देसके ।
    नग भहराने ग्राम नगर पराने सुनि,
बाजत निसाने सिवराज जू नरेसके ।
    हाथिन के हौदा उकसाने कुम्भ कुंजर के,
भौन को भजाने अलि छूटे लट केस के ।
    दलके दरारे हुते कमठ करारे फूटे,
केरा कैसे पात बिहराने फन सेसके ॥२॥
    प्रेतिनी पिसाचरु निसाचर निसाचरिहु,
मिलि मिलि आपुस मैं गावत बधाई हैं ।
    भैरों भूत प्रेत भूरि भूधर भयंकर से,

नृत्य नृत्य जोगिनी जमाति जुर आई है ॥

किलकि किलकि कै कुतूहल करति काली,
डिमडिम डमरू दिगम्बर बजाई है ।
सिवा पूछैं सिवसों समाज आजु कहाँ चली,
काहू पै सिवा नरेस भृकुटी चढ़ाई है ? ॥३॥

बद्दल न होहिं दल दच्छिन घमंड माहिं,
घटाहू न होहिं दल सिवाजी हँकारी के ।
दामिनी दमंक नाहिं खुले खग्ग बीरन के,
बीर सिर छाप लखु तीजा असवारी के ॥
देखि देखि मुगलों की हरमैं भवन त्यागैं,
उझकि उझकि उठैं बहत बयारी के ।
दिल्ली मति भूली कहै बात घन घोर घोर,
बाजत नगारे जे सितारे गढ़धारी के ॥४॥

बाजि गजराज सिवराज सैन साजतही,
दिल्ली दिलगीर दसा दीरघ दुखन की ।
तनियाँ न तिलक सुथनियाँ पगनियाँ न,
घामैं घुमरात छोड़ि सेजियाँ सुखन की ॥
भूषन भनत पतिबाँह बहियाँ न तेऊ,
छहियाँ छबीली ताकि रहियाँ रुखन की ।
बालियाँ बिथुरि जिमि आलियाँ नलिन पर,
लालियाँ मलिन मुगलानियाँ मुखन की ॥५॥

कत्ता की कराकनि चकत्ता को कटक काटि,
कीन्हीं सिवराज बीर अकह कहानियाँ ।
भूषन भनत तिहु लोक मैं तिहारी धाक,
दिल्ली औ बिलाइत सकल बिललानियाँ ॥
आगरे अगारन ह्वै फाँदती कगारन छ्वै,
बाँधती न बारन मुखन कुम्हिलानियाँ ।
कीबी कहैं कहा औ गरीबी गहे भागी जाहिं,

बीबी गई सूथनी सुनीबी गई रानियाँ ॥६॥

ऊँचे घोर मन्दर के अन्दर रहनवारी,
ऊँचे घोर मन्दर के अन्दर रहाती हैं।
कन्दमूल भोग करैं कन्दमूल भोग करैं,
तीनबेर खातीं सो तौ तीन बेर खाती हैं॥
भूषन सिथिल अंग भूषन सिथिल अंग,
बिजन डुलातीं तेव बिजन डुलाती हैं।
भूषन भनत सिवराजबीर तेरे त्रास,
नगन जड़ातीं ते वे नगन जड़ाती हैं॥७॥

उतरि पलंग ते न दियो है धरापै पग,
तेऊ सगबग निसिदिन चली जाती हैं।
अति अकुलातीं मुरझातीं ना छिपाती गात,
बात न सोहाती बोले अति अन खाती हैं॥
भूषन भनत सिंह साहि के सपूत सिवा,
तेरी धाक सुने अरि नारी बिललाती हैं।
कोऊ करैं घाती कोऊ रोतीं पीटि छाती,
घरैं तीनि बेर खातीं ते वे बीनि बेर खाती हैं॥
अन्दर ते निकसीं न मन्दिर को देख्यो द्वार,
बिनरथ पथते उघारे पावँ जाती हैं।
हवाहू न लागती ते हवा ते बिहाल भईं,
लाखन की भीर में सम्हारतीं न छाती हैं॥
भूषन भनत सिवराज तेरी धाक सुनि,
हयादारी चीर फारि मन झुंझलाती हैं।
ऐसी परीं नरम हरम बादसाहन की,
नासपाती खातीं ते बनासपाती खाती हैं॥
तासु मद्धि मधि देस बेस देसनु कौ मनिगन।
मथुरा मंडल निकट पांच पथमहि अनूप भनि॥
हूं द्वीप खँड अरु देस बहु तिन मैं ज्यौं तन सीस लहि।
भा भोग नीति नर प्रीति जुत नागनगर सुर बेस कहि॥३॥
तासु मद्धि परसिद्ध नागपुर * संतन राजा।
तनय तीन भये तासु भीष्म भारत के काजा॥
तिहिँ बिमात तैं अनुज चित्रवपु बिय बिचित्रज।
जिहिँ बालन तैं भये अँध पांडव सु बिदुर अज॥
सत एक एक सुत अँध कैं पँडव कैं पांचै भये।
व्रष पूत भीम अर्जुन नकुल सहदेव देवन दये॥४॥

---

* हस्तिनापूर (नाग— हस्तिन्)।

दोहा

पँडु मर्‌यो मुनि स्राप तें रहे पांचहु पूत ।
अँध नृपति तिनकौं दए पँच पत्थ मजबूत ॥५॥
पानीपथ सुनिपथ दुम्रौ बागपत्थ तिलपत्थ ।
इंन्द्रपत्थ पुर थप्पियो धर्म सूत समरत्थ ॥६॥
देवलोक ज्यों गगन में बलिपुर ज्यों पाताल ।
इन्द्रप्रस्थ त्यों भूमि पे रच्यौ धर्म नरपाल ॥७॥
स्वारथ कौं भारथ रच्यो पारथ कृष्ण सहाइ ।
अंधबंस निरबंस करि गये हिमालय धाइ ॥८॥
अर्जुन सुत अभिमन्यु की पतिनी गर्भ मँझार ।
कृष्ण कृपा तें सो बच्यो भयौ भूमिभरतार ॥९॥
सो नृप तच्छुक ने डस्यो श्री शुक कियो उधार ।
जन्मेजय ताको तनय बेरबच्चोरन हार ॥१०॥
इंद्रपत्थ यौं पंडु कुल भुगतीं बरष अनेक ।
फिरि आई चौहान कें विलसी धरैं विवेक ॥११॥

छन्द पद्धड़ी

चहुंवान कर्‌यौ बहु बरष राज ।
प्रथिराज जुद्ध कीने दराज ॥
लिय सात बार गोरी सुबंध ।
पुनि भयौ भूप तियनेह अंध ॥
बारह से संवत अंत आइ ।
लीनो संहाब दिल्ली दबाइ ॥
रन पकरि प्रथी राजै सहाब ।
गजनई दुग्ग लेगो सिताब ॥
तहां गयौ भट्ट बरदाइ चन्द ।
नृप सहित साहि कीनौ निकंद ॥

तब बहु बढ्यो तुरकान घोर ।
रोआनिबाज भुव भई गोर ॥
पुनि भयौ साहि अल्लावदीन ।
दिल्ली भतार करतार कीन ॥
सत दोइ बरष भुगती पठान ।
पुनि भयौ चकत्ता साह खान ॥
तूरान भूमि तैं षग्ग जोर ।
तैमूर साहि आयौ कठोर ॥
ताकौ किरान पद भयौ साहि ।
मीरां जु साहि ताकौ सराहि ॥
सुलतान महम्मद पुनि दिलीस ।
तिहिं अबूसैद बलवंड ईस ॥
हुव उमर सेख पुनि साहि चंड ।
बब्बर जु साहि ताकौ उदंड ॥
ताकौ जु हिमाऊं साहि रूप ।
तासौं पठान सौं भयौ अजूह ॥
लीनी पठान दिल्ली छुड़ाइ ।
वह साहि हिमाऊं गौ पलाइ ॥
पुनि भयो साह दिल्ली पठान ।
दो सेर सलेमहु साहि जांन ॥१२

दोहा

प्रकट हिमांऊ कै भयौ अकबर साह उदंड ।
तिन पठान मारे सबै राज कर्यौ अति चंड ॥१३

छन्द पद्धड़ी

वह भयो चकत्ता अति अमान ।
जिन जीती वसुधा निज अपान ॥

ईरान और तूरान लीन ।
अरु फिरंगान सरहद्द कीन ॥
हबसान और खुरसान जीति ।
तिलंगान आपनी करी नीति ॥
किलवाक साहि को आनमान ।
* इसफांह बजी जाके निसान ॥
बुगदाद जीतियौ बदकसान † ।
अरवान और ईरान जान ॥
किय रूम साम आसाम जेर ।
डार्‌यौ कुमावङ्ग कौं बखेरि ॥
कसमीर जीति बहु नीर देस ।
दिय कोह काफङ्ग में कलेस ॥
कहकहि दिवाल दह दह प्रताप ।
मरहट्ठ ठट्ठ लिय साहि आपु ॥
मारू मलार सोरठ दबाइ ।
दच्छिन दिसाहि जीत्यौ बजाइ ॥
अंग बंग तिलंग दाहि ।
अरु द्रविड़ि देश लीनौं उमाहि ॥
बह आठ काठ अरु घोर घाट ।
बंगाल गौड़ मगधीस डाट ॥
करनाट और लीनो बराट ।
नद ब्रह्म पुत्र मार्‌यौ उचाट ॥
परबतौ भूप करि आप हत्थ ।
बरफान देस लीन्यौ समत्थ ॥
चौदह हजार भुवकौ समान ।
किय आंन चकत्ता निज भुजान ॥

---

* Isphahan. † Budakshan.

यौं कह्यौ राज अकबर उदंड ।
पंचास और है बरष चंड ॥
पुनि जहांगीर हुव तासु पूत ।
दिल्ली जु साह उद्दत अभूत ॥
बाईस वर्ष वसुधाहि भोग ।
पच्छतु पाइ हुव भूमिजोग ॥
सुत साहिजहां ताको दिलीस ।
तिन कियौ राज बरसै बतीस ॥
पुनि भयो साहि औरंग साहि ।
जिन तुरकरीति कीनी उमाहि ॥
पच्चास बरस किय राजघोर ।
दिसि दच्छिन जाको भई गोर ॥
पुनि भयो बहादुरसाह उड्ड ।
जिनि गहि कृपान किय बहुत जुद्ध ॥
किय पांच बरस वसुधा सुभोग ।
लाहौर तख्त हुव भूमि जोग ॥
सुत भयौ मौजदीं पात साहि ।
एक बरस भूमि करि भोग ताहि ॥
पुनि भयौ साहि फर्रुकजुसेर ।
छह बरस राज कीनो सुबेर ॥
पुनि भयो फौलदरजाति साहि ।
किय मास तीनि प्रभुता धराहि ॥
पुनि साहजहां पतिसाह आन ।
वह चार मास भुव भोगमान ॥
पुनि भयौ साहि महमंद साहि ।
तिहिं तीस बरष किय राज चाहि ॥
जब साहि महम्मद तजे प्रान ।
सुत साहि अहम्मद भौ जवान ॥१४॥

दोहा

पातसाहि अहमंद के भौ वजीर मनसूर ।
पोता मुलक निजाम को बकसो भौ मगरूर ॥१५॥
तूरानी बकसी भयौ ईरानी सु वजीर ।
नाचाखो दोजन मैं दिल्लीपतिके तीर ॥१६॥

छन्द नीसानी

एक रोज पतसाह दी बकसी ले मरजी ।
बिन वजीर दीवान मैं कीनी यह अरजी ॥
हजरत सफ़दर जंग मैं क्या अदब बजाया ।
नाजर फिदवी साहिका दे दगा खिपाया ॥
हो वजीर हिन्दवान दा यह इसम बढ़ाया ।
नाहक उरभि पठान सैं भगनां ठहराया ॥
दौं मलाइ दखनीन कौं सब मुलक छुटाया ।
साहिजिहानाबाद मैं जद सैं यह आया ॥
तद सैं हुकुम हजूरदां नहीं एक बजाया ।
पोता मुलुक निजामदा जब यौं बतराया ॥
सो सुनिकैं पतसाहि भी दिल मैं सब ल्याया ।
तिसो वखत मनसूर सैं यौं कहि भिजवाया ।
जाना अपने मुलक कौं हजरत फुरमाया ॥
जद यौं सुना वजीरने दिलमैं खुनसाया ।
तौभी दिन दस बीस लौं दिलमैं नहिं लाया ॥
फेरि साहि मनसूर कौं अहदी लगवाया ।
साहि जिहानाबादतैं तदही कढ़वाया ॥
तूरानी मिलि साहि सैं यौं बैर बढ़ाया ।
ईरानी मनसूर कौं पुर सैं कढ़वाया ॥
बड़ा करबु* अरु कायदा मनसूर गंवाया ।
खासा लेत भुजंग ज्यौं उस रूप लखाया ॥

* An Arabic word meaning proximity (sovreign's favour).

करि आपुस के वैरनू कहि कौंन सिराया ।
जैहा खेला खेलनू तैहा फल पाया ॥
दिल्ली सैं बाहर हुवै मनसूर रिसाया ।
शुजावी फ़ौज निहारि कैं पुर मैं मँडराया ॥
अहङ्कार दिल मैं चढ़्‌या मद ज्यौंत उपाया ।
जे रफ़ीक थे आपने तिन कौं बुलवाया ॥
पूरब सैं निज फौज नौं जलदो फ़ुरमाया ।
चाकर मेरा है वही जो आवै धाया ॥
घासहरे * की कुंवर भी फरचा करि आया ।
खबर पाइ मनसूर भी खुसियौं से छाया ॥
तिसी वख़त मनसूर ने फरमान लिखाया ।
रहमति दे कहि आफ़रीं इलकाब बधाया ॥
कुंवर बहादुर आवना करि मेरा लाया ।
तूरानी गलबा दिया मुझ कौं अकुलाया ॥
इसी वख़्तकै वास्तैं इखलास बधाया ।
चाहो मैंडी जीन्दगी तौ आवौ धाया ॥
यौं लिखि सफदरजंग ने फरमान पठाया ।
घासहरैं था कुंवर जो रनरङ्ग अठाया ॥
तिस कागज कै बांचतैं सूरज मुसिक्याया ।
अपना बिरद संभारिया दिल और न लाया ॥
अच्छी साइत देखिकैं डङ्का लगवाया ।
सिंह जवाहर सङ्ग लै तदही चढ़ि धाया ॥
पन्द्रह सहस सवार लै पैदल बहु भाया ।
आनि फरीदाबाद मैं डेरा करवाया ॥
फेरि कूंच करि दूसरा रविजातट आया ।
तहं फरजंद वजीर कैं मिलना ठहराया ॥१७॥

* The last battle fought by Surajmal.

सोरठा

पुनि मिलि सिंह सुजान सफ़दरजङ्ग वज़ीर सौं।
डेरा किये ममान खिदरबाग रविजातटहिं ॥१८॥

कलहंस छन्द

दिन दूसरैं मनसूर सूरज पास कौं।
दरबार ह्वै असवार सो इखलास कौं ॥
लखिकैं वजीर सुजान ह्व सनमान कौं।
बहु भाइ अदबु बजाइ दै बहुमान कौं ॥
ढिंग देखि सफदरजंग सिंह सुजान कौं।
सब पूछियौ बिरतन्त आवन जान कौ ॥
फिरि आपनो सु हवाल भाषि वज़ीर ह्व।
मुगलान जो कलकान कौ चहुँ बीर ह्व ॥
भरि स्वास लेत उसास देखि अकास कौं।
बिसवास कै इक आस है तुव पास कौ ॥
यह मैं मुकर्रर है किया तुम सें कहौ।
अब तौ दिलौ दहबह करनौ है सही ॥
इसवास्तैं तुमकौं बुलाइय मैं बलौ।
करनौ न देर सुजान मो दिल कौं भलौ ॥
जब यौं कही मनसूर सूरज सौं सबै।
समझाइयौ सु वजीर कौं बहुधा तबै ॥
तुम हौ पनाह सनाह या हिंदवान के।
नहि आपु लाइक बात ए गुन आंनके ॥
गहि एक कैं सुबिगारि त्रासत देस कौं।
रहि है यहै सुकलंक पेस हमेस कौं ॥
अबतो यही जु सलाहि है मिलि साहि सौं।
करि कैं दिलीपति हाथ जङ्ग जु ताहि सौं ॥

सुनियें जु सफ़दरजंग बैन सुजान के ।
मुरझाइ आनन नैन बेन बयान के ॥१८॥

महालच्छिमी छन्द

फेरि मनसूर बोल्यो यहौ ।
सिंह सुजा कहां तैं कहौ ॥
टेक तूरानियों को रहौ ।
* आब मेरी जिन्हों ने लहौ ॥
साहि भी है उन्हों का सहौ ।
छोड़गा क्यों हमारा वहौ ॥
आस मैं एक तेरी गहौ ।
आप उम्मेद मेरी दहौ ॥
एक फर्जंद जल्लालदीं ।
दीम बीबी उसे पालदीं ॥
आपने संग लीजे इन्हें ।
जिन्दगी चाहिये है जिन्हें ॥
गोद ए दोइ तेरी बलौ ।
सीख दीजे मुझे जो भलौ ॥
जंग केहौं दिल्ली में लरौं ।
नेस नाबूद † बैरी करौ ॥
नाहिं तौ सीस टोपी धरौं ।
हाल ही जाइ मक्कें मरौं ॥२०॥

छन्द मधुभार ।

मनसूर बैन, सुनि के सचैन ।
कहियौ सुजान, करि सावधान ॥

---

* Honour. † Annihilate.

कहिहै नवाब, करि हौं सिताब ।
पुर सहित साहि, हनिहौं जु वाहि ॥
अबकौं दिलीस, रहि है न ईस ।
मुगलान सब्ब, तजिहैं गरब्ब ॥
पुर इन्द्र जोर, करि हौं निजोर ।
तुव सत्रु मारि, बकसी बिगारि ॥
यह पातसाहि, रहिहै न चाहि ।
मुदई जितेक, तितने अनेक ॥
सबतें मिटाइ, पुरकौं लुटाइ ।
लहि तौ प्रतापु, करिहौं सुआपु ॥
तजिये सुछोहु, गहिये सुलोहु ।
मत एक एहु, धरि चित्त लेहु ॥
चकतैसवंस नहिं और अंस ।
यकु पातसाहि, करियै सुचाहि ॥
तखते चढ़ाइ, धरि छत्र ताहि ।
तब दे निसान, चढ़ियौ अमान ॥२१॥

दोहरा छन्द ।

हम चाकर हैं तखत के हकतौ करो न जाइ ।
यह उपाइ करिहौ अपुन तौ बलु सबै बसाइ ॥२२॥
चार लाख बदनेस कैं है दल पैदल त्यार ।
ते नवाब के जानियौ हुकम बजावनहार ॥२३॥
अब दिन द्वै में रामदल आयौ जानौ पास ।
श्रीहरिदेव भली करैं क्यों तुम होत उदास ॥२४॥

सोरठा ।

यह सुनिकैं मनसूर रौज कर ऊंचें करे ।
फिर मुख आयौ नर कह्यौ बहादुर आफरीं ॥२५॥

इस डाढ़ी को लाज कुंवर बहादुर है तुमैं ।
है यह काम दराज होवैगा तुझ हाथ सैं ॥२६॥
अब सवार तुम होडु आय मांदगी कटक की ।
वाजिह बजावैं लोहु साचि तख्त बैठारि कैं ॥२७॥
लख्यौ सुदीन वजीर सूरज सबै कबूल किय ।
ह्वै सवार रनधीर दिल्ली के सनमुख भयौ ॥२८॥

प्लवङ्गा छन्द ।

सूरज सफदरजंग जवाहर सङ्ग लै ।
दै दै दिग्घनिसान सेन बहु रङ्ग लै ॥
प्रथम दिना पुरइन्द्र दिखायौ साथको ।
ज्यौं किसान लहि सगुन करै कृषि हाथ कौं ॥२९॥

हरगीत छन्द ।

भूपाल पालक भूमिपति बदनेसनन्द सुजान हैं ।
जानै दिलीदल दक्खिनी कीनै महा कलिकान है ॥
ताकौ चरित्र कछूक सूदन कह्यौ छन्द बनाइकैं ।
मनसूर सूरज मिलन दिल्ली प्रथम अङ्क सुनाइ कैं ॥३०

दूसरा अङ्क ।

दोहरा ।

फेरि आइ मनसूरनै कीनौ भेद उपाय ।
पोता काम जु बकस, * कौं लीनो गुपत मंगाय ॥१॥

---

* Kambaksh.

छप्पय ।

ताहि तखत बैठारि धारि सिर छत्र जटित जर ।
चंवर मोरछल ढारि कियउ इतमाम श्राम घर ॥
अहन बरन नीसान तानियौ अहन बितानहिं ।
सहदाने घनघोरि दियौ उमरावनु मानहिं ॥
उद्धत हयन्द सुगयन्द नर बहु सुभट्ट हाजिर प्रबल ।
सूरज सहाइ मनसूर नें थप्यो साहि अकबर अदल ॥२॥

छन्द पावकुलक ।

अकबर अदल साहि धरि आगें ।
सफदरजंग जंग अनुरागे ॥
अपनी चमू साजि गज चढ़्यौ ।
तूरानिन पै अस रिस बढ़्यौ ॥
इसमाइल राजेन्द्र गुसांई ।
सफदर जंग भये अगुआंई ॥
द्वादस सहस हयंद हंकारे ।
है वजीर के संग तयारे ॥
तबही सूरजह्न ने डंका ।
सब तें अग्ग चढ़यो रनबंका ॥
तातें अग्ग जवाहर धायौ ।
सजि कैं सैन दिल्ली समुहायौ ॥
पंद्रह सहस तुरंगन वारे ।
ब्रजवासी चढ्ढे रन रारे ॥
अन गिनती पाइक ललकारे ।
दिल्लीके लूटन पग धारे ॥
सफदरजंग जोरि दल एतौ ।
चढ़्यो इन्द्रपुर कौं भय देतौ ॥

जिते हयंद गयन्दन वाले ।
ते सब रेती के पथ चाले ॥
पाइक गली राह मन भाई ।
जो जाके सनमुख ह्वै आई ॥
एक ओर तें लूट मचाई ।
करत किसान खेत ज्यौं लाई ॥
पुर बाहर जेते पुर छोटे ।
ते सब भये उही दिन बोटे ॥
किसनदास सरवर दें पाछें ।
बारह पुरा लूटियौ आछें ॥
लियौ तोपखानौ करि हल्ला ।
अरबसराइ मचाई अल्ला ॥
इतनौ देखि वजीर सिहानौ ।
फिर डेरनु कौं कियौ पयानौ ॥३

मालती छन्द ।

अहमद साहि सुनै अकुलाहि रह्यौ हग चाहि कछू न बसाहि ।
सबै उमराइ लए बुलाइ कह्यौ समुझाय करौ सुउपाय ॥
गजहियखान तबै ढिंग आन ।
करो जु सलाम भयौ जहं आम ॥
कह्यौ जु निहोर दुहूं कर जोर ।
हुवा मनसूर वजीर गरूर ॥
जु था उस नाम किया वह काम ।
हुवा बदराह जु खातरखाह ॥
जिसैं फुरमाय करौं सु विदाय ।
वहै अब धाय गहै उस जाय ॥
कहौ अवरास जु है मुझ पास ।
सुहाजर हाल, सु जानहु माल ॥४

दोहा ।

जान माल मैं साहिका फिदवी हाजर हाल ।
रजा होइ सुगुलामकौं मनसूरा क्या माल ॥५॥

छन्द कुण्डलियां ।

अरजी बकसी की सुनत साहि अहम्मद साहि ।
पोता मुलक निजाम को कियौ वजीर सराहि ॥
कियौ वजीर सराहि और यह मतौ उपायौ ।
समसांमुद्दौलाहि मोर बकसी ठहरायौ ॥
ठहरायौ सब देन तोप खानौ रन गरजी ।
सुनौ अहम्मद साहि गाजदीखां की अरजी ॥६॥
तबहीं उन दोउन कौं सरोपाव समसेर ।
सादलखां सु नजीमखां जान पठान रुहेल ॥
जान पठान रुहेल साहि तब यौं फुरमायौ ।
रैतौ के मैदान मोरचो तुम्हैं बतायौ ॥
तुम्हैं बतायौ सबै अरावौ लैकैं अबहीं ।
उस हरीफ कौं लेहु जंग कौं आवै तबहीं ॥७॥

छन्द संखजारी ।

सुनै साहि बानी सबै मीर मानी ।
करी सावधानी, चमू साजि आनी ॥
लयैं तोपखाने, मनो देव दाने ।
चपे जाइ रैतौ, हुतीं तोप जेतो ॥
कितौ हाथ बाहैं, सु कोऊ उठाहैं ।
कछू बीस हत्थी, धरी एक सत्थी ॥
सहस दोइ ऐसी, भुजा मीचु कैसी ।
कितौ अष्टधाती, कितौ लोहजाती ॥

काछू बाघमुक्खी, किती मुक्खचक्खी ।
धरी एक मोटी, तहां दोइ छोटी ॥
करे यौं अजीरा, बढ़े धीर धीरा ।
सुतर्नाल मंडी, सु हथ्नाल चंडी ॥
तहां बानवारे, हजारौं संभारे ।
कढ़ैं गोल गोला, करैं तोल तोला ॥
भरैं एक दारू, ररैं मारु मारू ।
नकीबों सुनाई, चलौ अग्ग भाई ॥
यहै सद्द छायौ, नहीं पाव पायौ ।
सजें वीर बानैं, चढ़े लैं निसानैं ॥८॥

छन्द तिलक ।

तब सादलखां, सु नजीम जहां ।
सु हरौल भये, तन तेह छये ॥
अरु सैनपती, इनकौ मदती ।
पुठवार रह्यौ, बहु जोर गह्यौ ॥
सु अमीर जिते, सब संग तिते ।
बहु तोपन कौं, अरि लोपन कौं ॥
धरि अग्ग धुके, मधि जात रुके ।
बहु स्याम धुजा, बहु रंग कुजा ॥
सित स्याम घनी, बहु नील बनी ।
इक जोजन लौं, भुव छाइ दलौं ॥
सजि सैन चले, सब वीर भले ।
रिस बैन कहै, रस वीर गहै
मनसूर जहां, गहि लेइ तहां ॥९॥

दोहा ।

निकट महम्मदसाहिके रह्यौ गाजदीखान ।
बकसी तैं जु वजीर भौ जुद्धहेत बलवान ॥१०॥

छन्द लीलावती ।

सुनि सफदरजंग उमंग अंग धरि
जंग हेत तदबीर करी ।
राजेन्द्र गुसांई इसमाइल खां,
दुहुनि संग भट भीर भरी ॥
देकर हरील सनमुख हंकारिय,
जितहिं अराबी घेरि धर्यौ ।
गहि जमुनातीर बीर धरि धारैं ।
हय हंकिय नहिं बिलम कर्यौ ॥११॥
पुनि श्रीसुजान अरु सिंह जवाहर,
करि सलाह धरि चाह बढ़े ।
लै मसलत अकबर अदल वजीरहिं,
सहर पुराने जाइ चढ़े ॥
है दल सब संग अग्ग धरि पैदल,
तिनहिं बीर यह हुकुम कियौ ।
अब लेहु ईंट करि देउ ईंट सौं,
दिल्ली सहर हम तुमहि दियौ ॥१२॥

छप्पय ।

अब सुजान नर कहिय तनय जाहर सुजवाहर ।
तब सुनि सब अजमीर हरखि हुंकिय ज्यौं नाहर ॥
करिय हल्ल बहु मल्ल रल्ल पुर मद्धि मचाइय ।
कहत देव हरि देव देवपतिकौ जु दुहाइय ॥
चहुं घोर सोर अति घोर हुव तोरि फोरि भवनन भरिय ।
दिल्ली दबाव बहु भावजुत सूरजदल दलदल करिय ॥१३ ॥

छन्द त्रिभंगी ।

करि करि ललकारे गली गल्यारे ।
तोरि किवारे पुरवारे ॥
गहि करनि पनारे लहि उपरारे ।
उच्च अटारे पग धारे ॥
बज्जंत कुठारे लख्त लठारे ।
पौरि दुवारे भुव पारे ॥
तारनु झनकारे कहुं कुसारे ।
तिष्ष छुरारे पटतारे ॥१४॥
पटतारे तारे खुटे दुवारे ।
फुटे तिवारे चौवारे ॥
भज्जे घरवारे ज्यौं पषवारे ।
बहु हठवारे भौ भारे ॥
केते हथियारे सीस फिकारे ।
डारि झगारे डर डारे ॥
झटके लरि टारे भटके न्यारे ।
होत अगारे हक्कारे ॥१५॥
हक्कारे पारे जाटौं मारे ।
मुगल महारे मनहारे ॥
आरे के आरे बारह हारे ।
कछु न सम्हारे गहि डारे ॥
ऊंचे घरवारे खड़े पुकारे ।
हुवा कहा रे करतारे ॥
रव हाहाकारे घोर महा रे ।
बूढ़े बारे चिक्कारे ॥१६॥
चिक्कारनु पारे धावत रारे ।
आरे जा रे ले जा रे ॥

लेके तरवारि टैत धवारि ।
दिल्लीवारि बेजारि ॥
गए हकाबका रे लगत धकारि ।
ह्वैं बिकरारि गहि नारि ॥
ब्रजवासी प्यारि भरत सरारि ।
सांझ सकारि असरारि ॥१७॥

छन्द ललितपद ।

रारि लेह लेह करि धाये
गेह गेह चढ़ि साजे ।
सूरजसुभट कटकिपुर
कटकनु थँभे लाल दरवाजे ॥१८॥

कवित्त ।

लाल दरवाजे पर सूरजसुभट गाजे,
ताजे ताजे बीर हत्थ आयुध दराजे हैं ।
भाजे पुर लोगन कपाट दरवाजे दीने,
जरध भुसंडिनु कैं उड्डत अवाजे हैं ।
काहूं सर बाजे छर बाजे लमछर बाजे,
बाजे बाजे भाठिनु सौं भोरे सिर साजे हैं ।
अंगके सराजे उभराजे लहि छाजे ओट,
केते लोट पोट मिले आजे पर आजे हैं ॥१९॥
पावत पराजे दरवाजेवारे भाजे देखि,
केते लोट पोट कोट चोटन सुमार में ।
टूटत किवार हाहाकार ता बजार परी,
बार बार बिकल बिलंद भीर भार में ।
आए आए कहत बगाए माल भौंहरेनु,
जाएहू गंवाए नारि सहित अगार में ।

माए काहूं बाये बाल रटनि बुवाए ताए,
केहरी दहाए तो बचाए आये खार में ॥२०॥
खारौं खतरानो कतरानो सतरानो फिरैं
बांभनो बिन्यानी तुरकानी थररानी हैं।
कायथो भरोरी थोरी बैसनि तमोरी गोरी
काछिनो किरानी औ भठ्यानो भहरानी हैं।
छोरी बहु कोरी नर नोरी तोरी पोरी भई
सूरज के तेज चन्द्रकला ज्यौं परानी हैं।
नूपुर वलय वलयानु रसनानु धुनि
मानहुं प्रभात पंछी बानो मंडरानी हैं ॥२१॥
डोलतो डरानो खतरानो बतरानो बेवै
कुडिएन वेखो असी मी गुरुन पावाहां।
कित्थे जलापिव कित्थे उज्झले भिड़ाउ असी,
तुसी को लग्गीवां असी जिंदगी बचावाहां।
भट्ट रहा साहि हुवा चंदला वजीर वेखो,
एहा हाल कीता वाहगुरून् मनावाहां॥
जावां कित्थे जावां अम्मां बावे केष्टी पावां।
जली एही गल्ल असें लब्बी लथौं मा गली जावांहां॥२२॥
भाथ्या तमें भागल न ल्याध्या माटोकागल ने,
डालगा मड़ोटू कौकठा मरून लोध्यूछे॥
डोकरी नछैया साथें, मोकल्या न मामी हाथें।
धरणू न आथे मूड़ा पौतियों न दोध्यं छे॥
हालरु हम्हारु वाट माहें जारे आवी ज्योयूं।
हइरूं हमारूं पूठो पेला माहं बौध्यूं छे॥
चोधू छैं न पाहै सोधू खावाने न हाहै हवै।
सिवजो सहाहै जिनैं एवूं हाल कौध्यूं छे॥२३॥
केकरां सभागो भीसू भाई भाज्यो टापरे सें
आपुरे बटाऊ ए लुटाऊ घर घाले हैं।

पापरी नवापरी मुगौरो भाग्छे घाली पड़ी,
लोड़िये न केमि लेके चाए सासू लाले हैं ।
काके पैर पाके मूंमे याके लेन जाके भागे,
तागिहूं न छूटे फूटे ऐसे आनि ताले हैं ।
केवे छुआ केवे लेवें लेवे देवे देवे देखि,
वेवे ज्वाले माई अब तेरे हम वाले हैं ॥२४॥
कौठे रह्या ठांकरां अठांकरां पधाख्या वींरां
चाकरा न लारें म्हें उभारें पग धांवांछां ।
जाया काय्या जाटरां जनायौ के जुलम ऐठैं,
जेठें टेठे म्होंवो तो सवाईरा कहांवांछां !
जिसो भालि वाजो तिसो गलो चलो वाजो,
म्होतो टारडा न टारडो अंवार कोठ्यां पांवांछां ।
काकाजो कागला का अगार ओजी वाईजी थे,
ल्यांवांछो जोख्यावां कोई आंवांछां जो आवांछां ॥२५॥
महल सराइ सेरवाने बूआ बूबू करौ,
मुझे अपसोच बड़ा बड़ो बीबी जानी का ।
आलम में मालुम चकत्ता का घराना यारौ,
जिसका हवाल है तनैया जेसा तानौका ।
खाने खाने बीचसें अमाने लोग जानें लगे,
आफत हो जानो हुवा ओज दहकानी का ।
रबको रज़ा है हमें सहना बजा है वक़त,
हिन्दू का जगा है आया ओर तुरकानी का ॥२६॥
ववुआ न आवा मोर भेयन न पावा याक,
तुपक्की न लावा गांढि डोबु आ न ख्यावा है ।
चाकरी की लकरी की फकरी विहानी कीन्ह,
मनई न कमई दिहांनि यां बतावा है ।
अस कस कीन्ह म्वार दिल्ली का नवाव ख़ार,
चीन्हत न सार मनसूर जट्ट ल्यावा है ।

तुहिंका न मुहिंका कहीं लुहिका रहो न जाग,
भाग कुल, और तोपखान साथ ब्यावा है ॥२७॥
हूँचें चालि हूँचें ऊधें जधें के धस्यो छे थारो,
टालौ भी न चाल्यौ छे घरैया घनी पाला को।
बेटी थांमि बेटी भौंड़ो लानि से चपेटी कगों,
कूषकें लपेटी फेटो लाग्यौ घरघाला को।
गाड़ी एक पाड़ी दोइ नाड़ी तीन पीजनीन,
नागला तुलावाचारि सुने सोच जाला को।
माला को रह्यौ से माला जाला कौन जाला घौथ्यौ,
ताला कौन लाथ्यौ से भरोसौ कस्यौ मालाकौ ॥२८॥
कैहां जैहौं कैहां जैहौं तैहां तैं न ऐहां आम्रौ,
देखन त वेहों क्यौं ललाजू उभरानैं हौ।
ऐयां बैयां गैया ले लुगैयां लैयां पैयां चली,
वारी न अथैयां कछु जाट खुभरानै हौ।
कैसी करी भैया मोड़ा मोड़ो न कन्हैयां घर,
खात है लुचैया कभूं पेट न भराने हो।
चैयां चैयां गह्यौ नैयां नैयां ऐसे बोलो बढ़ि,
दैया करी दैया हमैं काहे छुभराने हौ ॥२९॥
बरनौं कहांलौं भुवलोक में जहां लौं भई,
दिल्ली में तहां लौं बानो सूरज प्रताप ते।
मुगल मलूकजादे सेख वेमलूक प्यादे,
सैयद पठान अवसान भूले लापते।
आया रोज क्यामत मलामत सैं पाक हुए,
रहैगा सलामत खुदाई आप आपते।
जार जार रोती क्यौं बजार मौरजादी यारो,
जिनका छिपाव महताब आफताब ते ॥३०॥

छन्द पद्धड़ी

यौं पर्यौ सोर दिल्ली अपार ।
पुरलोग पुकारत बार बार ॥
अजबीर हुंकारत डार डार ।
फटकार खग्ग सेलनु उसार ॥
कलबल गलीनु खलभल बजार ।
छलबल संभार भज्जत अगार ॥
इक तज्जत आयुध छोर छोर ।
इक लज्जत आनन मोर मोर ॥
इक गज्जत दामन फोरि फोरि ।
पुरगली गल्यारि तोरि तोरि ॥
भहरात फिरत नर खोरि खोरि ।
हाहा रटंत कर जोरि जोरि ॥
इक कहत धिक्क अहमंदसाहि ।
नहिं देखतु या पुर की दसाहि ॥
जिहिं जियत इन्द्रपुर यौं लुटंत ।
गजबाज ऊंट वृषभा लुटंत ॥
महिषी महिष्य गो लच्छ लच्छ ।
पंडरादि बच्छ लूटैं समच्छ ॥
अज अजा भेड़ मैढ़ा कुरंग ।
खच्चर सुगोरखर खर तुरग ॥
बहु मोल स्वान पाले लवंग ।
बिल्ली बिलाव नहिं तजत अंग ॥
चीतै सुरोभ सोवर दवङ्ग ।
गैंडा गलीनु डोलत अभङ्ग ॥
अरु स्याहगोस विश्रङ्ग अंङ्ग ।
रिच्छादि खोरिहा कुटे अङ्ग ॥

लुटियो सुवाज जुर्रा विहङ्ग ।
जिनको सिकार कीवा कुलङ्ग ॥
बहरी सुवेसरा कुही सङ्ग ।
जे गहत मोरचर बहुत खंग ॥
बहु लगर भगर पुनि चगर तङ्ग ।
जे हनत सु सावुज्जर उतङ्ग ॥
बांसा बटेर लव चौ सिचान ।
धूती रु चिप्पका चटक भान ॥
टहियर सुतुरमती बगुलहान ।
सुरखाब चाम्र के जीव आन ॥
जल मुगनि सहस रव कहम हार
तूती सु तीतरा बहु प्रकार ॥
बहु रङ्ग देस के कीर बेस ।
जो सुनत बैन बालत हमेस ॥
मैना मलूक कोयल कपोत ।
बगहंस और कलहंस गोत ॥
सारस चकोर खंजन अक्कोर ।
तमचोर लाल बुलबुल सु मोर ॥
चकई करोल पिद्दी अपार ।
खुमरो सुपरेवा बहु प्रकार ॥२१॥

छंद रोला

तुपक तीर तरवार तमंचा तेगा तीछन ।
तोमर तबल तुफङ्ग दाव लुट्टियो तिन्हो छन ॥
पट्टा पट्टी परस पासि बिछुवा बर बांके ।
बल्लम बरछा बरछि धनुष लिय लूटि निसांके ॥
बुगदा गुपती गुरज डांढ़ जमकोल कतारी ।
सूल अंकुसा छुरीं सुधारी तिक्ष्ण कुठारी ॥

सिप्पर सिरी सनाह सहसमेखी दस्तानैं ।
झिलम टोप जंजीर जिरह लुट्टिय मस्तानैं ॥
पक्खर गक्खर लक्खराम आगे व निषङ्ग ।
आयुध और अनेक और चिलतह * बहु अङ्ग ॥
पुनि बासन भर लुटिय देग देगचा रकाबा ।
चमचा चमची जाम तवा तन्दूर गुलाबा ॥
चपनी लोटा चिलमपोस सरपोस जमाबा ।
हुक्का हुक्की कसी सुराही अरु अफताबा ॥
तंबिया कलसा कुप्पि ततहरा बटलो बटला ।
टुकरा और परात डिबा पीतर के चकला ॥
बेला बेलो लुटैं तमहड़ी लुटिया झारी ।
अम्रतबान अम्रती रु थार रकेबी बहु थारी ॥
प्यालो गङ्गाजली टोकनी गङ्गासागर ।
कुप्पा जम्बू डवा और ताबे की गागर ॥
छलनी चलनी डोइ और करछी बहु करछा ।
पौंना झाञ्झर तई बिलाई परछी परछा ॥
करवा कौंपर पान दान चौघरा तबेला ।
अरघा संपुट धूप आरती लेत सकेला ॥
बछा अरु आधार भर्त्त के बहुत खिलौना ।
परिया टमटी अतरदान रूपे के सौना ॥
पीलसोज फानूस कुपी तिखटी सु मसालैं ।
सड़सी सुवा दरांत डँडारे कुसा समृहालैं ॥
झाड़ दुसाखें झाम बसूला बरम हथौरा ।
टांको नहनी घनी अरा आरो सु मथौरा ॥
कुदरा खुरपा, बेल गुलसफा छुरा कतरनी ।
नहनी सौंहन परी डरी बहु भरना भरनी ॥

---

* एक प्रकार का कवच ।

पीढ़ा पलिङ्ग मचान दुसेजा तखत सरीटो।
चारसल खब्बन मडल बहुत गाड़ी सु नवीटो॥
डोला अरु चंडोल घने म्याने सु पालकी।
कंचन रञ्जित सुभग टुटीं अरु लुटीं नालकी॥२२॥

छप्पय छंद।

दुंदुभि पटह मृदंग ढोलकी डफला टामक।
मंदरा तबल सु मेद खंजरीं तबला धामक॥
जल तरंग कानून अमृतगुण्डली सुबीना।
सारंगी व रबाब सितारा मधुवरि कीना॥
सहनाइ भेरि तुरही दरक बंसी गोमुख बाँकिया।
चलगोय ताल कटताल तर झालरि झाँझ निसाँकियाँ॥२३॥

दोहरा-छन्द।

मदनभेरि अरु घूंघरा घंटा घनें मतीस।
मुहचंगी कों आदि दे आवज लुटे छतीस॥२४॥

सोरठा

तंबे पाल कनात, साएबान सिराइचे।
रावटीहु बहु भांति, पुनि कुन्दरा कलंदया॥२५॥
मसनद गदी उसीस, सतरंजी जाजम जबर।
परदा चन्दनी ईस, कालीचा दुलिचा घने॥२६॥
सीतलपाँटी टाट, लोई कम्बल जनके।
बचो न एकी हाट, खेस निवारहिं आदि दे॥२७॥

छन्द त्रिभंगी

रुमाल दुसाला पट्टू आला चूनी जाला सोभ बनी।
मखमल बानातें अरु सकलातें भाँतिनु भातें छींट घनी॥

बहुरंग पटंबटर पसमी कांबर धवल सु अम्बर कौन गने ।
जरदोज मुकेसी दानाकेसी मसरू बेसी छेत बने ॥३८॥
बादला दरयाई गौरंगसाई जरकस काई झिलमिल है ।
ताफता कलन्दर बाफ़त बंदर सुसजर सुन्दर गिलिमिल है ॥
श्रीसकरबिलन्दी दूरि चरन्दो मानिकचन्दो चौखाने ।
किमखाब सुसालू खादी खालू चोलें चालू जग जाने ॥३९॥

छप्पय छन्द ।

भीमा जामा तिलक लबादा कुरती दगला ।
दुतही भीमाखीन कादरी चोला झँगला ॥
तब्बा सूथन सरी जाँघिया तनियाँ धवला ।
पगरी चीरा ताज गोसबन्दा सरअगला ॥
दुपटा सुदुलाई चादरैं झकलाई कटिबन्दवर ।
कंचुकी कुलहैया ओढ़नो अंग वस्त्र धोती अवर ॥४०॥

अरिल्ल

चोटी चुटिला सीसफूल बर ।
बेना बन्दी बन्दनी सुवर ॥
बेसर नथ्थ बुलाक सुलटकन ।
जाटजूह लागे सब झटकन ॥
पीयर पर्न भुलमुली तरविन ।
बहु खलेल झूमिका सुभर मन ॥
कर्नफूल खुटिला अरु खुंभिय ।
लोलक सीनसींक ह्र चुम्भिय ॥
गुलीबन्द पचमनियाँ चौसर ।
तीनलरी पचलरी सतीसर ॥
झालरी सु हमेल हाँसवर ।
बीजनि बीरो उर बसीनु भर ॥

विद्रुम मुक्तमाल मानमाल ।
कञ्चन रजत रतन के आलङ्गु ॥
रसना क्षुद्रघंटिका लिखिय ।
बटुवा कुवरी जानन दिखिय ॥
बाजूबन्द बराकर छिखिय ।
बङ्करी चूरा शीत न गिखिय ॥
टाड पछेली छिक छिनाइय ।
चूरे चूरि चुरी चटकाइय ॥
कङ्कन गुजरी पहुंची चनगन ।
दुहरी तिहरी जटित रतनगन ॥
छल्ला धनी अंगूठी कञ्चन ।
आरसी रु जंजीर भमङ्कन ॥
पायल औ पगपान सु नूपुर ।
चुटकी फूल अनौट सु भूपर ॥
जेहरि भांभन गुजरी टुट्टिय ।
बहु भूषन में एक न छुट्टिय ॥४१॥

छप्पय

कलगी, तुर्रा, और जगा, सिरपेच सु कुण्डल ।
मोती गुरदा और गोखरू बहुराच भल ॥
तोरा कण्ठीमाल रतनचौकी बहुआंकर ।
बेढ़ा पहुंची कटक सुमरनी छाप सुभाकर ॥
किङ्कनी कौन्धनी पैजनी इथसङ्कर भंङ्कर खुटे ।
आभरन नरन बहु भांति के फुटे बुटे टूटे लुटे ॥४२॥

पादाकुलक छन्द ।

कस्तूरी केसर कासमीरी ।
हैं कापूर कचरी सु कपीरी ॥

कुटकी किटी कपूर कलाये ।
कडूकूठ कासिनी कलाये ॥
कोंछ कचूर कटोर करञ्जा ।
किसमिस कैथ कुलोजन कञ्जा ॥
काथ करौंजी कारीजीरो ।
काइफरी कुचिला कनकीरो ॥
कुकरौन्दा करइरो कतीरा ।
कनक कटाई कारी जीरा ॥
कुलथी कमलगटा सु कवेला ।
ककरासिंगी कन्द सुकेला ॥
कमलमूल किरवार कसेरू ।
काचनून कर मूल कनेरू ॥
खिरनीबीज खरी खसजूरा ।
खार खोपरा बीज सुखीरा ॥
खूबानी खसखस के दामें ।
खपड़खार खुम्भी खस जामें ॥
गोरोचन गेरू गोगोली ।
गोन्द गिलोइ गोखरू घोली ॥
गन्धक गुञ्जाफल गङ्गोला ।
गोपीचन्दन, लुञ्जौ चतोला ॥
गुलगुलाल अरु गोरखमुण्डी ।
घास घोमसा घाइल घुण्डी ॥
नीजा नरियर नेतरवाला ।
नीम निसोत निर्विसी चाला ॥
नीलाथोथा नील निर्मली ।
नागरमोथा नगद चिलमिली ॥
चव चिराइता चित्रक चीता ।
चोक चोपचीनी चरखोता ॥

चन्दन चूक चिरौंजी चपरा।
चोख चांवरी चम्रक, खपरा॥
छार छबीली छिकनि छुहारी।
जाविवी जङ्गाल जुरारी॥
जाइफलौं सु जवाहन जीरा।
झंडी जरी जलांजर सीरा॥
झकझोरी टकटोरी टोरी।
ठौर ठौर डोरी गहि ढोरी॥
तेजपत्र तज तालमखानें।
तिवी तमाखू तुखमतरानें॥
तुलसीबीज तुरञ्ज तुरञ्जन।
देवदारु दन्ती दुखभञ्जन॥
दुबीदल दाड़िम के बकला।
दूब दालचीनी दृगदकला॥
धना धमासा धूम सुधुम्बी।
धौर धोहकी छाल धुरम्बी॥
पित्तपापरा पाह पतङ्गो।
[illegible] पीपरे पङ्गो॥
पथरसगा पचरङ्ग पमारी।
पालर फूल पापरा खारी॥
पोल पखान भेद पनपारा।
परवरपाती पतरपचारा॥
फली फिटकरी फूलहु फेना।
बादामो अङ्गी बचवैंना॥
बाइबिरङ्ग बेल बालङ्गा।
बीजबन्द बालेसुर बङ्गा॥
बेर जरी सु बिलैयाबूटी।
बरू बहेर बावची लूटी॥

बासौं बंसलोचनौ बन्दा ।
बेरगरी हुबहेर बिसन्दा ॥
बिही ब्रह्मदण्डी बिसबेरा ।
भारंगी भिंडी सु भंगेरा ॥
भैंसागूगल भङ्ग भिलाये ।
भोडर भाङ सुभेंटू भाए ॥
मिरच मोचरस मेदालकरी ।
मुरदासन मनसिल मिसमकरी ॥
मलयागिर मेहन्दी मुहलेटी ।
मस्तंगी मुहमूंठी मैंठो ॥
मैंनफरी मुण्डी मधुमोथा ।
मूड़ मूसली दोऊ चौंथा ॥
मौख मुलक्का मूत मुलतानी ।
मैंथी मालकांगनी सानी ॥
मेद मेंडुकी मोथ मिमाई ।
मदन मखाने मिसिरी भाई ॥
मोम महावर मूलीबीजा ।
अकरकरा अजमोद अलोजा ॥
आलूचा अमिली अँब हलदी ।
आल आंवरा साल अफलदी ॥
असगँद अगर आविली अण्डी ।
अर्क अतीस आंवला ठण्डी ॥
ईसबगोल इन्द्रजौ जानौ ।
इन्द्रानी इलाइचो आनौ ॥
ऊंटकटेर एलुआ एला ।
रेवँदचीनी राई रेला ॥
रूमी रतनजोति रसवन्ती ।
रारिवङ्ग माटी रुद्रवन्ती ॥

सोंग सोंगचूरी लगलाही ।
सोद लछमना लहसन काही ॥
लांफ, लेखनी लोधनवाला ।
हसबँद सीतलचीनी माला ॥
सोंठ सौंफ सालिम जु सुपारी ।
सौंध समाइ सिलखरी सारी ॥
सज्जी सौंचर सैंवर सोरा ।
सांखाहूली सीप सिकोरा ॥
समुदफेँन साबुनी सुपेदा ।
सिङ्गरफ सेंदुर सारसमैदा ॥
सोंनमक्खि संखिया सुहागा ।
सूल सुम्हालू सौरस सागा ॥
हरद हींग हरतार हरीती ।
हरड़ा हाथौं हिरमिच हीती ॥
हुलहुल हिल्ल हिमामहु दस्ता ।
फूलमूल कागद के दस्ता ॥

दोहा ।

अमल अफीमहिं आदि दे चोवा अतर फुलेल ।
सीसी चीनी मोमके मुहर दरावी रेल ॥४४

छन्द तोटक ।

लुटियो लड़वा बहु भांतिन के ।
गुकती अरु मोदकपांतिन के ॥
कलकन्द सुमेंथिय मूंगदला ।
खिमई सतसूत मगद्द भला ॥
सुठि सेव सू औरिहु गोन्दगिरी ।
खुरमा मठरी भरिली गठरी ॥

गुपचुप्प गुमा गुलपापरियां ।
खजला सु खजूरि खड़ापरियां ॥
अम्रती रु जलेबिनुपुञ्ज लुटे ।
खिरसादरभिस्ति चुटे सुफुटे ॥
गुझिया गुलकन्द गुलाबकरी ।
तिरकौंनु सुहारिन मोट भरी ॥
बहु घेवर बाबर मालपुवा ।
अरु सेव कचौरिन लेत हुवा ॥
हलुवा हिसमी बहु फेंनिनुकी ।
बतरी रसना सुख चैंननुकी ॥
कहुं लेत निबातबतासन कौं ।
सु गिन्दौरनये रनवासिन कौं ॥
अरु खोवन ढेर बखेर दए ।
बहु खांड खिलौनन लेत भए ॥
अरु लाडूबदानन गोद भरैं ।
दधि दूधन के परसाद करैं ॥
कुँजती तिल सक्कर रेवरियां ।
बहु पाक पुंडार जु सेवरियां ॥
पकवान जथा रुचि और घना ।
बहुरो परमल्ल सु खोल चना ॥४५॥

छप्पय ।

गेहूं चांवर चना उरद जव मूंग मौंठ तिल ।
चोरा मटर मसूर तुवर सरसों मड़वा मिल ॥
सवां पसाई मक्का कांगुनी कोदौं मकरा ।
चेना कूरीबठो सिंघारे कुलथी सकरा ॥
घृत तेल नौनं गुड़ तूल रस मिले विरस मौटन खुटे ।
पुरइन्द्र अन्न कौ कूट ज्यौं सब रस कोटिन मन लुटे ॥४६॥

साम यजुर रिग निगम अथर्वन धर्म पतञ्जल ।
मीमांसा वेदान्त न्याय साहित्य तर्क भल ॥
विष्णु वायु सिव अग्नि गरुड़ नारद बलिरच्छक ।
मच्छ कच्छ बाराह पद्म हरनच्छक तच्छक ॥
पुनि स्कन्द मारकण्डे भविष ब्रह्मवर्त्त ब्रह्मण्डवर ।
भागवत मेघ मघ * रघु कुंवर पुनि किरात नैषध अवर ॥४७॥
छन्दकोस व्याकर्न कर्म जोतिस निरुक्तिरस ।
मन्त्र जोग धनु गान वैद्य स्नोदय गनती जस ॥
सामुद्रिक पुनि कोक सर्पवानी अरु भारथ ।
नाटक भाषा देस यमनवानी ग्रन्थारथ ॥
लखिवैं अधर्मसु अनीति अति सब विद्यनु चलनी रढ़िय ।
पुरहून्द छोड़ि ब्रजवासकौं ब्रजवासिनु के कर चढ़िय ॥४८॥

दोहा ।

देस देस तजि लच्छिमी दिल्ली कियो निवास ।
अति अधर्म लखि लूट मिस चली करन ब्रजवास ॥४९॥

छन्द भुजङ्गी ।

लुटै धौस दिल्ली निसां ज्वाल जारै ।
मनो सूर की तेज पापै पजारै ॥
जरै रङ्ग रंगे घने काठ खम्भा ।
हलै ज्वाल की झाल ज्यौं पातरंभा ॥
टुटैं गोल मर्गोल टोड़ा सुहाटी ।
मनो स्वर्ण की खानतैं सोठ काटी ॥
जरैं बङ्गला बङ्गली चित्रसाला ।
मनौ पेषने की रच्यो ब्याल आला ॥

* माघ—शिशुपाल वध कुमारसम्भव ।

जरैं दाख की पुत्रिका यों दतीसो।
मनौ धाम कौं बाम ठाढ़ी सतीसो॥
कहूं श्रांचसौं काँचके भौन फूटैं।
महाते असौं ज्यों हुथा तेज बूटैं॥
जरो यों दरीचो तिवारी अटारो।
सतौं मेरुको शृङ्ग जैसो निहारो॥
बरङ्गा बरङ्गी करी यों जरी हैं।
मनौं ज्वालनैं बाडु लच्छी करी है॥
जरीसोटि प्रासाद ते भू परी है।
सिला मेरुके सीस तें ज्यों ढरी है॥
जरैं बांस यों कांस उड्डे फुलंगा।
नचे भूमिकौ पूतकै कोटि अंगा॥
कहूं जाल के जाल मैं ज्वाल झोरैं।
किधौं धाम धारा धरी बिज्जु दौरैं॥
सिखा को सिखा तें धुवां व्योम धायौ।
भजे तामसी राजसी ज्यौं सतायौ॥
किवारो किवारे उसारे पनारे।
जरैं जालिपानैं करे भौन न्यारे॥
उड़ैं साख सींगो घने बान भारे।
फिरैं आग लेती ममो दे हंकारे॥
फिरैं वायु के वेग सौं बाष्मोता।
सुरेसापुरे आपुनै रूप कोता॥
चहूं ओर ज्यौं ज्वालमाला निहारी।
दूल्हैया दिली बादला ज्यौं सिंगारी॥५०॥

कवित्त।

धर्मसुतधाम जान जमुना निकट मान,
सर्बमिदजाको बनायो ब्यौंत पूर है।

पत्र फल फूल सब औषध समूल रस,
घट अनतूल धात धान धन भूर है।
अण्डज जरायुज औ स्वेद उद्भिज हवि,
कह्यो पूरनाहुति चकत्ताकुल मूर है।
भोजको अगिन इन्द्रपुर सो अगिनकुण्ड।
होता श्री सुजान जजमान मनसूर है ॥५१॥

दुपई छन्द।

कलि को आदि क्रूर मघवाने।
ब्रजपै कोपु जतायो है ॥
वही अकस धरि श्रीब्रजेससुत।
इन्द्रपुरहिं लुटवायो है ॥५२॥

हरगीत छन्द।

भूपाल पालक भूमिपति बदनेसनन्द सुजान हैं।
जाने दिलीदल दक्खिनी कीने महा कलिकान है ॥
ताकी चरित्र कछूक सूदन कह्यो छन्द बनाइकें।
दिल्ली लुटाइय पुनि दहाइय द्वितिय अंक सुनाइकें ॥५३॥

छन्द त्रिभङ्गी।

सत सहसौं धावत अयुतौं आवत,
लच्छौं पावत भाल धरयो।
सूरजगुन गावत बिरद बुलावत,
जग लखवावत चाल पर्यो।
सबको बिधि ताजा सकल समाजा,
छिन में राजा रंक किए।
ज्यौं धनपति धावैं सुरग न पावैं,
हाथ लड़ावे हरष हिए ॥१॥

हिय संकत नाहीं आवत जाहीं,
खाली नाहीं मोद भरे।
जैसी गति लंका करी अतंका,
रघुकुल बंका आनि अरे।
ज्यौं रच्छस खच्चे यमन विहंडे,
जदुकुल चण्डे सुखरासी।
जलधर जिमि गज्जत वारिद बज्जत,
यौं धुनि सज्जत ब्रजवासी ॥२॥
ब्रजवासी सगरे करि करि दगरे,
दिल्ली नगरे लूटि करैं।
मनसूर विचारे अब को टारे,
याहि संभारै संक भरैं।
सूरजहिं बुलायौ कहि समुझायौ,
सौ दलु छायौ समुहायौ ॥
अब लूटहि थंभौ जंगहि रम्भौ।
कह्यौ अचंभौ मन भायौ ॥३॥

दोहा।

समझायौ ह्वै है सबै सूरज कह्यो नवाब।
अब मैं लूटहि बंद करि लैहौं जंग सिताब ॥४॥

छन्द अनुगीत।

यौं कहि सिताब सुजान उट्ठिय मनंहु तुट्ठिय ईस।
ठिगबोलि सिंह जवाहरे किय हुकुम बिस्वाबीस ॥
अब फौज राखौ एकठौ अब करहु लूटहि बन्द।
सुत तो बिना यह को करै नहि आनको परबन्द ॥
यह सुनत जाहर सुत जवाहर तात हुकुम बजाइ।
तिहिं बार ह्वै असवार धाइय दई लूटि मिटाइ ॥

ज्यौं बारि के बस बारिवाहक, मन्त्र के उतपात।
ज्यौं सलभ बावर के प्रयोगहिं छिनक में उड़िजात॥
लखि अर्जनाभोवदन तें है तारकौ बिस्तार।
त्यौं स्त्री जवाहर ने कियौ सब लूटि कौ परिहार॥
पुनि सेन सज्जिय पटह बज्जिय गज गरज्जि हयंद।
यौं सुनत ही मनसूर चढ़िय देन दिल्ली दंड॥
दुहुँदल उमंडिय रज घुमंडिय भानुजा के तीर।
सुत सहित सूरज सरपट्यो सजि सुभट संग वजीर॥
उत सादला सु मजीमखां अरु खान दौरा पूत।
धरकैं अरावै अग्ग रुप्पिय कोटरा मजबूत॥
इत सहर दिल्ली उतै जमुना मध्धि बढ़्ढिय भीर।
कुरखेत ज्यौं सुत अन्ध पण्डव रचिय जुद्ध गंभीर॥
तहं तुमल नद्द गरद्द उड्डिय बट्ट बुट्टिय काल।
हरष्यौ कपाली देन ताली हेत माल कपाल॥
गन्धर्व किन्नर अपछरा भइ गगन में अति भीर।
रसमसी चण्डी कसमसी जग जुग्गनी जुतधीर॥
मसहार छाये नभ पुराये धरनि धाए स्यार।
भुव भरभरानी भयद बानी खर खरानी ब्यार॥
लगी क्रूर धरषन सूर हरषन दुहुं परषनवार।
दल प्रबल घोर घटा जुरी रस सार बरसनहार॥
उतसाहि अहमद सुभट रुप्पिय इतहि सफदर जंग।
तिहिं संग सूरज अरु जवाहर ठठिय जङ्ग अभंग॥
तहँ छुटत बान भयान सहसन रहकला हथनाल।
अज्जाल पुनि घुरनाल अयुतन जबर जङ्ग कराल॥
अग गग गगगगगं अगगगं संगग स्रग गगसंन।
धग गग धगगगग धगगगं धंमांक धुक्कर धंन॥
धधकार धधधधधधधधंधू धाइ धूमक धाइ।
भभकर्त भक भड़ाइ भंकत भडडडडभ्भं भाइ॥

झंनात झड़ झड़ाक झड़झड़ झंझक्क भूरि भयान ।
भड़क्कन्त भभकात भभभ झंझट भेष भाषत भान ॥
अति घोर घोष घुरी जहाँ धर धरत जमुनानीर ।
झर झरत गोली गोल ओला इन्द्रपुर के तीर ॥५॥

सारंग छन्द ।

छायौ महा धूम धूरी घटा घोर ।
उट्ठैं जहाँ रंजकैं बिज्जुसो जोर ॥
पज्जैं घनो तोप गज्जैं निरधार ।
देखैं दुहूँ सैन के जात आकार ॥
धुन्धौ धरा धूसलो धूम गुब्बार ।
मानौ प्रलैकाल कौ घोर अँधियार ॥
ओलानु के भेस गोलानु के मेह ।
फोरैं घने मुण्ड ठौरैं कहूँ देह ॥
बौछारि गोलीनु की चारिहूँ ओर ।
बानौंन की घोर मानौ उठैं मोर ॥
लुट्टैं कहूँ बाज फुट्टैं कहूँ भाल ।
गोलानु की गेंद खेलैं मानौं काल ॥
सन्नात घन्नात फन्नात नासांस ।
भासै नहीं भान और आस आकास ॥
तामैं घुक्यौं घोष ज्यौं गाजकौ पात ।
कै सेलके सीस पै बज्रको घात ॥
सहैं सुन्यौ कै गरहैं लख्यो नैन ।
भैचक्क से सूर ठाढ़े दुहूँ सैन ॥
नीचैं तपै भूमि ऊपर तपै भान ।
भारी भयद्दान जारैं जगत प्रान ॥
या हाल कौं देखि सूजा भयौ तेह ।
बोल्यौ तज्यौ बीर हौ संक सन्देह ॥

है लिख्यो हाल गोपाल जो भाल ।
एतो भयज्जाल है भूत को ख्याल ॥
जो भाग पूरे सु दिन्नो लख्यो खेत ।
है स्वामि को काम कालिंदरी रेत ॥
यातें गह्यो खेत अग्गों पगों देत ।
या तोपखाने धरो भार मैं लेत ॥
यों भाषि सूज्या लख्यौ पूत को ओर ।
ठाढ़ो हुतो पास ज्यों भान है भोर ॥
भारत्थ मैं भीम पारत्थ के मान ।
कंसारि ज्यों कामबैरीन के जान ॥
दोऊ महावीर दिन्नो रुपे धीर ।
लंका खगे राम ज्यों लछमना बीर ॥
सूजा कहैं बैन सुन्ने सबै सैन ।
मुच्छौं धरे हत्थ रत्ते किए नैन ॥
हत्थैं गहे सेल लग्गों तुरो हंकि ।
जैसे कपीजूह लंका परे ढंकि ॥
संका तजे दोह डंकानु कौं देत ।
हंका करैं बीर बंका दिलीहेत ॥६॥

दोहा ।

सेल सांग समसेर सर गहै भुसंडी हत्थ ।
मसकि मसकि बानीनु कौं हल्ल करो इक सत्थ ॥७॥

छन्द हनुफाल ।

सबसे अग्ग गोकुलराम ।
कुंभानो प्रताप उदाम ॥
सिंह भरत्थ सूरतिराम ।
धरि हिय स्वामि काम उदाम ॥

अजसिँह बंस कौं चंडुवान ।
खोँसिँह है गढाल समान ॥
तिरखा जादवा सुलतान ।
भीखारामसिंह गुमान ॥
मोहनराम द्विज बलधाम ।
राजाराम दौलतिराम ॥
मह्लू मीर बाला बीर ।
हरि बलराम कृष्ण गँभीर ॥
तिहिं की पुष्टि भाइय छिप्र ।
हरि नागर चमूपति विप्र ॥
किरपाराम दानीराम ।
दुरजनसिंह मुहकम नाम ॥
दवख्यो जोर सुभटसमूह ।
बह बलिराम लेत फतूह ॥
रनसिंह उदैसिंह खुस्याल ।
हरि बलिराम छत्तरसाल ॥
मेटा जैतसिंह सन्तोष ।
पहुपा रतनसिंह सरोष ॥
किरपा विप्र लछिमनदास !
चरु जैकृष्ण मनसा पास ॥
तोफा स्यामसिंह सुजोध ।
धीरज सिंह भीम अरोध ॥
सकता मीर दाता दीर ।
पाखर मह्ल पारौ बीर ॥
उदभट सुभट लै इक सत्थ ।
हरनाराइनौ समरत्थ ॥
तोमर रामचन्द तिलोक ।
ठाकरदास सैंगर थोक ॥

धनसिंह गौर गंगाराम ।
फत्ते जधमासुत स्याम ॥
हरसुख रतीराम अजीत ।
प्रोहित है वमण्डअभीत ॥
सेखावत उमेद प्रचण्ड ।
वल्लभसिंह कमधुज चण्ड ॥
स्यामहुसिंह थाना पूत ।
हरजीरामजी मजबूत ॥
पैमा प्रथीसिंह पमार ।
मंगू मटाराम अपार ॥
मल्लो सदाराम सुकुल ।
राजू रतनसिंह अतुल ॥
नाथूराम खेमा विप्र ।
बाला और गिरधर छिप्र ॥
हरिसिंह हठीसिंह अजीत ।
बकसीराम जङ्ग अभीत ॥
जैसिंह तुला हट्ठी जोर ।
बलका अमरसिंह कठोर ॥
साहिबराम जालिम जीत ।
रंनू सदाराम सुनीति ॥
दल्ला मेव साकिरखान ।
गुलखां किते और पठान ॥
है पुरुषोत्तमौ श्रीराम ।
मेदा विजैराम उदाम ॥
बहदुर सिंह भो औधूत ।
कन्हईराम बेदा पूत ॥
साजैं सूर बहु सावन्त ।
श्रीगुरु रामकृष्णमहन्त ॥

सुत कुसलेस सूरतिराम ।
मुहकमसिंह उदत नाम ॥
है सुखराम मातुल उद्ध ।
त्यौंसिंह उदैभान समुद्ध ॥
देवीसिंह औ अखैसिंह ।
सूरज अनुज धाइय धिंग ॥
तिनके मद्धि सिंह सुजान ।
नवग्रहजूह जैसे भान ॥
सिंह दलेलसिंह खुस्याल ।
मेदहुसिंह ब्रजपतलाल ॥
उदभट सुभट सिंह भवान ।
वीर नाराइनौ बलवान ॥
बंके मानसिंह गुमान ।
उज्जतराम बलवँतवान ॥
बुधिबल सभाराम बिलन्द ।
ए बदनेस भूपति नन्द ॥
ऐते औ जवाहिर सङ्ग ।
षटमुख सहित गन ज्यौं जङ्ग ॥८॥

दोहा ।

सेरसिंह रनजीत अरु जैतसिंह हठिसिंग ।
सिंह अनूप चंदोल किय भूप अवारि अरिङ्ग ॥९॥
उतहि अहम्मद साहि दल इत मनसूर सुजाम ।
इन्द्रप्रस्थ जमुना निकट कर्‌यौ घोर घमसान ॥१०॥

छन्द संजुता ।

घमसान घोर जहां घुर्‌यौ ।
तिहिं जुद्ध तैं भट ना मुर्‌यौ ॥

गति मन्द मन्द खयंन्द को।
सुपदाति और गयंद को॥
सुधि धारि दिल्ली कोट को।
इत दिष्टि सूरजजोट को॥
अति घोर मार जहां धुरी।
दसहू दिसा भइ धुन्धरी॥
धरधद्धरन्धरधद्धरं।
झर झज्झरं झरझज्झंर॥
तड़ तत्तरं तड़ तत्तंर।
कड़ कक्करं कड़ कक्करं॥
घड़ घग्घरं घड़ घग्घंर।
भड़भब्भरब्भड़भब्भरं॥
सररं ररं ररर ररिरं।
ढर ररिरं ढर ररिरं॥
धर ररिरं धर ररिरं।
सर ररिरं सर ररिरं॥
खर ररिरं खर ररिरं।
फर ररिरं फर ररिरं॥
कड़ ड़ड्डडंक डडड्डडं।
सड़ डड्डडं सड़डड्डडं॥
बहु सद्द को इक सद्द है।
तम घोर धूम गरद्द है॥
जगअन्तको अंधियार सो।
रितुसीत को नीहार सो।
छुटि बान भासत भासते।
ग्रहपात जिमि आकास ते॥
मघ सर्ब धूम महा लसो।
मनु काल रात्रि कराल सो॥

सर सैकरौं सरराहटे ।
लखि व्याल ब्वाल उछाहटे ॥
नर बाज कुञ्जर खाहटे ।
बिलपाइ मांनहु चाहटे ॥
लगि गोल गोल घराहटे ।
लखि कादरौं थरराहटे ॥
मुखमर्दकैं मरराहटे ।
भुजदण्ड होत फराहटे ॥
चहुं ओर गोलिनु की झरी ।
छुटि सारकी मनु फुलझरी ॥
करिधार कुम्भ करी फिरें ।
पिलवान अंकुस दै भिरें ॥
लगियौ तुरङ्गनि थरथरा ।
नथुनान लग्गिय फरफरा ॥
इहि भांति दुहुं दल सांकरो ।
फर भूलिघोर निसा करी ॥
भुजदण्ड खण्डित उड्डियं ।
कहुं जंघ जरु गुड्डियं ॥
कहुं रुण्ड मुण्डनु झुण्ड है ।
कहुं तुण्ड है कहुं डुण्ड है ॥
लगि गोल फूटत पेट हैं ।
मनु देत काल चपेट हैं ।
महि होत श्रोनित लाल सी ।
फुटि जात रक्त पखाल सी ॥
गजबाज श्रोनित यौं झरैं ।
दुति ढाकफूलन की धरैं ॥
तिहिंवार राम सुचन्दनै ।
हय इक्कि छंद बिलन्द नै ॥

धनुबान हत्थ सँभार कै ।
हित स्वामि कौ उर धार कै ॥
निज खेत जानि हरष्यियौ ।
सरसार धार बरष्यियौ ।
तबहीं सुगोली लग्गियो ।
उर फोरि श्रोनित जग्गियौ ॥
वह धीर बीर हिरङ्ग तैं ।
नहिं बाग मोरिय जङ्ग तैं ॥
सत दौरि सूरतिराम नै ।
किय हल्ल जुद्ध मचावनै ॥
गुलतासु गोलो सौं फुटो ।
कर कौ न बाग तऊ छुटो ॥
तुलसी फुट्यौ पपहेरिया ।
तिहिं जाय सुरपुर हेरया ॥
बहुतै सुभट्ट जहां फटे ।
गोलो छुटे धरनी लुटे ॥
बहु होत लोटक पोटहो ।
तउ जट्टबट्ट हटे नहीं ॥ ११ ॥

कवित्त

श्रोनित अरघ ढारि लुत्थि जुत्थि पांवड़े दै,
दारूधूम धूपदीप रञ्जक की ज्वालिका ॥
चरबी को चन्दन पुहुप पलटूकनुकै,
अच्छत अखण्ड गोला गोलिनु की चालिका ॥
नैवेद्यनीको साहि सहित दिली को दल,
कामना बिचारी मनसूर पनपालिका ॥

कोटराके निकट बिकट जङ्ग जोरि सूजा,
भली बिधि पूजाकै प्रसन्न कीनी कालिका ॥ १२ ॥

छन्द त्रोटक

तिहिं औसर सिंह सुजान तनं ।
अति सिंह जवाहर रोस सनं ॥
हय हङ्कि धमङ्कि उठाइ रनं ।
जिमि सिंह छवा कटि सैनवनं ॥
बरषा जहं गोलिय गोलनु की ।
गरजै बहु बानुन बोलनुकी ॥
चमकै बरछा जिमि बिज्जुछटा ।
उमड़े पुरइन्द्र सुभट्ट घटा ॥
बरसा सरसार अचूकनको ।
बहु तोप जलाल बंदूकन की ॥
तित जाहिर सिंहजवाहर भौ ।
तिहिं ठाहर जुद्ध अठाहर भौ ॥
इत उत्त धमाधम खूब भई ।
कछु साहि चमू हहराय गई ॥
फुट मुण्ड अनेकन रुण्ड गिरै ।
बहु गोलनु सों गज बाज खिरै ॥
कहुं अंग उड़े गति चंगनु को ।
लखि दावहिं देह पतंगन को ॥
कहुं अंतन दंतनपांति परी ।
मनु रेसम रंगनि सूकि धरी ॥
बहु लोथिन श्रोनितधार भरैं ।
मनु भारथ रूप अपार धरैं ॥
अति उद्धत जुद्धत रुद्र रयौ ।
दुहुं आकुल व्याकुल जोग भयौ ॥१३॥

कवित्त

तूरानी तवेर दें दरेरनु सों दिल्ली दाबि,
प्रबल पठाननो उड़ायौ पौन पत्ता सौ ।
कूरम राठौर हाड़ा खीचौ औ खँगार राना,
नाना डारे छूटे बांधि कीनौ एकबत्ता सौं ।
सूदन सपूत ससिवंसअवतंस बीर ।
ताही दिल्लीपतिकौं लपेटि राख्यौ गत्तासौं ।
आहर अगत्ता है जवाहर प्रतापतत्ता,
जाके करकत्तासौं चकत्ता अक्यौ लत्ता सौं ॥१४॥

दोहा

प्रबल अरावौ साहिकौ बिकट सहर पुठवार ।
वृथा जुद्ध करिबौ इहां होत सुभट संहार ॥१५॥
यौं समुझाइ सुजान नें आइ जवाहर पास ।
घरी चारि दिन के रहत डेरनु कियौ निवास ॥१६॥
जो सच्छत आये सुभट तिनकौ कियो उपाय ।
जिन पायौ पंचत्तकौं ते जमुना पहुंचाय ॥१७॥

हरगीत छन्द

भूपाल पालक भूमिपति बदनेसनंद सुजान हैं ।
जानै दिली दलदक्खिनी कीनै महा कलिकान हैं ॥
ताको चरित्र कछूक सूदन कह्यौ छन्द बनाइकैं ।
रन कोटरानट करिय सूरज अंक छतिय अघाइकैं ॥१८॥

छन्द मंथान

सूजाव मंसूर भेले भये सूर, बोल्यौ भरें ताप मंसूर यौं आप।
मेरा तुही अब्ब, को दूसरा रब्ब, कीना जुतैं काम, पाया बड़ा नाम ॥
लीनो घनो जंग दिल्ली दरो दंग लूटा इता लोग छूटा नहीं रोग।
दे तोप की चोट टूटा नहीं कोट हैगो मुझे चोट कीया जिहैं खोट ॥
लीजे तुझे जोट मारौ दिलीकोट करना कछू तोहि सो भाषिये मोहिं।
मंसूर के बैन सूजा सुनें ऐन, कीनौ यही तंत दीनौ तबै मंत ॥
रैती तजौ आपु आव्यौ घनौ तापु, लीजं अबै झोल कीजे नहीं ढोल।
ह्यां आइ है घोर कलिंदरी तोर, तासौं कहा जोर डारें दलै बोर।
यातें उतैं मार, कीवौ हमैं सार ॥१

दोहा।

इतमैं लूटि चुके दिलो उतमैं रही अदग्ग।
ह्यां वे बाहर आइहैं तबही बाजै खग्ग ॥

छन्द हंस

सूरजवानी सो सब मानी कूंच करायौ देर न लायौ।
दुंदुभि डंके देत असंके ढोल दमामैं बाजत आमैं ॥
गोमुष गज्जे तुरग रज्जे हत्थिय घोरैं पैदल घोरैं।
उच्च पताका पार न ताका यौं लु उठ्यौ ज्यौं घन तुठ्यौ ॥
देत हरी रैं झोल निरैं देरु टेकैं चौकस कैकैं।
फेरि हमाल्यौ जुझहिं चाल्यौ सूरज बंका देत अतंका ॥ २ ॥

घत्ता छन्द

इसमाइल राजेन्द्र गुसांई,
हे नवाब हे हरवल चंड।
देसवार ह्वे जुटे दिलो सौं,
सहस सहस हय लै बलवंड ॥

सिंह सुजान सुभट सेनापति,
सूरत गौर दयौ तिहिं सत्थ ।
हर खनाम हिजनमें दौरघ,
लियें भुसण्डी सेनसु हत्थ ॥
उततें आइ साहि अहमद भट,
कप्पिय कुप्पि अरावौ तत्थ ।
लागनि लगौ परस्पर सौतनि,
गोली गोल गत्थ लथ पत्थ ॥
हय हंकत संकत नहिं हंकत,
धाओं करत दिलौ तट दौर ।
आयुध सजें बजें बहु डंका,
सुरपतिपुर पारौ अति रौर ॥ ४ ॥

छन्द उद्धत

दुहुं ओर बन्दूक जहँ चलत बेचूक,
रव होत धुंधूक किलकार कहुं कूक ।
कहुं धनुष टंकार जिहिबान झंकार,
भट देत हक्कार सक्कार मुंह सूक ॥
कहुं देखि दपटंत गज बाज झपटंत,
अरिव्यूह लपटंत रपटंत कहुं चूक ।
समसेर सटकंत सरसेल फटकंत,
कहुं जात हटकंत लटकंत लगि झूक ॥ ५ ॥
धुव जाम जब दोइ दुहुं रुद्र रस मोइ,
इमि जुद्ध जहं होइ उहिं कोइ अहुटंत ।
उत साहि दल जोर किय सस्त्र झर घोर,
दिय रत्त रस बोर चहु ओर खुहटंत ॥
तब गौर समरत्थ सूरत्ति इक सत्थ,
राजेन्द्रगिरि तत्थ बड़ हत्थ चुहठंत ।

लिय जंग गहि संग बहु भंग रन रंग,
जहां होत भट भंग उतमंग लुहटंत ॥ ६ ॥

छप्पय ।

तिहिं फर मंडल बीच परिय गोलिय भरभर भर ।
तहं फुट्टिय कर गौर और छुट्टिय छत छर छर ।
तऊ न चल्लिय धीरि बीर भग्गहिं हय हंकिय ।
तत्थहिं हरसुख बिप्र छिप्र धाइय भनसंकिय ।
तबही भवान राजेन्द्रगिरि लगि गोली तनतें छुट्यौ ।
वह सूर समर मधि स्वामिहित परमहंसगतिकौं बुट्यौ ॥७॥

दोहा

मर्‍यौ सुन्यौ राजेन्द्रगिरि मन वजीर दुख पाइ ।
जुद्ध भूमि तें सुभट सब डेरनु लिए बुलाइ ॥ ८ ॥

वसंततिलका

अत्यन्त शोक मनसूरहिं चित्त छायौ ।
राजेन्द्र आजु फर मंडल काम आयौ ॥
त्यौं ही नवाब उमराउगिरै बुलायौ ।
दैकैं गयंद सिर पाउ गद्दी लसायौ ॥९॥

दोहा

थपि गद्दी राजेन्द्र की गिरि उमराउ अनूप ।
बिदा किए फिरि जुद्ध कौं इक तें दोइ सरूप ॥ १०॥

छन्द तोमर ।

तब सूरसिंह सुजान ।
बकसी महा बलवान ॥
कुलगीर गोकुलराम ।
चित चाहिकैं संग्राम ॥

लखि भ्रात घाइल हत्थ ।
हुव क्रोध के बस तत्थ ॥
चढ़ियौं अनीक सजाइ ।
गहरी निसान बजाइ ॥
लहि हुकुमसिंह सुजान ।
रन कौं चल्यो बलवान ॥
पहुंच्यौं दिलीतट धाइ ।
दिय धूम धाम मचाइ ॥
उत साहि सैंन संघट्ट ।
गहि ओट तोप गरट्ट ॥
इत जट्ट ठट्ट गरट्ट ।
किय घोर सैन झपट्ट ॥
परछेत देत धवान ।
करि लावदार दवान ॥
कहुं सिंधि वान कमान ।
धरि मुट्ठि हत्थ क्रपान ॥
इत उत्त चाहि अभीत ।
छित स्याम प्रीत प्रतीत ॥
तहां आइयो भट साहि ।
भुव बाढ़ि के समुहाहि ॥
धरि अग्र स्याम निसान ।
कवची कितेक ज़वान ॥
कितने कि भालनबंद ।
करहीं हयंदनिकंद ॥
बरछी अनेकन साँग ।
समसेर सिप्पर आँग ॥
बढ़िओ सुखेत सओज ।
चढ़ियो कुमेत निवोज ॥

लखियै सु बकसी बीर ।
हुव रोस के बस धीर ॥
कढ़ियौ सुभट्टनु टेर ।
रन लेउ छोहि न फेर ॥ ११ ॥

छन्द गंगोदक

यौं कह्यो गोकुला दौकुला सुद्ध सो
मो कला सूर सामंत सौं ता घरी ।
देखि दिल्लोदले दोह डंकानु दै
दौर कीनी बलो देत सत्रौं झरी ।
आपने आपने बाज तत्ते किये
नैन राते मनौ भानकी भाभरी ।
टाप ठप्पाहटे होत फव्वा हटे
गोलियौं आहटे रंजकौं की झरी ॥ १२ ॥
चंड को दंड सौं बान संधैं किते ।
सेल सम्हारि कें सांग ओजें भटा ।
काढ़ि समसेर कौं वीर धाये घने,
धूमधाराधरैं बिज्जु की सो छटा ॥
धद्दरा धद्दरी बद्दरा से गजैं ।
लेउ रे लेउ दात्यूह के कोरटा ।
मास आसाढ़ की आपगा सी बढ़ो,
सूर सैंना धई तोरि दिल्लीतटा ॥१३॥
धाइ जुट्टे बली देह फुट्टे किये,
कोह लुट्टे मही बाज चुट्टे जह्यो ।
गौर को दौर की रौर भारी परी
मारि गोलीनु सौं साहि सेना दह्यो
बाम कम्मान दम्मान देते भए
सेल समसेर की चोट नाहीं वह्यो ।

जह ठट्टौं सही जिम्मकिम्मी लही
दिट्ठि दिल्लीदलौं राहदिल्ली गही ॥१४
फेरि पाछैं लग्यो देखि बैरो भग्यो
सेल सांगी खग्यौ गौर ने भौर को
हांकि बाजो धग्यौ छोह के उग्गयौ
सिंह रूपै भयौ मृग्ग ये टौर को।
चाहि वेज सुरे दै दवानो जुरै
धम्म धम्मा घुरै चोर ज्यौं रौर को।
लागि गोलो गिर्यौ गोकुला ज्यौं खिर्यौ।
प्रान नाहीं विर्यौ स्वर्ग मैं ठौर को ॥१५॥

दोहा

लगत भुसंडी मर्मकृत गौर कही यह बात।
छांती भाँजे फूटि गौ थँभौ न वैरी जात ॥ १६ ॥
बकसी को ऐसो बचन मेघराज रनधीर
गौर उठाइ हयंद तै धर्यौ गयंद सरीर ॥ १७ ॥

छंद गीतिका

इहि छे उपाइ दिल्लीससै नहिं जात बार न लग्गहीं।
गज बाज पैदल छोड़िकैं थल जुद्ध तै भल भग्गहीं ॥
पुनि आइ सूरजके सुभट्टनु दिक्खि गोकुलराम कौं।
रन भूमि तैं धरि लै चले गज पाइ दुःख उदाम कौं ॥
सुनि सिंहसूरज ता घरी रन जित्ति बकसी जुज्झियो।
मन लै उसास उदास दूतहिं फेरि बात न बुज्झियो ॥
पुनि गौर कौं बर ठौर भेजिय सब्ब सूरन सत्थ दै।
गति आइ कैं परलोक की रविलोक की विधि हत्थ दै ॥
ढिंग आइ सूरजमल्ल के मनसूर ने तब यौं कही।
अब कूचही करना सही इस खेत मैं न वफा लही ॥

नहि चून चीव सबील हौ तसदीह सबही की सही ।
न हरीफ बाहर आवते जिस वासतैं तुम ने गही ॥
मत मानिकैं मनसूर की बदनेअमंद कबूलकैं ।
तिहिं बार कूंच कराइयौ सुचिराक दिल्ली कूलकैं ॥
करि एक दोइ मुकाम दोउनि फेरि कैं तिलपत्ति लौ ।
तहं हूत बड्ढिय मेघ चड्ढिय फेरि जंग सुमिल्लिलौ ॥१८॥

उल्लाला छन्द

यह खबर गाजदीखान यैं साहि जिहानाबाद हुव ।
मनसूर सहित सूरज बली उलटि गए तिलपत्ति ध्रुव ॥१९॥

छन्द नीसानी

पोता मुलक निजामदा सुनि एहो गल्लाँ ।
हुकुम मांगिया साहि सैं हुण अग्गैं चल्लाँ ॥
फुरमाया पतिसाहि जी अच्छी दिलजोई ।
अग्ग अंदाजा ले चढ़ौ हरअल्ल करि कोई ॥
करि सलाम रुखसद हुआ गज्जुद्दीं आया ।
संग पठान रुहेल ले पुर हो तट छाया ॥
तद गाजद्दी खान जी दंतौ मति ल्याया ।
अग्गों गढ़ौमि दाम दी रुहेल पठाया ॥
हुकम गाजदीखानदा रुहेलौं पाया ।
हैदल पैदल सत्थ लै तदहो चढ़ि धाया ॥
एहो फौज रुहेल दी फर रूप लखाया ।
कायजमन करि कोह नू काबिल सैं धाया ॥
यह संदेस सूरज बली तिलपति मैं सुना ।
हरषि उठा सब अंग मैं रन काजैं दुना ॥
अद्धी निसा गई जबै बलिराम बुलाया ।
बलभाला दुरजनैं आगैं भिजवाया ॥

कूरमसिंह प्रताप भी अरु गोकुलसंगा।
सेंगर ठाकुरदास और हर नागर पैंगा॥
मोंहन हरसुख स्यामसिंह हरिबल स्योंसिंगा।
सूरतिराम कटारिया अरु धौंकलधिंगा॥
हरनारायन पाखरा सुखराम असंका।
राजा गूजर भरथसिंह चढ़िया दे डंका॥
सबै अवाहर सिंह दे भट सूरज भेजे।
सेल सांग बंदूक सर हत्थों धरि नेजे॥
हम्मौ सुभट चढ़ाइया सूरज बिन डंका।
घरी चारि पीछू चल्यो आपुन अनसंका॥
देखि गढ़ी मैदान दी बैरी दल दिट्ठा।
जंग बिचारन लग्गिए चढ़ि बाजिन पिट्ठा॥
तिस बेलां सूरज बली करिकैं धकपेला।
उत्यौंहो बहु सूरले हूंवा भट भेला॥२०॥

दोहा

निरखि रुहेले की चमू ओसुजान किय क्रुद्ध।
दुष्ट दिष्ट आए भलैं कह्यौ चाहि चित जुद्ध॥२१॥
देव देव हरिदेव को जाइ दुहाई लच्छ।
जो विपच्छ नहिं तच्छ है गच्छत सच्छत अच्छ॥२२॥

छन्द त्रिभंगी

सुनि सूरजबानी रिस लपटानी
धरनि सिहानी भूख भरी।
पलकै आहारी ललकै भारी
अम्बरचारी भीर करी।
गिरि धूरिजटी के जुद्ध जुटीकै,
मद्ध कुटी के तीर परी।

मारू सुर बीना प्राबज बीना
नृत्यहिं कीना तेहु घरी ॥२३॥

दोहा

तेहु घरी अस करकरो सूरज परगन चाहि।
कह्यो सुरसेनाधिपति सत्रु न जीवत जाहिं ॥२४॥

छन्द महाभुजंगप्रयात

जहीं सूर के सूर लै सेल सांगें
चहूं ओर तें घोर यौं सोर बाजा।
सतौं संधि कैं तीर कोदंड तानै
सहस्रों सिरोही लिये हंकि बाजा।
किते तेग तेगा जुनव्वीजुवारै
भुसंडीनु कौं छांडि कैं फेरि गाजा।
धरो लेहुरे लेहुरे लेहु छायौ
कहूं देहुरे देहुरे देहु बाजा ॥२५॥
चलामेल ह्वैकै चला सेल सांगै,
ढला मेल दोनौ नला बीच भाजा।
अलाकै हंकारे रुहेला सँभारे
भला बोल सारे डला औन ताजा॥
तरातर तरातर यहै सद्द सुन्यौ
धराधर धराधर परे स्वामि काजा।
झमाझम् झमाझम् बजैं सार धारा
लखैं युद्ध कौं देवता दैत्य लाजा ॥२६॥

वृद्धि नाराच छन्द

जुटे रुहेल जट्टहीं, न कोइ बीर हट्टहीं।
सु एक एक डट्टहीं, झपट्टहीं लपट्टहीं॥

अनेक खग्ग बाहहीं, कितेक मार छांहही ।
किते परे कराहहीं, हकार सों रपट्टहीं ॥
कहूंक हत्थ हत्यहीं भरें कहू कवत्थहीं ।
परे सु लत्थ पत्थहीं सपट्टि कै चपट्टहीं ॥
उताल चाल हालसों धवंत कोहव्वाल सों ।
गहैं छवाल ढाल सों अरीनु कों कपट्टहीं ॥२७॥
धमंकि धिंग धावहीं तमंकि तेग आवहीं ।
झमंकि कै चलावहीं बुलावहीं बलक्कि कैं ।
कटंत कंठ कुंडला छुटंत बाहु डुंडला ।
फटंत पेट रुंडला ढुलावहीं ढलक्कि कैं ॥
लरैं कहूं कुरा कुरी परैं कबंध रातुरी ।
कितेक टूटि आवुरी हुलावहीं हलक्कि कैं ॥
भलक्कि भालभालहीं झलक्कि झालझालहीं ।
रलक्कि घावघालहीं, घुलावहीं घलक्कि कैं ॥१८॥

छन्द नीसानी

उत्थों ठाकुरदासभी सैंगर समुहाया ।
इत्थों सत्ति संभालिया वैरी बहु पाया ॥
फैंकि सांग रुहेल दे उर अंदर धस्सी ।
देखो दूजैं पाँवदी भारी कर कस्सी ॥
जिसी हत्थ सैं सैंहथी छुट्टी हग डट्टी ।
तिसी हत्थ दे उप्परां रुहेले सट्टी ॥
करकट्टा जिस डुंड सैं सैंगर यौं सोहा ।
मनौ दंड लैं कालभी रनमंडल कोहा ॥
मार करी उस सत्थ यौं मत्थो पर सैंना ।
हुवा तत्थ समसेरदा सैंना के दैना ॥
स्यामसिंह गहि सेलनू धसि जंगमखारे ।
तन घत्ते रत्ते अरीफर मंडल पारे ॥

इक घाव तिस अंघ में कूहेलों कीता ।
तौ भी बीर न हट्टिया अग्गों पग दीता ॥
हरिनारायन तिस घड़ी बाजी करि तत्ता ।
धसा कुरंगी जूह में पंचानन मत्ता ॥
किते रुहेले तिन किए कत्तों सों लत्ता ।
घने मुंड फर पाड़िये धर पर फरकत्ता ॥
हत्थों बीरों दी चली जहँ सांग सिरोही ।
मारि रुहेलों दी अनी कित्ती रंग लोही ॥
छिक्क छिक्क दे हीय नूँ सरसांगों फोड़ा ।
छिक्क सीस भुज पाइ भी तरवारों तोड़ा ॥
कोइ कर्न बिहूनिया नासा बिन कोई ।
भौंह फटे कोई पड़े खासा बिनु होई ॥
कोई खग्ग झिराँवदे ह्वै रन रूते ।
कोई प्रान गंवाइयां सुखसेजों सूते ॥
कहीं अंत छुट्टे पड़े कहिं दंत उघाड़े ।
कहूं बिना हूं मूंड ले सोमे गहि फाड़े ॥
मार मार मुख अक्खदे दे दे हक्कारे ।
सेख रुहेले भागिये छुट्टा छक्कारे ॥
गिरते पड़ते घत्तिये करिकत्ते कत्ते ।
सूरज सूर पुकार दे सूरज दो फत्ते ॥१८॥

दोहा अमृत धुनि

कढ़ि कढ़ि अति श्रोनित उमगि गढ़ि गढ़ि अरिनु उदंड ।
चढ़ि धाइय वदनेससुत खग्गग्गहि रन मंड ॥
खग्गग्गहि रन मंड समर उद्दंडद्दलनो ।
खंडक्करि नित खंडत खलनि बिमुंडद्धरनो ॥
झुंडक्कटिय समुंड दभ्भटिय चमुंडज्जय रढि ।
तंडव करत उमंडत धरनि बितुंडक्कढ़ि कढ़ि ॥२०॥

कवित्त

हेला देत आये बगमेला ज्यौं कहेला बीर
मैदान गढ़ी के तीर सुभट महारथी ।
तेई काटि डारे रुंड मुंड झुंड ढारे दै
चमुंडनु अहारे भी प्रसंग जुद्ध सारथी ।
रुधिरके थारे परे बीच असरारे पारे
रविजामिलाप कौ सुरेस भयौ सारथी ।
सूदन सुजान सिंह विक्रमनिधानमहि
जान बानगंगा कौं करी क्रवानभारथी ॥३१॥

छन्द मालिनी

सुभट सिमटि आए, सूरके पास धाए ।
हरषनु हिय छाए, जंग की जैति पाए ।
धन धन रव लाए, कंठसों लै लगाए ।
समर श्रम मिटाए मान सनमान पाए ॥३२॥

हरगीत छन्द

भूपाल पालक भूमिपति बदनेंद सुजान हैं ।
जाने दिली दल दक्खिनी कीने महाकलकान है ॥
ताको चरित्रकछूक सूदन कह्यो छंद बनाइकैं ।
रनमैं गढ़ी मैदान पाइय अंक चौथें आइकैं ॥३३॥

इति चतुर्थ अङ्क ॥४॥

छन्द सारदा

दिन बीत दस बीस, पुनि धारि मन रीस ।
सजि सैन भय दैन, चढ़ि नंदनजईस ॥
लिय साहि सुकलान, गढ़ भूमि बलवान ।
जहं कालिकाथान रन देखि मरदान ॥१॥

छन्द दिग्पालिका

सुरदल देखि उत साहि बल सज्जियौ ।
बाज गजराज सजि तूर बहु बज्जियौ ॥
केत फहरान गहरान घन दुंदुभी ।
सस्त्र खहरान ठहरान चक्र धुंधुभी ॥
बान किरवान तनत्रान धरि काढ्ढिये ।
जान भरि सान मरदान बहु बढ्ढिये ॥
छोड़ असवार तिहिं बार इक ओर तैं ।
गोल करि गोल बहु मोल हय सोरतैं ॥२॥

छन्द रुचिरा

साहिअनीक बिलोकि बदन
सुत चरहिं बुलाइ कह्यौ तबही ।
है इन मैं को को सेनापति
दूत दुहूँ कर जोरि कही ॥३॥

छन्द पादाकुलक

ए जहँ स्याम निसाननुवारे ।
ते पठान ठाढ़े रन रारे ॥
है जित धुजा नील सित चंडी ।
सो रुहेल की सैन घुमंडी ।

जहां भगौंहीं उड़ै पताका ।
तहां दक्खिनी जंग चलाका ॥
लाल सेत जहां ए धुज ठाढ़ी ।
यहै सैन बक्सी की बाढ़ी ॥
जहां सेल सांगैं बहु भाले ।
सो अंबरी रिसालेवाले ॥
जिनके बाज करत बहु छंदा ।
जे वालासाही मतिमंदा ।
तिनके निकट गरूर सिपाही ।
वे जानी सब आलासाही ॥
लिए चारु बाजी बलपूरे ।
नौमवास ए हैं रन रूरे ॥
जो यह गोल अग्ग बढ़ि ठाढ़ो ।
सो सिरदार बदकसी गाढ़ो ॥
जो यह चमू फिरति है दौरी ।
सो सवार पाइक पैसौरी ॥
जहां सहृ ढक्का धर धरबौ ।
ब्रजपतिनंद जानिए अरबौ ॥
जो भुव स्याम घटा रही दबसो ।
ठाढ़े तहां सुभट रन हबसो ॥
जहां भुसंडिनु की भर भारी ।
ते हतबारी निपट हजारी ॥
हैं जहँ लाल लाल खलकारे ।
नादिरशाही टोपीवारे ॥
आस पास इनके भयदानौ ।
रह्यो तोपखानो समसानौ ॥
सब की पुट्ठि छाइ दल चंडौ ।
है रन दाखिल है बलबंडौ ॥

नाम गाजदीखां बलबंडो ।
विक्रमबलित बुद्धिपरचंडो ॥
श्री सुजान सुनि के परवानी ।
शुद्ध बुद्धि निश्चै मन ठानी ॥
अपने सेनापती बुलाये ।
जंग हेत आगें रुपवाए ॥
जोजन अर्ध अर्ज पर सैंना ।
निरखि सूर बल थप्पि सचैंना ॥४॥

छन्द मुक्तादाम

करि इक ओर बलू बलिराम ।
रुपाइय बीर दुई भुजबाम ॥
हरीवल वैरि चमूपति तत्थ ।
थप्यो तिनके तट ह्वो समरत्थ ॥
रुप्यौं तिहि पुब्ब लियैं बलघोर ।
चमूपति है हरि नागर जोर ॥
थप्यो भुज दच्छिन ओर सुनाम ।
सुकूरम सिंह प्रताप उदाम ॥
जुह्यौं सिवसिंह कियौ बलवान ।
बली ब्रजसिंह रुप्यौ तिहिं थान ॥
लिये किरपा सब नाहर सैन ।
ठढौ तिनके तट ह्वोरन लैन ॥
सहस्त्र सवार लिए मनसूर ।
किये सुचंदौल सुजान गरूर ॥
कियौ हिय अग्ग सुभट्ट समाज ।
धमंडिय प्रोहित राज सलाज ॥
रह्यौ सब को पुठवार सुजान ।
दिलौदल दाबहि कान्ह प्रमान ॥

रच्यौ अध जोजन व्यूह अनीक ।
बजाइय दुँदुभि माइव ठीक ॥५॥

छन्द घत्तानंद

यौं थपि सिंह सुजान व्यूह अमान
सकल सूर सेनाधिपति ।
सज्जिय पटह निसान तूर भयान
समर हेत चलि मंद गति ॥६॥
फहरत पीत निसान तड़ित समान
कै प्रताप ज्वाला लपट ।
परगन इंधन जान लखि ललचान
लगि उच्छाह मारुत झपट ॥७॥
देत कवाद कमान भरत दवान
जंग हेत रस वीर लहि ।
करत हयंदन छंद सुभट बिलंद
सेल सांग नेजान गहि ॥८॥

छप्पय ।

इहि बिधि दुहुं भट पिल्लिय खिल्लिय लखि संभसँचारनि ।
झटपट मनमथदहन गोसु तहँ लग्गिय झारन ॥
खानसवार सपट्टि एकरद तरथ मनाइय ।
बाम पुट्ठि सुखदानि पानि कर मंडल छाइय ॥
पलभषमहार पुलके गगन प्रेतपूत कुट्टिय किलकि ।
सज्जिव विमान देवांगना हरषि बदन उट्टिय पिलकि ॥

दोहा

बासर के तीजे पहर साजि सुभट करि रस ।
जुटे आइ खोसिंह सह ले मरहट भुज भस ॥

छन्द पद्धड़ी

उत साहि सुभट मरहट सजोर।
धाये भुज भजनु दै झकोर॥
हर हर हकार धर धर धवान।
भर भर भराक इततें दवान॥
मुख जयति देव हरि देव सह।
झपटे ब्रजेस बीरहु मरद्द॥
कड़कंत धनुष करपी कवाद।
सटकंत तीर छुट्टत जवाद॥
गटकंत गड़ाबड़ होत सेल।
भड़कंत भुसंडी चालमेल।
धड़कंत दुह हित स्वामिकाम।
फड़कंत तुरंगम ह्वै मदाम।
झड़कंत झरत आयुध अनेक।
खड़कंत अंग अस्त्रनि कितेक॥
रड़कंत इक्क लगि हय चपेट।
फड़कंत फरहि भर पिट्ठि पेट॥
ठड़कंत देखि परके हयंद।
धड़कंत नहीं छुट्टत सुछन्द॥
तड़कंत तेग सिप्परनु लागि।
चड़कंत अस्थि हय टाप भागि।
पड़कंत पड़े बेलनु अरझि।
बड़कंत घाव श्रोनित सरझि॥
तिहिं औसर गूजर सारदूल।
नेजा उठाइ धाइय सफूल॥
दिय मलु हिये में घाव घोर।
पनि काढि तेग झारिय सजोर॥

इक दबटि दक्खिनी ने उताल।
किय गुलफ घाव नेजा दुसाल॥
तहँ सेनपती स्यौंसिंह धाइ।
हय हंक सेल मेलिय घुमाइ॥
ज्यौं छुधित बाज लखि गन कुलंग।
चुंगल चपेट कर देत चुंग॥
छर इक दोइ हाथर चलाइ।
पर लत्थ पत्थ ही सों खवाइ॥
तहं एक दक्खिनी दृग बचाइ।
दिय जंघ मांझ भाला घुमाइ॥
स्यौसिंह भयौ सौसिंहरूप।
हनि साहि सुभट मृग से अनूप॥
हुव लाल लाल बसुधा कराल।
श्रोनित्तजाल ज्यौं कोहज्वाल॥
जहं सेल संग समसेर ढाल।
बंदूक बान जम्जाल जाल॥
गाहि गहि सुजान भट चंड चाल।
दिय घोर मार दिय लोह झाल॥
मुख मारु मारु कै भरत सार।
बिकरार भगे दक्खिनी अपार॥
रन बिजय पाइ स्यौं सिंह वीर।
घाइल सुमार फर रुपिय धीर॥११॥

दोहा

बिचल पाइ दक्खिनी निरषि कह्यौ सुदक्खिनिसु जोर।
नोव बांस सब संग लै परे घमंडी ओर॥१२॥

छन्द भुजंगी

बजो चारहूँ ओर तैं टाप बाजी।
मनों मेह आसाढ़ की बुंद गाजी॥

पुकारैं दुहूं ओर के बोर हाँ हाँ ।
करी भौंह बांकी चढ़ाईं सु बांहां ॥
छुटी बान कम्मान दम्मान भारी ।
किहूँ भाल भाले बरच्छी सँभारी ॥
हटे जट्ट जुट्टे उतै साहि सैना ।
मिले जुद्ध कौं उद्ध कैं क्रुद्ध नैना ॥
किहूं चाप टंकार हुंकार पारी ।
किहूं धूक बंदूक मैं ज्वाल झारी ॥
किहूं लैस कत्ती धरत्ती घुमाई ।
किहूं सैल की रेल हत्थौं चलाई ॥
तहां आपने आपने हाथ किन्ने ।
तिन्हैं देखिकैं अंबरी मोदभिन्ने ॥
टुटे सार सन्नाह झन्नाहटे सौं ।
परैं छूटि कैं भूमि खन्नाहटे सौं ॥
भुसंडीनु फुट्टे मनौ पिट्टि लुट्टे ।
छरौं खाइ छुट्टे सरौं फेरि जुट्टे ॥
किते रत्त मत्ते उमत्ते घुमत्ते ।
तुरत्ते उठे फेरि लै हत्थ कत्ते ॥
लरत्ते परते बदक्को उमंडे ।
दिसा पुब्बके से जलद्दा घुमंडे ॥
लखैं यो बदक्को चमूं माहिं पैठे ।
धए सूर सूरज्ज सब्बै हकैठे ॥
तहां यौं घमंडी गहैं सैल धायो ।
मनो द्रौन को पुत्त है कोह छायो ॥
किधौं पूत जमदग्नि को जंग रच्यौ ।
बदक्को सहसबाहु पै घाउ बुच्यौ ॥
हनैं सैल सौं जाहि भूमैं पटकै ।
सहसबाहु की सी भुजा लै कटकै ॥

लखें त्यों बदक्यौ भरे जो अचंभे ।
लिखे चित्र के से रहे थान थंभे ॥
हुतो एक पैंत्यार बंदूक त्यौंहीं ।
दई फूंक कैं धूक मुठभेर ज्यौंही ॥
लगी आवने जाव औ जीभ खंडी ।
धुक्यौं बाजतें त्यौं धरा पै घमंडी ।
गिर्यो देखि कैं शत्रु सब्बै सपट्टे ।
लिये आपने आपने सस्त्र कट्टे ॥
पलक् लागतें बाज चर्यौं घमंडी ।
ललक्कार कैं तेग की जंग मंडी ॥
रंग्यौ रत्त सू हत्थ समसेर सोहैं ।
मनौ देह धारैं रसैं जान कोहैं ॥
फुटे जाव कैं जीभ ज्यौं कड्ढि आई ।
तहां देव नरसिंह की सोह पाई ॥
गहे तेग नंगी करी जंग चंगी ।
हनी साहि की सैन यौं श्रोन रंगी ॥
तहां नंद बदनेस के दृष्टि दीनो ।
उदे भान को सो प्रभा अंग भीनो ॥
तुरी तेज कैं सैं हयो हत्थ लीनो ।
हियैं देव हरि देव को याद कीनो ।
मृगाधीस जैसे करी जूह दट्टे ।
षगाधीस ज्यौं व्यालजालै झपट्टे ॥१२॥

छन्द त्रिभंगी

झपट्यौ करि हल्लानि लै भट भल्लनि,
अरि दल मल्लनि समुहायौ ।
जित श्रोहित झुट्यौ गोली फुट्यौ,
श्रौनित छुट्यौ दरसायौ ।

सरसांगनु बुठ्यौ सेलनु तुठ्यो ।
घन सम उट्ठ्यो बरसायौ ॥
धुनि धीर धमंकनि तेगभमंकनि ।
बिज्जु चमंकनि सर सायो ॥१४॥
सरसायो जुट्टे बक्कि बिरुट्टे
अहिधर कुट्टे ज्यों रन मैं ।
तिरसूल सकत्ती रत्त निरत्ती
ज्वाल भरत्ती अगिगन मैं ।
करि खंड निखंडे यमनि उदंडे
धरनि बिहंडे परचंडे ।
बहुरुंडनि मुण्डनि तुण्डनि भुण्डनि
श्रोनितकुण्डनि फरमंडे ॥१५॥
फरमण्डे बत्थौं लत्थकपत्थौं
लुत्थिनु जुत्थौं काटि करै ।
घन घाइ भभक्कत सेल हबक्कत
कोइ दबक्कत जात टरै ॥
बहु सस्त्रन बाहत कोइ कराहत
फिर फिर चाहत भूमि परै ।
दे दे रव रट्टिय भट्टकपट्टिय
उट्ठिय कट्टिय भूमि भरै ॥१६॥
भरि बत्थनि पटके दै दै झटके
हयसैं पटके श्रौन झरै ।
असिनुके चटके टापनु बटके,
अंतनि अटके जाइ परै ॥
केते घट घटके आयुध कटके
लेते सटके संक भरै ।
तिंहि सूरज बंका देर नहंका
करि अरि फंका दूरि करै ॥१७॥

दोहा ।

काट फटे निबटे छुटे लखे साहि दल जंग ।
फते पाइ सूरज बलो लख्यो सु प्रोहित अंग ॥१८॥

कवित्त ।

द्रोन अथवाई, द्रोनी क्रप अचवाई खाई ।
सोईतैं जगाइकैं, बुझाई प्यास अण्डोकी ॥
ताही खेत प्रेतनु पलाकैं भट पीठनुके
मुण्डनु के बाट हाट आमिष उदण्डी को ।
सूदन दिलीसदल चाहि कैं समर गाहि
साहि को प्रतापानल खग्गजल ठण्डी को ।
लागि कै भुसुण्डी जीभ जाव जुग खण्डी तजि
छंडी है न जङ्ग भण्डी कितियों घमण्डी को ॥२९॥

सोरठा ।

प्रोहित लख्यो सुमारु, हय पै सिंह सुजाननैं ।
ज्यों तनु लहै कराह त्यों तुमको मैंलैं चलौं ॥२०॥
कछू भूमि चढ़ि बाज कछू खाठ कछु पालकी ।
लै प्रोहित ब्रजराज दाखिल निज डेरनु भयौ ॥२१॥

कवित्त ।

पाई गननायक सौं तैं ही गननायकता
त्यों ही दिगपाल दिगपालता प्रतीति को ।
तेज पायौ रवितैं मजेज सतमष पास,
अवनी को भोगिबो अधिक नाथ नीति को ।
सीलताई ससितैं पवित्रताई पावक तैं,
लाज पाई सिंधुतैं सुनीति वेद रीति को ।
सूदन अभीत सर्वज्ञता सुबुद्धि सूजा
दीनी जगदीस बिधि तोही जङ्ग जीति को ॥२२॥

छन्द समानिका ।

बोतिगो कछू दिना जङ्ग किये बिना ।
एक घोस भोरहीं दे निसान घोरहीं ।
ह्वै सवार तत्थही लै अभीर सत्थही ।
सो वजीर आइयो मन्त्रकों उपाइयौ ।
श्रीसुजान पासकों कूंचके प्रकास कों
थापि मन्त्र ता घरी कूंचको हियें धरो
तब्बही पयान के ईति भीति मानके ॥२३॥

तुङ्ग छन्द ।

उठत प्रबल सैना कहत सुघल सैना ।
उमड़ि घुमड़ि आए मनहुं जलद धाए ।
हय गय रथ प्यादे सुतर सुभर लादे ।
गगन घन पताका बहु बरन बलाका ।
धम धमत दमामैं पटह बजत आमैं ॥२४॥

छन्द मनहरन ।

पयान कह्यो मनसूर सुजान ।
निसान धुजानतु पैयतु पार ।
बिचार हियैं यह खेतहिं देत
काटे मुदई कछु, भूमि अगार ।
तजो तिलपत्ति बजी तुरही
सुरजी सब सैन बजावत सार ।
दिये गढ़ बल्लभ कों पुठवार
किए भट भौरनु थान अपार ॥२५॥

छन्द मदनहरा ।

सो खबरि पाइ पोता निजाम कौं
अब वजीर मनसूर टर्यौ, उतकूच कर्यौ ।

तबहीं सजाइ सादल नजीबखाँ
सकल अरावौ अग्ग धर्यौ, यह हुकम कर्यौ ॥
तुम हरवल चलौ मीर बकसी लै
आज बदरपुर आइ परौ, रन फजर करौ ।
मुझ कौं भी पास जानियौं अपनै
मिमक साहि का दिलहिं धरौ, खतरा न करौ ॥२६॥
वे आइसु पाइ गाजदीखां कौ
सब अमीर भलभलहिं रढ़े, हिय हरषि बढ़े !
सादल नजीब महमूद आखबत
जैता गूजर सहित कढ़े, रव जुद्ध पढ़े ।
सब नौमबास दखिनी पेसौरी,
सह मीर बकसींहि चढ़े, तन तेह उढ़े ।
दै दिग्घ निसान बान बहु गोमुष
तूर बांकिया सद्द बढ़े, भुव गगन मढ़े ॥२७॥

दोहा

हुकुम गाजदींखान कौ सब अमीर धरि सोस ।
बढ़ौ अरावौ अग्ग धरि हय सहस्स चढ़ि बीस ॥२८॥
सहिजिहानाबाद तें है जोजन भुव बड्ढि
सब डेरनु चौकस करिय फेरि जुद्धकौं चड्ढि ॥२९॥

छन्द चर्चरी

सो सुनै मनसूर सूरज सूरवीरनु सज्जियं ।
बज्जियं बहु दोह दुन्दुभि व्योम भूमिहिं गज्जियं ।
ह्वै सवार न वार लग्गिय रग्गि वग्गिय सायुधं ।
दै धवान जवान धाइय धुन्ध छाइय वायुधं ॥३०॥
वाजकै गजराज पाइक सम्भि साइक चक्कियं ।
कोस चारि धरा लई भट जुद्ध कुद्धहि रक्कियं ।

ह्वै हरौल सुजान बढ्ढिय सब्ब सूरनु सङ्ग लै।
आस पास वजीर रुप्पिय जङ्ग हेत उमंग लै ॥२१॥
तत्थ ही छन हत्थ आयुध सत्थि सो वलिराम है।
गत्थ सौं सुखराम सिंह प्रताप कूरम नाम है।
जत्थ जोरि बलू बली बलवण्ड सूर कटारिया।
हत्थ सांग सम्हारि लछमनदास पाखर रारिया ॥२२॥
विप्र मोहन रुप्पियौ हरि नागरौ भटजूह लै।
भेद सिंह सिधावती हरिवल्ल वेरि समूहलै।
है वली व्रजसिंह किरपाराम नाहरको ममा।
दब्बि भूमि खड़े भये लगि होन जङ्ग भमीभमा ॥२३॥

छप्पय छन्द

तावलतैं कढ्ढिय अमान चढ्ढिय हयन्दवर।
वट्टिय रस रट्टिय सुवीर हरिदेव नाम गर॥
पट्टिय रन मट्टिय सुलोह डट्टिय अनीक पर।
उट्ठिय दृग गट्ठिय भुजान लट्ठिय कमान कर॥
धरि मुच्छ हत्थ बड़ हत्थ भर सत्थ सहित सनमुख धइय।
अरिसाल सु वैरीसालसुत सुहकमपन सुहकम भइय॥

छन्दवान्द

कढ्यौ सूर सेनतैं सूर ता वार।
अभिमन्यु ज्यौं जुद्ध कौं क्रुद्ध लैसार॥
मतिगान के जुद्ध तैं बढ्ढि मातङ्ग।
गनै नाहिं काहू घनै कै हनैं अङ्ग॥
रुक्यौ नाहिं रोक्यो धुक्यौ सामुहैं सुद्ध।
चमू कन्दरातैं मृगाधीस ज्यौं क्रुद्ध॥
कियो तेज वाजी उमंगै भयौ अङ्ग।
महासूर के लच्छनै अच्छ लै रङ्ग॥
गहे सेल समसेर समसेर ह्वै बीर।

लखो साहि सेना भखो ना लह्यो धीर।
लख्यो दोह दिल्ली दलोंमे बच्यो खेत।
कह्यौ कौन हैं कौन है रे फते लेत॥
सवाधान ह्वै कैं सतौं बोर दै हाँक।
कढ़े साहिकी बाहनी तैं भरे साँक
रटे लेउ रे लेउ पावै नहीं जान।
हटे फेर संकै करैगो घनो घान॥
बिलोकैं बकैं आपुसी मैं भरे भौर।
नहीं जाउ रे या बलौं कैं कहूं तौर॥
तबै तीर गोलीनु को चोट संभारि।
सबै ठौर ठाढ़े रहे रोपियौ रारि॥
जबै सत्रु देखे बढ़े आपनो ओर।
तबै रोस कै रंग मैं आप कौं बोर॥
मुहक्कम्मह्न ह्वै मुहक्कम्म ता बार।
तहीं चित्त चित्यौ यही सार संसार॥
हियैं स्वामि के काम को बानि कौं आन।
मुखै देव हरदेव हरदेव को गान॥
घुमाये सहत्थो चल्यौ गोल पै धाइ।
छटंडी भुसंडी करो बोच छोकाइ॥
लगें मर्म गोली गिर्‌यौ भूमि गन्नाइ।
तिहीं बार सत्यौ गये भाज ज्यौं बाइ॥
मिहाय्यौ महीपै कहो सत्रु ता बेर।
मर्‌यौ रे मर्‌यौरे लही सीस कौं घेर॥
सुने सद्द कौं धाइयौं सूर कै सूर।
उते साहि सैना सपट्टो मनौ हूर॥
हुते दूरि ए वे सुनौरे गए आइ।
परे पै करैं सांग समसेर के घाइ॥
लटकैं धरातैं कटकैं लयौं सीस।
पर्‌यो हूकके हार मैं मो बिसै बीस॥

तहाँ बीर बलिराम आयो गहे तीस।
महा क्रोह सौं ओंठ दंतौं गये पीस॥
चले सीस सो काटि तेई लये दीस।
गही सेल सांगें दई बीस कैं तीस॥
कुटेऊ फुटेऊ बुटे साहिके लोग।
लिये सीस पैठे चमू आपनो जोग॥
लख्यो खेत खाली सु बलिरामऊ चाहि!
नहीं या चमू सौं चमूमें धस्यो आहि॥
बिचार्यो सही जुद्धकौं चित्त के मांझ।
छटी साहि की सैन भू पे भई सांझ॥
मुहकम्म को तहास ले आइयो तब्ब।
धस्यो आपनी फौज मैं सो बिना गब्ब॥१५॥

कवित्त

एक दस सौक गैं न सहस अयुत बीच,
लच्छ दस कोटि मैं न काहू नर दम है।
साहस समूह सूरवीरन को साहीदार
सनमुख धायो कहा कलिऊ में कम है।
सूदन समरसाहि सेन टन तूल गनी,
हनी देह गोलिन न खाई खेत खम है।
तन मन धन रन ऐसे मुहकम छोड़,
जैसो वैरीसालसुत जूझ्यौ मुहकम है॥२६॥

सोरठा

यह सुनि सिंह सुजान, निरखि सांझ मन मौन गहि।
सहित वजीर अमान दाखिल निज डेरनु भयो॥२७॥

हरगीति छन्द

भूपाल पालक भूमिपति वदनेसनन्द सुजान है।
जा ने दिलीदल दक्खिनी कीने महा कलिकान है।

ताको चरित्र कछूक सूदन कह्यौ छंद बनाइ कैं ।
रनजित्ति एक सुवित्ति सुहकम अंक पंचम पाइकैं ॥३८॥

इति पञ्चम अङ्क ॥५॥

छन्द पादाकुलक

पुनि गाजद्दींखान चिंतियौ चित्त मैं ।
माधौसिंह बुलाइ करौं निज हित्त मैं ।
आपा और मलार वेग बुलवाइये ।
आपुन हो पुठवार इन्हैं उरझाइये ॥१॥
तब फरमान लिखाइ बहुत इलकाब दै ।
भाईपनो जताइ तेग सिरपाव दै ।
अकबर मान समान आप दिल मानियौ ।
इसू बखत सैं सखत और नहिं जानियौं ॥२॥
हस्त रोज के बीच कस्त करि आवना ।
दस्त आपके पस्त हरीफ करावना ।
यौं फरमान लिखाइ डाक चलवाइ कैं ।
माधौसिंहहिं पास दयौ पठवाइकैं ॥३॥

दोहा

फेरि दक्खिनजु कौं लिख्यौ आपु गाजदीखान ।
सूरज औ मनसूर मिलि किया तखत कलकान ॥४॥
जद सैं किबलेगाह कौं संग ले गये आप ।
तद सैं इन्हौं मुखालफी हम सैं रक्खी थाप ॥५॥
अवधि आगरा साहि नैं तुमको दियौ बताइ ।
नगद खर्च जो फौज का चामिल लैना आइ ॥६॥
एक चांद के अन्दरौं तुमैं आवना रास ।
यह लिखि सुतरसवार कौं भेज्यौ दखिनिजु पास ॥७॥

छन्द सुमुखी

पुनि दल सज्जिय घोर घनौ ।
पटह गरज्जिय मेघ मनौ ॥
फहरत हैं सितस्याम धुजा ।
भ्रकन करोत सुनील हुजा ॥
चढ़त चमू चतुरंग महा ।
उड़ि रज अम्बर भान गहा ॥
महित अरावहिं कूच कियौ ।
तबहिं फरीदहिंबाद लियौ ॥८॥

छन्द खंधा

साहि सुभट धरि अंग अरावौं,
आनि फरीदाबादहिं छाए ।
सूरज सफदरजंग तुरंगन,
भेजि सवार अधिक अकुलाए ।
या विधि बीति गए बहु बासर,
हयगय सुतुर घने हनि लाए ।
वेज जबरजंग गहि चोटनु,
चोटनु देत कोस भुव आए ॥
तौ लौं अन्तरवेद जबत करि,
गंगा न्हाइ हुकुम पितु पायौ ।
रविजा दरस परसु ब्रुन्दाबन,
सूरज पास जवाहर आयौ ॥
सो सुनि कै मनसूर मुदित ह्वै
फेरि समरको मत ठहरायौ ।
हिम्मति बढ़ति सुभट कौं रन मैं,
ज्यौं हुकमी आयुध कर आयौ ॥९॥

छन्द मोदक

सूरजमल्ल अपनी चित सोचत ।
जङ्ग बिना चित सोचनमोचत ॥
माधव औ दखिनी जब आवहिं ।
तौ इन सौं नहिँ जङ्ग रचावहिं ॥
जौ लग वे नहिं आवन पावत ।
तौ लौं साहस एक उपावत ॥
एक झपट्ट करौं बिनु संकहिं ।
लैं मनसूर हजूर सुबंकहिं ॥
तोपनु ओट करैं बहु चोटनु ।
तै असि सांग हनौं अरिमोटनु ॥
यौं निहचौ करिकैं अपने मन ।
बोलि नवाब कह्यौ रन कौं पन ॥१०॥

छन्द बैतवे

सजे सब सैन कौं यारो तहां मनसूर आया है ।
कही क्या है बहादुर दिल सुजानै यौं सुनाया है ॥
नहीं बद नेक कौं जानौं मुझे तौ दस्त साया है ।
भला जो होइ सो करना खुदानैं तू बताया है ॥
तबै मनसूर सौं सूजा हुइ कर जोरि कैं भाख्यौ ।
हुकुम जो आपकौ पाऊं सही करि जंगमैं राख्यौ ॥
रही पुठवार पै ठाढ़े सुमुदई को डरावे कौं ।
उठाये आज मैं बागैं निहारूंगा अरावे कौं ॥
भये षट मास संगर कौ इनै भट फोरियौ यानै ।
बिलोके ताहि क्यौं रहिये हियौं उनमान ना मानै ॥
सुनौ मनसूर ए बातैं कही तौ देर क्या करना ।
कहो जिस जोर सैं मुझकौं नहीं टरना सही लरना ॥

यही ठहराइ कैं दोऊ जवाहर सौं जताया है ।
रही पुठवार सैं मुहकम तुमैं हम यौं बुलाया है ॥
रहौ चन्दौल तुम गाढ़े करैं हम जङ्ग तो आगे ।
तुमारे चारिहू बकसी उठावैं संग ही बागैं ॥
निसां इस ठौर सैं खातर बजौरैं यौं सुनाया है ।
तुमारे लोगबागौं से हमैं इतकाद आया है ॥११॥

छन्द आभीर

यह सुनि सूरजपूत, अति रनपन मजबूत ।
बोल्यौ बुद्धिनिधान, हाथ जोरि मुखबानि ॥
आपकरी बहु जङ्ग, मैं अब ह्वायौ गङ्ग ।
अब रहि ये पुठवार, मोहि बतैये रारि ॥
कीजे अरज कबूल, जो चित चाहत फूल ॥१२॥

कवित्त

पूत मजबूत बानो सुनि कैं सुजान मानो,
सोई बात जानो जासौं उर मैं छमां रहै ।
जुद्ध रीति जानो मत भारत को मानौ,
जैसो होय पुठवार तातें जग अगमा रहै ।
बाम और दच्छिन समान बलवान जान,
कहत पुरान लोक रीति यौं रमा रहैं ।
लाल जू समर घर दोउनको एकै विधि,
घरमैं जमा रहै तो खातरजमा रहै ॥१३॥

दोहा

मरजी पाइ सुजान की सिंह जवाहर बीर ।
हुकुम मानि कैं बाप को भयौ चंदौल गँभीर ॥१४॥
भरतसिंह अरु लाल जी राजा गूजरतत्थ ।
सूरति सेना जुत करे सदाराम कै सत्थ ॥१५॥

छन्द तोमर

तबहीं सुजान अमान, उठि जुद्ध कौ बलवान ।
किय बाम ओर बजोर, तिहि सङ्ग सेन गँभीर ॥
पठयौ सुदच्छिन ओर, करि सदाराम सजोर ।
पुनि बोल सिंहप्रतापु, यह कह्यौ सूरज आपु ॥
धसि सामुहैं बड़ हत्थ, तुव निकट सिंह भरत्थ ।
तिहिं पुब्ब बक्सू बीर, थपियौं सुजान सुधीर ॥
बलिराम सूरति राम, सुखराम तोफाराम ।
पुनि जैत सेवापूत, अरु पाखरा मजबूत ॥
जे कृष्णा मनसाराम, वह स्यामसिंह सुनाम ।
किसनेस पुहपा बीर, सजि सैन चढ्ढिय धीर ॥
किरपा सु लछमन दास, हरिसुक्ख मोहन पास ।
हरि नागरी द्विज जोर, हरिबल कियौ इक ओर ॥
फतेसिंह जधमनंद, ब्रजसिंह बुद्धि बिलंद ।
बहु और सूर समूह, रन काज चढ्ढिय जूह ॥१६॥

छप्पय

अखेसिंह अमनैत बीरवर हरिनारायन ।
कुसल पूत मजबूत तत्थ सूरति रनचायन ॥
देवीसिंह कुंवार और बहु जट्ट ठट्ट गनि ।
चरि बर्न असि धर्म सबे सिरदार सार भनि ॥
दिन भाग चतुर्थम के समैं उर उछाह सुभटन मढ़िय ।
सूरज समान सूरज बली समर काज हय पर चढ़िय ॥१७॥

छन्द गगनंगन

ठंडन दुबिन बिहंडन मंडन किय बलवंड है ।
दंडन धरिय उदंडन सक्ति डंड परचंड है ॥

खंडन चहत बितंडन कटि बंधिय किरवान है।
स'कार मनहुं भयंकर चढ्ढिय सिंह सुजान है ॥१८॥

कुण्डलिया

चढ्ढिय जब सूरजमली बढ्ढिय भूरि गरद्द।
मढ्ढिय अवनि अकास उडि रढ्ढिय निज मुख सद्द।
रढ्ढिय निज मुख सद्द आजु सब मो मत किज्जिय॥
अनहौंनो नहिं होय तोपखानो अस दिज्जिय।
दिज्जिय अरीहिं न जान मास षट की रिसकढ्ढिय।
यो कहि कैं तिहिं बार जङ्ग हित सूरज चढ्ढिय ॥१९॥

कवित्त

भूतनु सहित भूतनाथ मजबूत भए,
पूतनु जगायौ सुनि चण्डिका अवास मैं।
चरबीचरैयनु कैं घरबी रह्यौ न कोई,
धरवी अधरवी घुमानै भूष प्यास मैं।
बीरबाम बिहँसि बिहँसि कै विमान चढ़ौं,
हर मन हरष बजायौ बीन हास मैं।
जा समै समर काज पास मैं सुनायौ सूर,
वा समैं अनन्त मोद बाढ्यो भू अकास नैं ॥२०॥

पद्धड़ी छन्द

जव्वै सुजान किन्नौ पयान।
सव्वै सुभट्ट दै दै निसान॥
ज्यौं भीम भीम भारथ रिसान।
तुरकान कौरवन करन घान॥
आवज अनेक बज्जैं भयान।
अति उच्च पताका फरहरान॥

छहनन्त छुब्ब छक्कत किवान ।
ठहनन्त टाप लग्गत पषान ॥
ढहनन्त ढाल ढक्कनि ढलान ।
खहनन्त कवच धावत धवान ॥
छहनन्त जङ्ग हय घुघरान ।
झहनन्त जिरह लग्गइ पमान ॥
ठहनन्त सिप्परनु लगि कपान ।
भहनन्त भूरि भेरी भयान ॥
सहनन्त सेल सर सर सरान ।
फहनन्त प्रबल पाइक अमान ॥
छहनन्त छोनि छूवत छवान ।
घहनन्त घण्ट गजगति गरान ॥
दहनन्त दाव जिमि दिष्टि आन ।
धहनन्त धिङ्ग धूमनु धवान ॥
करि लावदार दीग्घ दवान ।
गहि सेल साँग हुव सावधान ॥
केतेक धीर सन्धो कमान ।
केतेन तेग राखी भुजान ॥
गुनगाइक किय वीरनु बखान ।
सैंधु सुर पूरिय तिहीं थान ॥
सुनि सूरवदन जिम उग्गो भान ।
हुव मुच्छ केस मुख सिंहमान ॥
मुख देव देव हर देव आन ।
हिय स्वामि काम पन किय जवान ॥
तहां सदाराम सब सहित पान ।
बिय भर्तसिंह अरि दुःखदान ।
कूरम प्रताप बलिराम जान ।
सूरत कटारिया उर कृपान ॥

हरिनाराइन रन चक्कवान ।
लछिमन पाखरिया किय उठान ॥ *
ए सब सुभट्ट झपटे हलान ।
समुहान दिष्ट करि तोपखान ॥
घमसान हेत बड्डे गुमान ।
आयुध अनेक अवसान आन ॥
यह घोर कुलाहल तुरक कान ।
परियो अचान रिस झलझलान ॥
जे तोपखान के पासवान ।
बहु मुगल सेख सैयद पठान ॥
जे हपे तोपखाने सयान ।
तिन लोहजन्त्र झारिय कसान ॥
जम्बाल भुसुण्डी रहकलान ।
हथनाल घोर घुरनाल तान ॥
सँवछर अनेक पलभष अचान ।
जहं अप्रमान कुहकै सुवान ॥
तहं जवर जंग गज्जिय गरान ।
ते लगि कसान झर झर झरान ॥
कहुं सरसरान कहुं फरफरान ।
हमि सलक होति घर घर घरान ॥
भू अचल अचानक अरअरान ।
बह प्रबल धूम चढ़ि आसमान ॥
तिंह को न और उपमान आन ।
मनु विंध्य अचल पाइय पखान ॥
मुनि भीति चलिय उठि रतन सान ।
कैसे सखास पावक प्रमान ॥
गलके समान गोला सगान ।
फंकार सह कालकान कान ॥

इत जह ठह झपटे भिलान।
दुम गोल गोल बीचहिं मिलान ॥
तिन कियौ सुभट बहु कचरघान।
तउ सूर सूर तहिं बिलबिलान ॥२१॥

छन्द नाराच

कितेक टुट्टि सीस चुट्टि ग्रीव फुट्टि टुट्टियं।
कितेक खुट्टि पीठ पेट खेत मांहि लुट्ठियं।
कहूंक रुण्ड मुण्ड ड्रुण्ड झुण्ड पाइ उड्डियं।
समेत बाहुदण्ड ढाल उड्डि जेम गुड्डियं ॥
कहूँ क्रवाल अस्त्रजाल लोह झालबुड्डियं।
कहूँ क्रवाल अस्त्रजाल व्यालरूप कुड्डियं ॥
किते कवच्च फूटि अच्छ कच्छ तच्छ गच्छियं।
कितेक लच्छ टूक ह्वै उड़ेत जेम पच्छियं ॥
कितेक ख्याल ख्याल ह्वी कराल काल भच्छियं।
कितेक फरफरन्त रत्त नीर जेमि मच्छयं ॥
बरष्षि गोल गोलियं हरष्षि माहिके भटं।
धरष्षि सूरसेन कौं कस्यौ तिमेष ज्यौं नटं ॥
तहां उदाम काम कौ सदासुराम रुट्टियं।
महा उताल उट्ठियं गहैं क्रवाल मुट्ठियं ॥
छुटी दवान अन्धधुन्ध धुन्धमाक धुक्करं।
मनौ मलिन्दयाचलै फनिन्दवृन्द फुक्करं ॥
इतै उतै धमाधमी भई जुमार छार कौ।
वृषादिभानको समीर छार अन्धकारकौ ॥
तहां सदासुराम कैं दवा न चोर लग्गियं।
फुटो सुवाख पिट्ठि ह्व तऊ न वोर वग्गियं ॥
सुमार चोट खाइ कैं दिवान खेत खग्गियं।
अपार गोल चाल मैं चमू बिहाल दग्गियं ॥

छटे फटे बटे कटे हटे कितेक तारनं।
बिलोकि श्रीसुजानने यथ्यो संवारकारनं॥
हथ्यौं संभारि कै हथी पसारि दिष्टि कोह की।
जहां खरो परै भरो असार गोल लोह को॥
हयन्द हक्कि अग्गियं भयंद भेष धारियं।
मनो षड़ाननै चथ्यौ क्रवंच पै सम्हारियं॥
धमक्कि धिक्क धाइयौ खमंकि बाज उहकौं।
मनौं दवागि पानकौं कथ्यौ सु कान्ह क्रुद्धकौं॥
उठाय बाग उप्पथ्यौ सुविप्फथ्यौ फराक मैं।
महा अराक अड्डियौ धमाक धुन्धराक मैं॥
तहां धराधरी करी भराभरी भरब्भरं।
झराझरी झराझरी खराखरी खरब्भरं॥
धथ्यौ असाढ मासमैं कुमार श्रीब्रजेसकौ।
घटा गुबार में भयो प्रवेस ज्यौं दिनेस कौ॥२२॥

छप्पय

उहिं औसर सुखराम मान दीवानतनयवर।
हय झपट्टि हुअ अग्ग सिंह सम जहं सुजान नर॥
कथ्यौ तत्थ यह वचन महाराजाकुँवार सुनि।
उग्ग दुग्ग रचि चार कहा यौं ह्वै मरियै भुनि॥
उत काठ लोह कै अगनिभर हत मनुष्य संहार हुव।
बिन दृष्टि सत्रु आये करत नहिं साहस यह कुमति तुव॥२३॥
लखि बोथ्यो नृपकुँवर झलझलत झाल सुसांगहि।
कै मुहि दे रन जान नाहिं अब हनतु तोहि रहि॥
पुनि भाषिय सुखराम काम लाइक भल किज्जहि।
मोहि मारि अब अग्ग पग्ग अग्गौं अब दिज्जहि॥
सब देस दुग्ग दीरघ पिता सुत सोदर तुव मुख चहत।
दौ दाव कोट ज्यौं परत क्यौं निजु स्वारथ हमहूं कहत॥

छन्द भुजङ्गी

तहां बोलियौ रोसकें फेरि सूजा ।
चरे सामुहैं ते परे रे क्यों न तू जा ॥
जुरें जुद्ध के दुग्ग चौर देस कैसौ ।
कहा बाप बेटा सु भैया चनैसौ ॥
जुहै दार सौं कोस सों देह नातौ ।
बँध्यो नेह मनसूर सों सो कहां तौ ॥
बिना ताहि देखें नहीं बाग मोरौं ॥
किती तोपखानैं तजौं देह तोरौं ॥
तिहीं काल बेहाल उत्ताल चायौ ।
हयो खेत इसमाइलौ संक छायौ ।
लखे जाइ सूजा खरोई रिसायो ॥
कहैं धिक्कु रे धिक्कु तू भाजि चायौ ।
गहैं संग मनसूर तो से कपूतें ।
लहै जित्ति कैसें सबै साध धूतें ॥
भख्यौ भौति सो वां कछूवै सुन्यो ना ।
गयौ भाजि कै नैन पाछैं कह्यौंना ॥
तहीं खेत मैं पाखरोमल्ल चायौ ।
लख्यो सिंह सूजा महाछोह छायौ ॥
तबै पाषरा बुद्धि जी मैं बिचारी ।
चह्यौ जङ्ग सूजा तहां यों उचारी ॥
चलौ साथ मेरे वजीरै दिखाऊं ।
किती तोपखानै फते लै कराऊं ॥
इती बानि सूजा सुनै बाज हंक्यौ ।
चल्यौ पाखरा संगही ह्वै चसंक्यौ ॥
दई घोर चन्ध्यार मैं घोर धाई ।
कभूं सामुहैं दाहिने बाम धाई ॥

घरी अहमें ले वजीरै दिखायौ।
लखे सूर मनसूर ज्ञ जीव पायौ॥
कह्यो आफरीं आफरीं सिंह सूजा।
नहीं हिंद हिन्दू सरी तोंहि दूजा॥
तहां नन्द बदनेस के फेरि भाषो।
लखौ जङ्ग मेरो रह्यौ पुट्ठो साषो॥२५॥

पद्धड़ी छन्द

सुनकें सुजान बचननु वजीर,
कहियौ हजार रहमति सुवीर॥
तुझ कौं न दोस मेरा कलाम।
नहिं जङ्ग काम हुइ निसासाम॥
इस वक्त सख़्त तैं कौ जु मार।
सबही सिपाह हुई सुमार॥
तिसका सुमार करना जरूर।
अब अवस जङ्ग करना गरूर॥
नहिं आफ़ताब को रह्यौ जोत।
अपना न गैर मालूम होत॥
खुशवक़्त मुझे करना जु तोहि।
तौ डेरनु दाखिल करौ मोहिं॥
अब बड़ी फजर जो होंनहार।
रब को रजा सु करना बिचार॥
सूरज समझायौ यौं वजीर।
पुनि डेरनु लायौ धीर धीर॥२६॥

दोहा

यौ तोपन की जङ्ग मैं सूरज कियौ अवाद।
ज्यौं होरीभर बीचतैं हरि राख्यो प्रहलाद॥२७॥

छन्द त्रोटक

पुनि भोर भये बहु तोप दगीं ।
इत उत्त धमाधम होन लगी ॥
छिपि भान गयौ मिस फेर भई ।
दुहुं ओर झरीझर लोह मई ॥
पुनि अगत सूर अरत्थ गयौ ।
उनि साहि कही रहि जाय लयो ॥
गज ग्यारह ऊँट तुरङ्ग घने ।
इनि लावत भौ मजबूत मने ॥
पुनि कौंनिय दौर दिलीसदलं ।
गढ़बल्लम पूरब ओर भलं ॥
इस खेत प्रमान रहे जबहीं ।
बलिरामहिँ सूर कह्यौ तबहीं ॥
चढ़ि जाइ इन्हें दबटाइ धरे ।
बढ़ि आवतु हैं चहुँ ओर खरे ॥
यह आयसु सिंह सुजान दियं ।
उठियौ बलिराम हरष्षि हियं ॥
असवार भयौ गढ़ते कढ़ियं ।
जिमि सिंह छवावन तैं बढ़ियं ॥
तब छत्तर साल सन्तोष हुवौ ।
अरु राम बलौ असवार हुवौं ॥
पुनि जोधहु सिंह सवार हुवं ॥
गढ़ बैरि रहांतिहिँ अग्ग हुवं ।
अरु पाथर हूँ लछिमन महा ।
हय हंकि धमँकिय जोर गहा ॥
सतअर्धं सवारनु लै दबर्यौ ॥
झपर्यौ अति साहि दलै लपर्यौ ॥

दस पांच बँदूक तहां धमकीं ।
पुनि सांगहि सेल चलै झमकीं ॥
उतक्ष सिरदार महामन कौ ।
किय आनि अमोलनु कौ झनकौ ॥
इततैं बलिराम उठाइ हयं ।
कर सेल घुमाइ हरीफ हयं ॥
उनहू असि झारिय रोस सनं ।
बिचही गहि काटिय सेलरनं ॥
लखि जोधहु सिंह उठाइ परं ।
हिय सेल हवक्किय मोर मरं ॥
हयतैं सु गिस्यौ वह भुम्मि भरं ।
बलिराम दई एक तेग गरं ॥
हनि तासु सिरै बलिराम बलौ ।
तिहिँ सैनहिँ धाइय देतु झलौ ॥
सबही भट चोटनु देत भये ।
अपने अपने अरि बांट लये ॥
मरते परते भट साहि भजे ।
रन पाइ विजय भट सूर गजे ॥
बलिराम फिस्यौ ढिग सूरज कौं ।
सुबजाय विजय रन तूरज कौ ॥२८॥

दोहा

कछुक द्यौस बीतें तहां आयौ माधव भूप ।
दस हजार असवार कौ साजे सैन अनूप ॥२९॥
प्रथम माजदौखां मिस्यौ पुनि मनसूर सुजान ।
मधुकर ने समझाइ कैं मनौ सन्धि कौ ठान ॥३०॥
तुम हम से बक साहि के हुकम बजावनहार ।
आपुस के अहँकार सो होतु दिलो संहार ॥३१॥

यों कहि कैं आमिरपति सब कौं दियौ मिलाइ।
ताहि अहमंद सौं दुहूँ दीने बिदा कराइ ॥२२॥
चल्यौ अवध के मुलक कौं दर कूचन मनसूर॥
सूरजहूँ कौं सङ्ग लै ब्रजकौ चले जरूर ॥२३॥
सिंह जवाहर सौं कह्यौ छोड़िल करहु मुकाम।
संग तुमारे हम लखें ब्रजेस यह काम ॥२४॥

कवित्त

मदन के जोरही सौं मदन कौं साध्यौ जिनि
थलंन सँभार्‌यौ केलि जलके प्रवाह तें।
धन के समान बड़े बन कौं बिहारी सब
जन कौ बिसारी सुधि तनके निबाह तें।
सूदन उछाह तें कहतु कवि राह तें
सुचाहतेंहू चाहतें प्रबट वैरी धाह तें।
दिल्लीनरनाह गज ग्राह मनसूर गह्यौ
माधव ने आइ ज्यौं छुड़ायौ गजग्राह तें ॥२५॥

छन्द पवंगा

सिंह जवाहर सङ्ग चल्यौ कामठेसह।
आए कामां तहां मिले बदनेस ह ॥
लै आए पुर दीघ कियौ सनमान हैं।
मधुकर नेह जताइ गयौ निज थान है ॥२६॥

हरिगीत छन्द

भूपाल पालक भूमिपति बदनेसनन्द सुजान हैं।
आगे दिलीदल दक्खिनी कीने महा कलिकान हैं ॥
ताकौ चरित्र कछूक सूदन कह्यौ छन्द बनाइ कैं
किय सन्धि कूरम दुहुन की रचि अङ्ग समम आइ कैं ॥२७॥

इति श्रीमन्महाराजकुमारज् व्रजबलावन्तस
श्री सुजानसिंह हेतवे कवि सूदन विरचिते
जानचरित्रे दिल्लीविध्वंसनोनाम सप्तमो अङ्क ।

सम्पूर्णम् ।

Padmakar is ordinarily known to us as the author of the *Jagat Binod*, a work on *Ars Poetica*, but he seems to have been a man of a versatile genius and like beggar poets, ready to make his muse dance to the tune of any body who paid him. Like most poets who flourished under special patrons, he was from the very beginning of his career, accustomed to write verses in praise of his patrons. He was a Telang Brahman and one of his ancestors Madhukar Bhatta migrated to Garhapattan on the banks of the Narbada in 1615 V.E. From Garhapattan Madhukar removed to Brij, some members of the family settling down in Muttra, others in Gokul. A scion of the Muttra branch went over to Banda though Padmakar's father Mohanlal seems to have been living in Saugor where Padmakar was born. Mohan Lal was not only a Hindi poet but a Sanskrit scholar and a *mantra shastri* on account of which he was highly respected by Raja Raghunath Rao Appa Sahib of Saugor, as also by the Chiefs of Panna and Jaipur. It is said that the first verse which his son Padmakar ever composed at the early age of sixteen was the following in praise of Raghunath Rao.

संपति सुमेरु की कुबेर की जु पावै ताहि,
तुरत लुटावत बिलंब उर धारै ना।
कहै पद्माकर सुहेम हय हाथिन के
हलके हजारन के बितर बिचारै ना।
गंज गजबकस महीप रघुनाथराय,
याहि गजधोखे कहूं काहू देइ डारै ना।

याही डर गिरिजा गजानन को गोइ रही,
गिरि तें गरे तें निज गोदतें उतारे ना।

After sometime, Padmakar had to leave the court of Raghunath Rao and as he was also a *mantra shastri* like his father, None Arjun Singh of Sungra, a village two miles from Kul Pahar in Hamirpur District, became his *chela* and had his sword consecrated by the recitations of Chandi. How and when he went over to the court of Himmat Bahadur and under what circumstances he composed the *Himmat Bahadur Birdawali* and described the battle in which None Arjun Singh was defeated, is yet unexplained. He seems also to have attended the court of Daulat Rao Sindhia of Gawalior and composed his *Alijah Prakash.* In Gwalior he received an invitation from Maharaja Pratap Singh of Jaipur. Pratap Singh was himself a poet and received Padmakar with great honour. Pratap Singh died in 1860 V.E. and was succeeded by Jagat Singh. It was under the orders of Jagat Singh that the *Jagat Vinod* was written. Padmakar also composed *Sawaijai Singh Birdawali,* another bardic poem in praise of Sawai Jai Singh of Jaipur.

He died in Cawnpore in 1890 V.E.

To understand the subject matter of this book, we shall give a short account of Himmat Bahadur. A Sanadh Brahman of Kul-Pahar died leaving two sons. His widow was too poor to support them and she therefore sold them to Rajendra Giri who consecrated them as his *Chelas* and called the elder Umarao Giri and the younger Anup Giri. Anup Giri was his favourite and received from him a soldier's training. After the death of his guru, Anup with a few companions went

over to Lucknow and accepted service as a trooper in the army of Shujauddaullah. His valour won the favour of his sovereign and he was granted the title of Himmat Bahadur. Himmat Bahadur was present with the Nawab at the battle of Buxar and for his gallant behaviour in saving the Nawab's life, received the parganas of Sikandra in Cawnporė and Bindki in Fatehpur as jagir under the name of *Rajdhan*. Himmat Bahadur was next deputed by Shujauddaullah to conquer Bundelkhand. Guman Singh was then Raja of Banda and None Arjun Singh the was commander-in-chief of his army. Arjun defeated Himmat Bahadur and drove him on the other side of the Jumna. Shortly afterwards the Bundela Chiefs were weakened by internal dissensions and Himmat Bahadur again found an apportunity of investing the country.

Ali Bahadur, who was sent by Nana Farnavis and was then in the army of the Sindhia, came over to his help and took possession of Banda which he and his family thenceforth ruled as Nawab. Himmat Bahadur with the help of Ali Bahadur and the Raja of Charkhari attacked Arjun Singh and a battle was fought in 1849 V.E. between Ajaigarh and Bangaon * in which Arjun Singh was killed. This battle, according to the Bundel khand Gazetteer was fought in 1799 A.D.

The following extract is taken from the excellent edition of the book by Lala Bhagwan Din, published by the Kashi Nagari Pracharini Sabha.

---

* Not Naugaon as the Bundelkhand Gazetteer says (p. 31)

हिम्मतबहादुरबिरदावली ।

पद्माकर कृत ।

बनगाँवका युद्ध ।

हरिगीतिका

करि खग्ग जग्गि उदग्ग अति
अरिवग्ग आए उमड़ि कै ।
गजघटन माहिं महाबली
घालत हथ्यारनि घुमड़ि कै ॥
पृथुरित्ति* नित्त सुवित्त दै
जग जित्ति कित्ति अनूप की ।
बर बरनिये बिरदावली
हिम्मतबहादुर भूप की ।

छन्द त्रिभंगी

तहँ दुहुँ दल उमड़े घन सम घुमड़े
झुकि झुकि झुमड़े जोर भरे ।
तकि तबल तमंके हिम्मत हंके
बीर बमंके रन उभरे ॥
बोलत रन करषा बाढ़त हरषा
बानन बरषा होन लगी ।
ललकारत सेलैं अरिगन ठेलैं
सोनन पेलैं रारि जगी ॥
बन्दीजन बुल्ले रोसन खुल्ले
डग डग डुल्ले कादर हैं ।

---

* He conquered the world like Prithu, by giving wealth.

धौंसाधुनि गज्जै दुहुँ दिसि बज्जै
सुनि धुनि लज्जै बादर हैं ॥
नोसान सुफहरैं इत उत छहरैं
पावक लहरैं सी लगतीं ।
छुवती नकि नाका मनहु सलाका
धुजा पताका नभ जगतीं ॥
काढ़ि कोटनवारे बीर हुँकारे
न्यारे न्यारे अभिर परे ।
किरवानन झारैं सुभट बिदारैं
नेकु न हारैं रोस भरे ॥
कानन लौं तानैं गहि कम्मानै
अरिन निसानैं सिर घालैं ।
सूधे अति पैठें, मुच्छन ऐंठैं
भुजन उमैठैं गहि ढालैं ॥
अनीन की मूकैं * घालि न चूकैं
दै दैं कूकैं कूदि परे ।
गहि गरदन पटकैं नेकु न भटकैं
झुकि झुकि झटकैं उमँगभरे ॥
रन करत अड़ंगी सुभट उमंगी
बैरिन बंगी करि झपटैं ।
सोसन की टक्कर लेत उटक्कर
घालत छक्कर लरि लपटैं ॥
तहँ हत्याहत्थी मत्थामत्थी
लत्थापत्थी मांचि रही ।
काटैं कर कटकट विकट सुभट भट
का सौं खटपट जात कही ॥
गहि कठिन कटारी पेलत न्यारी

* Side.

रुधिरपनारो बमकि बहैं ।
खंजर खिन खनकैं ठेलत ठनकैं
तन सनि सनकैं छिलगि रहैं ॥
गहि गहि पिसकब्जै मरमन गब्जैं *
तकि तकि नब्जैं काटत हैं ।
कम्मर ते छूरे काटत पूरे
रिपुतन रूरे छांटत हैं ॥
करि धक्का धक्की हक्का हक्की
ठक्का ठक्की मुदित मची ।
घनघोर घमंडी हारि उमंडी
किलकत चण्डी निरखि नची ॥
एकै गहि नाले करि मुख लाले
सुभट उताले घालत हैं ।
तोरत रिपुताले † आले आले
रुधिरपनाले चालत हैं ।
भारत असि जुरिजे बीरन उर जे
पुरजे पुरजे काटि करैं ।
हथियारन सूटैं नेकु न छूटैं
खलदलकूटैं लपटि लरैं ॥
तहँ ढुक्का ढुक्की मुक्का मुक्की
डुक्का डुक्की होन लगी ।
रन झक्का झक्की भिक्काभिक्की
फिक्का फिक्की जोर जगी ॥
काटत चिलता ‡ हैं हमि असि बाहैं
तिनहिं सराहैं बीर बड़े ।
टूटैं कटि भिलमैं रिपु रन बिलमैं ।
सोचत दिल में खड़े खड़े ॥

* Thrust. † Breastplate. ‡ Armour. (Persian).

ढालन की ढक्के लागत पक्के
हृत छत थक्के थरकात हैं ।
हुक हुकन टक्के बँधे झमक्के
तनिन तमक्के तरकात हैं ॥
ललकात फिर लपटे छत्तिन चपटे
करि भरि चपटे पेरत हैं ।
भट भुजन उखारत छिति पर डारत
हँसि हुड़कारत हेरत हैं ॥
ठोंकत भुजदण्डन उमड़ि उदंडन
प्रबल प्रचण्डन चाउ भरे ।
करि खलदलखण्डन बैरिबिहण्डन
मौज खण्डन सुजस करे ।
दस्ताने करि करि धीरज धरि धरि
जुद्ध उभरि भरि हंकत हैं ।
पैठत दुरदन * में रोपित रन में
नेकु न मन में संकत हैं ।
निकसी तहँ खग्गें उमड़ि उमग्गें
जगमग जग्गैं दुहुं दल में ।
भांतिन भांतिन की बहु जातिन की
अरिपाँतिन को करि कलमें ॥
तहँ काढ़ी मगरबी † अरिगन चरबी
चापट करबी सी काटैं ।
जगि जोर जुनब्बे फहरत फब्बें
सुण्डन गब्बें फरपाटैं ॥
बिज्जल सो चमकैं घाइन धमकैं
तीखन तमकैं बंदर को ।
† बंदरी सु खग्गें जगमग जग्गें
लपकत लग्गें नहिं बरको ॥

---

* बिरद ।

† A kind of sword.

सोहैं सुभ सुरती चलत न मुरती
रनमें फुरती बीरन कौं।
लोलम तलवारैं झुकि झुकि झारैं
तकि तकि मारैं धीरन को॥
गजकुम्भ बिदारैं सुलहरदारैं
लहरनि धारैं बिधि बिधि की।
लखि लालूवारैं रिपुगन हारैं
मोल बिचारैं नवनिधि की॥
तहं खूरोंसानी * जगकी जानी
चलैं सपानी चकचौंधैं।
* निव्वाजहुखानी दलनिधिखानी
बिज्ज समानी रन कौंधैं॥
असिवर नादोटैं चलत न लौटैं
मुण्डन मोटैं काटि करैं।
वर मानासाही † भटन हुवाही
झिलमनि वाहीं नहीं भरैं।
सुभ समर सिरोही जगमग जोही
निकसत सोही नागिन सी।
करकरी सुकही तीखन तही
हनि रिपुछही नहिं बिनसी॥
गंजत गज दुरदा सहित वगुरदा ‡
गालिब गुरदा देखिपरे।
तुरकान के तेगा तोरन तेगा
सकल सुदेगा रुधिर भरे।

---

* Differents kinds of swords.

† A special make manufactured in Sirohi after Rao Mansinha, Mansahi not Manasahi.

‡ A kind of weapon.

जग जगी जिहाजो मंजुल मांजी
सूरत साजी सोभि रहीं ।
दिपती दरियाई दोनों घाई
झटति चलाई अति उमहीं ॥
तहँसुयलेमानो * अवरन सानो
सहित निसानी चलन लगीं ।
सु जुनेदहुखानो * पूरित पानो
दिपति दिखानो जगाजगी ।
दोनो दिसि मिसरी लषत न बिसरो
मंजुल मिसरी * तरवारैं ।
तन तोरन रुपती गालिब गुपती *
झक झक झुपती झुकि झारैं ॥
हेरी जु हलब्बी † सुबहन गब्बी
‡ सीस हलब्बी सी चमकैं ।
तहँ करत झपट्टे वीर सुभट्टे
चहुं दिस पट्टे घम घमकैं ॥
घालत अति चांड़े गहि गहि गाड़े
रिपुसिर भांड़े से जु हरैं ।
करि करि चित चोपैं रन पग रोपैं
धरि धरि धोपैं धूम करैं ॥
जिनने अति भारे बख्तर फारे
दलनि दुधारे बहु निकसे ।
तहं सु बरदमानो * खड़ग † पिछानो
हर बरदानो हेरि हँसे ॥
चरबी जिन चाबी दबहिँ न दाबी
दिपति दुताबी * देखि परैं ।

* Kinds of swords.

† Glass of Aleppo.

छुरि छुरत कज्जना उत्तम जमा *
सबतें दूना काट करैं ॥
छोलन जे काचै रन में नाचैं
सुदम तमाचैं चोप धरैं ।
रंजित रनभूमी सुषड़ग रूमी †
रिपुसिर तूमी सी कतरैं ॥
असिवर अंगरेजैं * घलि घलि तेजैं
अरिगन भेजैं सुरपुर को ।
लखि फर्रकसाही † बौरन बाही
खल भजि जांही दुर दुर को ॥
रिपु झलम झकोरैं मुख नहिं मोरैं
बखतर तोरैं तकब्बरी † ।
इक एकन मारैं धरि ललकारैं
गहि तरवारैं अकब्बरी † ॥
इमि बहु तरवारैं काढ़ि अपारैं
सुचित बिचारैं नहिं आवैं ।
तिनके बहु खनकैं झिलमन झनकैं
ठनकत ठनकै तन तावैं ॥
‡ बकचकैं चलावैं दुहु दिसि धावैं
हयन कुदावैं फूल भरे ।
गजदन्त उपाटैं हौदा काटैं
बांधि सपाटैं अति उभरे ॥
हत्थिन सो हत्थौ मत्थामत्थौ
रारि अकत्थीकरन लगे ।
जब्बोरन घालैं सुबड़ उछालैं
बांधत फालैं फर उमगे ॥

* A small sword.
† Various skinds of swords.
‡ A small weapon.

गहि गहि हय झटकैं दिसि दिसि फटकैं
भू पर पटकैं नहिं लटकैं ।
पायन सों पीसैं अरिगन मीसैं
जमसे दीसैं नहिं भटकैं ॥
प्रति गजन उठेलैं दन्तनि ठेलैं
द्वै भट भेलैं जोर करैं ।
जुत्थन सों जूटैं नेकु न छूटैं ॥
फिर फिर छूटैं फेर लरैं ।
करि करि हमिटक्कर हटत न थक्कर
तन तकि तक्कर तोरत हैं ।
मारे रनगुच्छन भाले भुच्छन
तजं न सुच्छन मोरत हैं ॥
इमि कुञ्जर लपटैं दुहुँ दल दपटैं
झुकि झुकि झपटैं झूमत हैं ।
अरिपटल पटासे फारत खासे
सुघन घटासे घूमत हैं ॥
तहँ अर्जुन बका करि करि हंका
दुरद निसंका झूलत हैं ।
बैठो जु किलायें, मुच्छन तायें
रन छवि छाये फूलत हैं ॥
झारत हथियारन मारत वारन
तन तरवारन लगत हँसैं ।
पैरत भालन को सरजालन को
असि घालन को धमकि धसैं ॥
तहँ मची हकाहक भई जकाजक
छिनक थकाथक होइ रही ।
तब नृप अनूपगिरि सुभटसिन्धु तिरि
अर्जुन सों भिरि खड़ग गही ।

हय दाबि कँधैया सुमिरि कँधैय.
सुगज कँधैया पर पहुँचो ।
झारत तरवारैं तकि तकि मारैं
प्रबल पमारैं गहि कहुँचो ॥
पटक्यौ ग़जपर तें उमड़ि उभरतें
अरि सिर धरतें काटि लियो ।
रिपुखण्ड धरा को अरपत ताको
हरहिँ हरा को मुण्ड दियो ॥
लहि अर्जुनमत्या गिरिजानत्या
अमित अकत्था नचत भयो ।
डम डमरु बजावै बिरदनि गावै
भूत नचावैं छबिन छयो ॥
किल किलकत चण्डी लहि निज खण्डी
उमड़ि उमंडी हरषति है ।
सङ्ग लै वैतालनि दै दै तालनि ।
मज्जाजालनि करषति है ।
जुग्गिनि जमाती हिय हरषातीं
षट षट खाती मांसन कों ।
रुधिरन सों भरि भरि खप्पर धरि धरि
नचती करि करि हासन कौं ॥
बज्जत जय डंका गज्जत बङ्का
भज्जत लङ्का लों अरिगे ।
मन मानि अतंका करि सत सङ्का
सिन्धु सपङ्का तरि तरिगे ॥
नृप करि इमि रारनि लरि तरवारिन
मारि पमारनि फते लई ।
लूटे बहु हय गय देत खलनि भय
जगमें जय जय सुधुनि भई ॥

BOOK I

छप्पै

जय जय जय धुनि धन्य धन्य
गज्जिय छिति छज्जिय ।
फहरत सुजस निसान मान
जय दुन्दुभि बज्जिय ॥
सोभहिं सुभट सपूत आइ
तन घाइ अतुल्ले ।
बिमल बसन्तहि पाइ मनहुँ
लाल किंसुक फुल्ले ॥
तहँ पदमाकर कबि बरनि इमि
रनउमङ्ग सफजङ्ग किय ।
नृपमनि अनूपगिरि भूप जहँ
सुखसमूह सुफतूह लिय ॥

हरिगीतिका

सुभ सुखसमूह फतूह लिय
हिय मञ्जु मोदन सों भरै ।
काली कपाली निस दिना
नित नृपति की रक्षा करै ।
पृथुरित्त नित्त सुबित्त दै जग
जित्ति कित्ति अनूप की ।
वर बरनिये बिरदावली
हिम्मतबहादुर भूप की ॥

इति ।